RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 61
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 6 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



केएल राहुल को टेस्ट रैंकिंग में 18 पायदान का फायदा
स्पोर्ट्स-10

# पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक, 20 मिनट तक फंसे रहे

- फिरोजपुर के हुसैनीवाला जाते हुए किसानों ने रोका रास्ता तो रैली रद्द कर लौटे, केंद्र ने राज्य सरकार ने तलब की रिपोर्ट
- भाजपा अध्यक्ष नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कांग्रेस नेतृत्व पर साधा निशाना

**मोनिका मलिक।** चंडीगढ़

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी को पंजाब में प्रदर्शनकारी किसानों ने नेशनल हाइवे पर उस समय जाम लगाकर रोक दिया जब वह बठिंडा से फिरोजपुर जिले में हुसैनीवाला में रैली को संबोधित करने जा रहे थे। इससे राज्य में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। केंद्र ने इसे पीएम की सुरक्षा में बड़ी चूक करार दिया और कांग्रेस नीत पंजाब सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। विवादास्पद तीनों कृषि कानूनों को रद्द करने के बाद पीएम मोदी पहली बार पंजाब की यात्रा पर गए थे। किसानों के हंगामे के कारण प्रधानमंत्री को अपनी रैली रद्द करनी पड़ी। इसके अलावा राष्ट्रीय शहीद स्मारक, हुसैनीवाला में एक कार्यक्रम में शामिल हुए बिना पीएम मोदी का काफिला राजधानी दिल्ली लौट गया। घटना स्थल पाकिस्तान सीमा से सिर्फ दस किलोमीटर दूर है, जहां प्रधानमंत्री का काफिला हुसैनीवाला के पास पियारेना गांव में फ्लाईओवर पर 15 से 20 मिनट तक फंसा रहा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसे पीएम मोदी की सुरक्षा में गंभीर चूक बताया है और राज्य सरकार से एक रिपोर्ट मांगी है। इसमें पूछा गया है कि विरोध-प्रदर्शन के कारण पीएम का काफिला एक फ्लाईओवर पर 15 मिनट से अधिक समय तक कैसे फंसा रहा, जबकि उनके कार्यक्रम के बारे में राज्य पुलिस को विधिवत रूप से सूचित किया गया था। साथ ही मंत्रालय ने राज्य सरकार से इस चूक के लिए जिम्मेदारी तय करने और सख्त कार्रवाई करने को कहा है। गृह मंत्रालय ने बयान में कहा कि पीएम के कार्यक्रम और यात्रा योजना के बारे में पंजाब सरकार को पहले ही बता दिया गया था। प्रक्रिया के अनुसार उन्हें रसद, सुरक्षा के साथ-साथ आकस्मिक योजना तैयार रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था करनी होती है। इसके अलावा वैकल्पिक योजना के मद्देनजर पंजाब सरकार को सड़क मार्ग पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था करनी थी, जो स्पष्ट रूप से नहीं की गई थी।

पूरे घटनाक्रम से नाराज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तक ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला है। नड्डा ने कांग्रेस सरकार पर पंजाब में पीएम के कार्यक्रमों को हर संभव तरीके से नाकाम करने की कोशिश करने का आरोप लगाया, जबकि शाह ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान को भारत के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने करारी हार के डर से राज्य में प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों को विफल करने के लिए हर संभव कोशिश की। इन घटिया हरकतों से पंजाब की कांग्रेस सरकार ने दिखा दिया है कि वे विकास विरोधी हैं और स्वतंत्रता सेनानियों के लिए भी उनके मन में कोई सम्मान नहीं है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पंजाब में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमराने का आरोप लगाया और पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य के फिरोजपुर यात्रा मार्ग का सुरक्षा विवरण किसने लीक किया।

दूसरी ओर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य के दौरे के वक्त हुई सुरक्षा चूक के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से नाराजगी जताते हुए बुधवार को कहा कि उन्होंने घटिया बहाने बनाकर अपने पद का अपमान किया है। लालपुरा ने सड़क जाम करने वालों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे कभी सिख या किसान नहीं हो सकते। लालपुरा ने एक ट्वीट में कहा, मुख्यमंत्री को शर्म आनी चाहिए, जिन्होंने यह कहकर सड़क जाम को जायज ठहराने की कोशिश की कि जो मिलना चाहते हैं, वे रास्ता खोज लेते हैं। वह यह क्यों नहीं कहते कि हमने (कांग्रेस सरकार ने) नाकाबंदी की और भाजपा कार्यकर्ताओं को रोका। उन्होंने कहा, उस व्यक्ति पर धिक्कार है जिसने ऐसे घटिया बहाने देकर मुख्यमंत्री पद का अपमान किया है।



पंजाब के फिरोजपुर में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यात्रा मार्ग को घेरे खड़े प्रदर्शनकारी



प्रदर्शनकारियों के यात्रा मार्ग पर कब्जे के कारण फ्लाई ओवर फंसा प्रधानमंत्री का काफिला

### सुरक्षा में कोई चूक नहीं कुर्सियां खाली थीं तो लौटे पीएमः कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**सुरक्षा** में चूक को नकारते हुए कांग्रेस ने दावा किया कि रैली स्थल पर सीटें खाली थीं, इसलिए प्रधानमंत्री ने रैली को रद्द करने का फैसला किया। कांग्रेस महासचिव और मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सभी इंतजाम एसपीजी और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर किए गए थे। उन्होंने ट्विटर पर कहा कि प्रिय नड्डा जी, संयम और विवेक न खाएं। कृपया याद रखें कि पीएम की रैली के लिए 10,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। सभी व्यवस्था एसपीजी और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर की गई थी। किसी भी तरह से सुरक्षा चूक से इनकार करते हुए और घटनाक्रम पर खेद व्यक्त करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने इसके लिए अंतिम समय में योजना में बदलाव को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा (शेष पेज 9)

## खराब मौसम से दुर्घटनाग्रस्त हुआ था सीडीएस रावत का हेलीकॉप्टर

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जांच के निष्कर्षों से अवगत कराया गया, तकनीकी गड़बड़ी या साजिश से इनकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**कुन्नूर** के पास प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) बिपिन रावत को ले जाते समय वायु सेना के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में कोई तकनीकी गड़बड़ी या साजिश नहीं हुई थी। खराब मौसम के कारण कंट्रोल्ड फ्लाइट इनटू टेरेन (सीएफआईटी) की स्थिति को घटना का मुख्य वजह माना गया है। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हादसे में रावत और 13 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। सीएफआईटी से आशय ऐसी परिस्थिति से है जब दुर्घटना के समय विमान पर नियंत्रण तो रहता है लेकिन खराब मौसम या पायलट त्रुटि के कारण कोई विमान जमीन, पानी या अन्य अवरोधक से टकरा जाता है। दुर्घटना की त्रि-सेवा जांच का नेतृत्व करने वाले वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी और एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह ने बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जांच के निष्कर्षों से अवगत कराया। सूत्रों ने कहा कि जांचकर्ताओं ने रूस में निर्मित दो इंजन वाले एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के पीछे किसी तकनीकी गड़बड़ी या साजिश की आशंका से भी इनकार किया है। यह हादसा उस वक्त हुआ था जब आठ दिसंबर को सुलूर एयरबेस से वेलिंगटन के लिए हेलीकॉप्टर उड़ान भर रहा था। विशेषज्ञों के अनुसार, सीएफआईटी का मतलब ऐसी परिस्थिति से है जब खराब मौसम या पायलट त्रुटि के कारण किसी विमान को जमीन, पानी या अन्य इलाकों में उतारने का प्रयास किया जाता है। सीएफआईटी की घटना आम तौर पर खराब मौसम की स्थिति में या विमान के उतरते समय होती है। भारतीय (शेष पेज 9)

## देश में 60,000 केस, दिल्ली में एक दिन में दोगुने मरीज

- राजधानी में मंगलवार को जहां 5,466 मामले आए थे, बुधवार को मिले 10,671
- उप्र. में भी फूटा कोरोना बम, एक दिन में मरीजों में 205 प्रतिशत की वृद्धि
- मुंबई में महामारी शुरू होने से अब तक सबसे अधिक 15,166 नए मामले आए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई/लखनऊ

**दिल्ली,** महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में कोरोना मामलों में भारी उछाल आया है। देश में एक दिन में 58,097 नए कोरोना केस आए हैं। यह आंकड़ा 199 दिनों में सबसे अधिक है। इससे स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। इस समय देश में कुल मामले बढ़कर 3,50,18,358 हो गए हैं, जबकि सक्रिय मामले लगभग 81 दिनों के बाद 2 लाख से ऊपर दर्ज किए गए। दिल्ली और उत्तर प्रदेश में मंगलवार सुबह एक दिन में दोगुने मरीज दर्ज किए गए हैं।

दिल्ली में जहां मंगलवार को 5,466 मामले आए थे, वहीं बुधवार को ये बढ़कर 10,671 हो गए। एक दिन में इस वायरस से आठ लोगों की मौत भी हुई। इसी तरह, इसी अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश में मरीजों की संख्या 999 से बढ़कर 2,038 हो गई। मुंबई में बुधवार को कोविड-19 के 15,166 नए मामले सामने आए। जब से यह महामारी शुरू हुई, उसके बाद से ये अब तक के सबसे अधिक मरीज हैं। तीन लोगों ने वायरस से दम तोड़ दिया। शहर में ओमीक्रोन के 100 नए मामले भी दर्ज किए गए। दिल्ली में वर्तमान में 23,307 सक्रिय मामले हैं। स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी में अब तक ओमीक्रोन वैरिएंट के 464 मामले सामने आए हैं।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सय्येंद्र जैन ने कहा कि टेस्ट तेज कर दिया गया है। मंगलवार को करीब 90,000 टेस्ट किए गए। एक कोविड? वॉर रूम सक्रिय किया गया है जो बिस्तर पर रहने, मरीजों, ऑक्सीजन आदि के बारे में जिला और अस्पताल-वार डेटा बनाए (शेष पेज 9)



बेंगलुरू में बुधवार को कोरोना संक्रमण की जांच कराती एक युवती

### हल्के व बिना लक्षण वालों की क्वॉरंटीन अवधि घटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में दैनिक कोरोना वायरस मामलों की संख्या में तेज बढ़ोतरी के बीच केंद्र ने कोविड संक्रमित मरीजों के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसके तहत अब बिना लक्षण वाले रोगियों को जांच की आवश्यकता नहीं होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जांच में पॉजटिव आने के बाद क्वांरटीन अवधि में कटौती करते हुए हल्के और बिना लक्षण वाले मामलों में 7 से 10 दिनों की क्वांरटीन अवधि निर्धारित की है। दिशा-निर्देशों के अनुसार, जांच में पॉजटिव आए रोगी को घर में लगातार तीन दिन तक बुखार नहीं आने पर (शेष पेज 9)

## आईसीएमआर ने मोलनुपिरवीर को लेकर जताई सुरक्षा चिंता

- ओमीक्रोन के कारण कोविड मामले बढ़ने के कारण पिछले सप्ताह दी थी दवा को मंजूरी

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**ड्रग** कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) द्वारा कोविड रोगियों के लिए आपातकालीन स्थिति में प्रतिबंधित उपयोग के लिए एंटी-वायरल दवा मोलनुपिरवीर को हरी झंडी देने के कुछ दिन बाद, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के डीजी बलराम भार्गव ने बुधवार को कहा कि दवा को लेकर उत्परिवर्तनीयता, मांसपेशियों और हड्डियों की क्षति सहित कई सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं।

यह अवलोकन दो प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य एजेंसियों, डीसीजीआई और आईसीएमआर के बीच ऐसे समय में समन्वय पर सवालिया निशान खड़ा करता है जब देश बढ़ते कोविड-19 संक्रमण से जूझ रहा है। भार्गव ने कहा कि एंटीवायरल कोविड-19 गोली कोविड-19 राष्ट्रीय टास्क फोर्स के उपचार दिशानिर्देशों में शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि गर्भनिरोधक विधियों का इस्तेमाल तीन महीने तक किया जाना चाहिए, अगर दवा महिला को दी जाती है तो इससे बच्चे को समस्या हो सकती है।

उन्होंने यहां एक प्रेस वार्ता में कहा कि मोलनुपिरवीर में उत्परिवर्तनीयता, मांसपेशियों और हड्डियों की क्षति सहित प्रमुख सुरक्षा चिंताएं हैं। यदि यह दवा दी जाती है, तो तीन महीने तक गर्भनिरोधक का इस्तेमाल करना पड़ता है क्योंकि बच्चे को समस्या हो सकती है। डीसीजीआई ने पिछले हफ्ते मोलनुपिरवीर को आपातकालीन मंजूरी दे दी थी, क्योंकि देश में अत्यधिक संक्रामक ओमीक्रोन वैरिएंट के कारण कोविड-19 मामलों में तेजी आ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि भारत में 13 कंपनियां एंटीवायरल दवा बनाएगी।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,223 | ↑ 367 | |
| निफ्टी | 17,925 | ↑ 120 | |
| सोना | 46,969 | ↑ 154 | /10g |
| चांदी | 60,725 | ↑ 352 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### पाकुड़ में ट्रक और बस के बीच टक्कर, 16 की मौत

**पाकुड़।** झारखंड के पाकुड़ में बुधवार सुबह अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के पाड़ेरकोला गांव के पास एलपीजी गैस सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक की यात्री बस से टक्कर होने से 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 26 लोग घायल हो गए। जिला चिकित्साधिकारी रामदेव पासवान ने बताया कि दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। पाकुड़ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अजीत कुमार विमल ने बताया सुबह एलपीजी गैस सिलेंडर ले जा रहा एक ट्रक, सामने से आ रही एक यात्री बस से टकरा गया,जिसकी वजह से बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपायुक्त वरूण रंजन और पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन मौके पर पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना पर शोक व्यक्त किया है।

## सांसद शांतनु व चार विधायकों ने छोड़ा भाजपा का व्हाट्सएप ग्रुप

- पश्चिम बंगाल में भगवा पार्टी के सबसे बड़े मतुआ नेताओं में शामिल शांतनु ठाकुर ने की गुप्त बैठक

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**भारतीय** जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई में जारी अंदरूनी कलह के बीच पार्टी के सांसद और केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने चार अन्य विधायकों के साथ उत्तर 24 परगना के बोंगांव में मंगलवार को गुप्त बैठक की है। इससे पहले इन नेताओं ने पार्टी विधायकों का व्हाट्सएप ग्रुप भी छोड़ दिया। इससे ठाकुर समेत इन नेताओं के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार फिलहाल शंतनु ठाकुर के सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है।

सांसद शांतनु ठाकुर मतुआ समुदाय के सबसे बड़े नेताओं में शामिल हैं और वह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष से नाराज बताए जा रहे हैं। जिन भाजपा विधायकों ने व्हाट्सएप ग्रुप छोड़ा है, उनमें असीम सरकार (नादिया में हरिंघाटा विधायक), अंबिका रॉय (नादिया में कल्याणी विधायक), सुब्रत ठाकुर (गायघाटा, उत्तर 24-परगना में विधायक), मुकुट मणि अधिकारी (नादिया में राणाघाट दक्षिण विधायक) और अशोक कीर्तनिया (बोनगांव उत्तर विधायक उत्तर 24-परगना जिला) शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार संयोग से इस बार खड़गपुर से भाजपा के एक अन्य विधायक हिरन चटर्जी ने भी बुधवार को दिलीप घोष सहित नेतृत्व से नाराजगी व्यक्त करते हुए पार्टी का व्हाट्सएप ग्रुप (शेष पेज 9)

## जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में मुठभेड़, तीन आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने पुलवामा जिले के चांदगाम गांव में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया जो मुठभेड़ में बदल गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी), कश्मीर क्षेत्र, विजय कुमार ने कहा कि मारे गए आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से संबंधित थे और इसमें एक पाकिस्तानी नागरिक भी शामिल है। कुमार ने कहा, घटनास्थल से दो एम-4 कार्बाइन और एक एके सीरीज राइफल सहित आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए एक बड़ी सफलता है।

## बुली बाई ऐप मामले में तीन गिरफ्तार

- और लोगों के शामिल होने की आशंकाः मुंबई पुलिस प्रमुख नगराले

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई** के पुलिस आयुक्त हेमंत नगराले ने बुधवार को यहां कहा कि बुली बाई ऐप मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला, संबंधित ऐप पर नीलामी के लिए मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट किए जाने से जुड़ा है। यह कोई वास्तविक नीलामी या बिक्री नहीं थी। ऐप का उद्देश्य लक्षित महिलाओं को अपमानित करना और डराना था। इनमें से कई महिलाएं सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। नगराले ने संवाददाताओं से कहा कि मामले में कुछ और लोगों के शामिल होने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि ऐप का प्रचार करने वाले कुछ ट्विटर हैंडल ने सिखों से मिलते-जुलते नामों का इस्तेमाल क्यों किया। मुंबई के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने मामले के बारे में अन्य राज्यों के अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों पर भी नाराजगी व्यक्त की। पुलिस ने पहले कहा था कि मामले में बुधवार तड़के मयंक रावल (21) को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया गया। श्वेता सिंह (19) को भी मंगलवार को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया गया था, जबकि इंजीनियरिंग के छात्र विशाल कुमार झा (21) को सोमवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस मामले में कोई साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा, मामले में जांच जारी है और अगर कोई भी व्यक्ति अपराध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल पाया जाता है तो उसे गिरफ्तार किया जाएगा और उस पर मुकदमा चलाया जाएगा। नगराले ने कहा, चूंकि जांच की प्रकृति संवेदनशील है, इसलिए हम अधिक विवरण साझा नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि जांच ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ी है, इसलिए विवरण साझा करने से जांच में बाधा आ सकती है। उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस की साइबर शाखा मामले की जड़ तक जाएगी।

नगराले ने महाराष्ट्र के बाहर के अधिकारियों द्वारा मामले पर टिप्पणी किए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, कुछ स्थानीय अधिकारियों ने अपना नजरिया जाहिर किया है। मुझे लगता है कि इसकी आवश्यकता नहीं थी। उन्हें मामले की विस्तृत जानकारी नहीं थी। आम तौर पर, हम दूसरे राज्यों के मामलों के बारे में नहीं बोलते हैं। उन्होंने कहा, अगर आपके पास उचित जानकारी नहीं है, तो आपको इस (मामले) पर बयान जारी नहीं करना चाहिए। पुलिस आयुक्त ने कहा कि आरोपियों ने बुली बाई नाम से एक वेब-आधारित ऐप बनाया और एक विशेष समुदाय की महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट कीं, जो उनकी भावनाओं को आहत कर सकती हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या ऐप को बढ़ावा देने वाले सोशल मीडिया हैंडल द्वारा सिख नामों का इस्तेमाल किया गया था, नगराले ने कहा कि ऐसा लगता है कि ऐसा प्रयास किया गया था। इनमें से कुछ हैंडल में खालसा सुप्रीमिस्ट, जतिंदर सिंह भुल्लर, हरपाल, सेज जैसे नाम थे। पुलिस आयुक्त ने कहा, हैंडल की स्थिति (ऐप (शेष पेज 9)



# घबराए मत, लॉकडाउन नहीं लगेगा

## निर्माण कार्यों पर नहीं होगी रोक, प्रतिबंधों का सभी करें पालन : जैन


फाइल फोटो

● डेल्टा वेरिएंट के मुकाबले ओमीक्रोन ज्यादा माइल्ड और कम घातक है : मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नया साल शुरू होते ही कोविड-19 के मामलों में अचानक संख्या में बड़ा उछाल आया है। पिछले 24 घंटे के भीतर कोरोना वायरस के 10,665 नए मरीज मिले हैं। इसके चलते राज्य में अब संक्रमण दर 11.88 फीसदी पर पहुंच गई है। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए डीडीएमए ने सप्ताहंत शनिवार और रविवार को दिन में भी कर्फ्यू का ऐलान किया है।

साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली में फिलहाल लॉकडाउन नहीं लगेगा। निर्माण कार्य जारी रहेगा, मजदूरों को घबराने की कोई जरुरत नहीं, सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर लागू किए गए हैं कुछ प्रतिबंध, सभी लोग इसका पालन करें।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बुधवार संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए दिल्ली सरकार ने सभी निजी अस्पताल को आदेश दिया है कि वो अपने वार्ड के 40 फीसद बेड कोविड मरीजों के लिए आरक्षित रखें, ज्यादा से ज्यादा होम आइसोलेशन में रहें, बहुत जरूरी होने पर ही अस्पताल जाएं। सभी मरीजों की जीनोम सिक्वेंसिंग की कोई जरुरत नहीं। अब ज्यादातर मामले ओमीक्रोन के ही आ रहे हैं। अब तक यही पाया गया है कि डेल्टा वेरिएंट के मुकाबले ओमीक्रोन वेरिएंट ज्यादा माइल्ड और कम घातक है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि विदेशों से दिल्ली आने वाले लोग इस वेरिएंट से सबसे ज्यादा संक्रमित पाए जा रहे हैं। फिलहाल किसी भी मरीज को ऑक्सीजन लगाने की जरूरत नहीं पड़ी है। ज्यादातर मरीजों में मामूली लक्षण ही मिले हैं। हालातों पर स्वास्थ्य विभाग की पैनी नजर हैं। दिल्ली में कोरोना की यह 5वीं लहर है और देश में तीसरी है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। बेड भरी मात्रा में उपलब्ध है। कोरोना की पिछली लहर में इतने मामले आने पर 15 फीसद बेड्स भरे थे जो कि इस बार मात्र 3 फीसद के आसपास है। होम आइसोलेशन के बारे में मरीजों को जानकारी प्रदान कर रही है। कल जिन 418 मरीजों को बेड दिए गए थे, उनमें से 308 को किसी मेडिकल सपोर्ट की जरूरत नहीं पड़ी।

### ब्लू और येलो लाइन पर 15 मिनट के अंतराल चलेगी मेट्रो

**नई दिल्ली।** दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नये आदेश को लेकर शनिवार एवं रविवार राष्ट्रीय राजधानी में कर्फ्यू लगाया जाएगा। इसके चलते दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने मेट्रो सेवा के समय में बदलाव किया है। डीएमआरसी ने यात्रियों से यह अपील की है कि बहुत जरूरी होने पर ही मेट्रो से सफर करें क्योंकि यात्रियों की सीमित संख्या के चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

डीएमआरसी के मुख्य प्रवक्ता अनुज दयाल के अनुसार, डीडीएमए की नई गाइडलाइंस के तहत वीकेंड पर कर्फ्यू लगाया जाएगा। संक्रमण की रफ्तार को रोकने के लिए आठ और नौ जनवरी को कर्फ्यू रहेगा। इस दौरान मेट्रो सेवाओं की फ्रीक्वेंसी में भी बदलाव किए जाएंगे।

# वीकएंड कर्फ्यू में कुछ लोगों को मिलेगी आवागमन में छूट

## *अनिवार्य और आपात सेवाओं में शामिल कर्मचारियों को नहीं होगी मुश्किल*

● इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के कर्मियों व छात्रों को परीक्षा में बैठने के लिए वैध पहचान और प्रवेश पत्र दिखाने पर रियायत दी जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर दिल्ली में शुक्रवार रात 10 बजे से सोमवार सुबह पांच बजे तक लगाए गए सप्ताहांत कर्फ्यू के दौरान छूट वाले लोगों की सूची सरकार ने जारी की है। इसमें अनिवार्य व आपा सेवाओं में शामिल लोगों को रियायत दी गई है।

रात्रिकालीन कर्फ्यू और सप्ताहांत कर्फ्यू के दौरान आवाजाही की दिल्ली सरकार द्वारा जारी छूट सूची में अनिवार्य और आपात सेवाओं में शामिल अधिकारियों को वैध पहचान पत्र दिखाने पर जा सकते हैं। इसके अलावा भारत सरकार, उसके स्वायत्त और अधीनस्थ कार्यालयों और सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारियों को वैध पहचान पत्र मुहैया कराने पर आवाजाही की अनुमति रहेगी।

वहीं दिल्ली की सभी अदालतों के न्यायाधीशों और सभी न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, वकीलों, कानूनी परामर्शदाताओं और मामले की सुनवाई से जुड़े लोगों, विभिन्न देशों के राजनयिक कार्यालयों के अधिकारियों और संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को वैध पहचान पत्र, सेवा पहचान पत्र, फोटो प्रवेश पास और अनुमति पत्र के साथ आवाजाही की अनुमति रहेगी।

चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मी, परा चिकित्सक और अस्पताल की अन्य सेवाओं के कर्मियों को वैध पहचान पत्र दिखाने पर आने जाने की अनुमति रहेगी। गर्भवती महिलाओं और इलाज करा रहे मरीजों तथा उनके परिचायक को वैध पहचान पत्र और चिकित्सक का पर्चा दिखाने पर आवाजाही की अनुमति दी जाएगी।

इसके अलावा कोविड-19 जांच या टीके की खुराक लेने जा रहे लोगों को वैध पहचान पत्र मुहैया कराने पर छूट मिलेगी। हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, अंतर-राज्य बस टर्मिनल से आने-जाने वाले लोगों को वैध टिकट पर यात्रा की अनुमति दी जाएगी।

इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के कर्मियों, उम्मीदवारों या छात्रों को परीक्षा में बैठने के लिए वैध पहचान व प्रवेश दिखाने पर रियायत दी जाएगी। परीक्षा ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को वैध पहचान पत्र या परीक्षा आदेश दिखाने पर आवाजाही की अनुमति होगी।

विवाह के कार्ड की सॉफ्ट या हार्ड कॉपी दिखाने पर कुल 20 लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की मंजूरी मिलेगी।

### कोरोना वायरस संबंधी पाबंदियों की वजह से पुस्तक मेला स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों की वजह से सार्वजनिक कार्यक्रमों पर रोक के कारण आठ से 16 जनवरी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित होने वाले नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले को बुधवार को स्थगित कर दिया गया।

एनबीटी ने बुधवार को बताया कि प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले पुस्तक मेले को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के दिशा-निर्देशों और विभिन्न हित धारकों के आग्रह के मद्देनजर स्थगित किया गया है।


एनबीटी ने बताया कि प्रगति मैदान के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में मेले का आयोजन इस साल आठ से 16 जनवरी के बीच किया जाना था।

# राजधानी में एक लाख मतदाता बढ़े

## मतदाता सूची का विशेष सारांश संशोधन 1 जनवरी को हुआ पूरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पिछले



एक साल में मतदाताओं की संख्या में एक लाख से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। नए मतदाता सूची में पुरूषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है और इसके साथ 84 ट्रांस जेंडरों को भी सूची में शामिल किया गया है। यह जानकारी दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने बुधवार को दी।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अंतिम तिथि के रूप में 01.01.2022 के साथ मतदाता सूची का विशेष सारांश संशोधन बुधवार को मतदाता सूची प्रकाशित होने के साथ पूरा हो गया है।

डॉ. रणबीर सिंह ने आगे कहा कि इस अवधि के दौरान, जनवरी 2021 में प्रकाशित पिछले रोल की तुलना में जनवरी 2022 में 50,562 पुरुष, 52,964 महिला और 84 ट्रांस जेंडर मतदाताओं सहित 1,03,610 मतदाताओं की उल्लेखनीय वृद्धि हुई । पांच जनवरी को जारी अंतिम मतदाता सूची में मतदाताओं की कुल संख्या 1,48,99,159 है, जिसमें 81,38,593 पुरुष, 67,59,534 महिला और 1,032 तीसरे जेंडर मतदाता हैं।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह के अनुसार, अंतिम मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाताओं का लिंग अनुपात बढ़कर 831 हो गया है, जो सभी के लिए समावेशिता और अधिक निष्पक्ष अवसरों की दिशा में प्रगति का प्रदर्शन करता है।

तीसरे जेंडर के मतदाताओं की संख्या में वृद्धि, मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय द्वारा अधिक से अधिक मतदाताओं को नामांकित करने की प्रक्रिया का समर्थन करने और मतदाता सूची में उनके कम प्रतिनिधित्व के मुद्दे को संबोधित करने के लिए किए गए गहन प्रयासों के लाभों को भी प्रदर्शित करती है।

डॉ. रणबीर सिंह ने आगे बताया कि जनता की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों की संख्या 13789 से बढ़कर 13820 हो गई है द्य जिससे मतदाताओं को मतदान केंद्रो में सुगमता से वोट डाल सकेंगे।


फाइल फोटो

### नए नामांकन प्राप्त करना था लक्ष्य

विशेष सारांश संशोधन - 2022 का प्राथमिक लक्ष्य नए नामांकन प्राप्त करना था, अर्थात वे जो योग्यता तिथि अर्थात 01.01.2022 के अनुसार 18 या 18 से अधिक आयु के हो चुके थे और मतदाताओं के विवरण में सुधार के अवसर प्रदान करना, साथ ही मतदाता सूची में किसी भी तरह के गलत समावेश के लिए आपत्तियां आमंत्रित करना था । दिल्ली में महीने भर चलने वाले मतदाता उत्सव के दौरान, सीईओ ने दिल्ली के सभी निवासियों को डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने की सलाह दी, जो वोटर हेल्पलाइन ऐप की तरह तेज और अधिक प्रभावी हैं, जो मोबाइल फोन का उपयोग करके विभिन्न चुनावी सेवाओं तक पहुंच की अनुमति देता है और ईसीआई के पीडब्ल्यूडी मोबाइल ऐप को डिजिटल रूप से सक्षम बनाता है। दिव्यांग नागरिकों ने अपने घरों में आराम से इस सुविधा का लाभ उठाया।

# सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की छुट्टियां सरकार ने की रद्द

● कोविड-19 के बढ़ते केस के कारण लिया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर अपने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों आदि की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और उनसे अपनी तैनाती की जगह नहीं छोड़ने का आदेश दिया है।

डीडीएमए ने मंगलवार को कहा था कि अनुमान है कि महामारी की इस लहर को नियंत्रित करने में शहर में मानव संसाधन की बहुत ज्यादा जरुरत होगी। आदेश के अनुसार, सक्षम प्राधिकार मेडिकल अवकाश के अलावा दिल्ली सरकार के सभी विभागों, कार्यालयों के अधिकारियों कर्मचारियों को दी गई सभी छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द करता है। आदेश में कहा गया है कि मेडिकल के अलावा अन्य किसी भी कारण से अधिकारियों कर्मचारियों को छुट्टियां नहीं दी जाएंगी और ना ही उन्हें अपनी तैनाती की जगह छोड़ने की अनुमति दी जाएगी।

### ममता बनर्जी ने की केजरीवाल के जल्द स्वस्थ होने की कामना

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दिल्ली में अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। केजरीवाल कोविड-19 से संक्रमित हैं।

केजरीवाल ने मंगलवार को ट्विटर पर कहा कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं और उन्हें हल्के लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि वह घर में पृथकवास में हैं। उन्होंने पिछले कुछ दिनों में उनके संपर्क में आने वालों से कोरोना वायरस संक्रमण की जांच कराने तथा खुद को पृथक वास में रखने का आग्रह किया।

# ट्रॉमा सेंटर को कोविड केंद्र में नहीं बदलें : आरडीए

## डॉक्टरों की संस्था ने एम्स निदेशक से कहा- ट्रॉमा सेंटर की सेवाओं को नजरअंदाज न करें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने संस्थान के निदेशक से एम्स ट्रॉमा सेंटर को कोविड देखभाल केंद्र में परिवर्तित नहीं करने का आग्रह किया है। आरडीए ने कहा है कि ट्रॉमा सेवाओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ट्रॉमा के अधिकतर मरीज कम उम्र के हैं जो अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले हैं।

आरडीए ने अपने पत्र में कहा है कि सर्जिकल ब्लॉक, एमसीएच ब्लॉक, गेरिऐट्रिक ब्लॉक, बर्न प्लास्टिक ब्लॉक जैसे खंड में कोरोना वायरस मरीजों को सेवाएं प्रदान करने पर विचार किया जाना चाहिए।

ट्रॉमा से जुड़ी सभी सेवाओं को 28 मार्च 2020 को एम्स के मुख्य परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया था और संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जय प्रकाश नारायण एपेक्स (जेपीएनए) ट्रॉमा सेंटर को निर्दिष्ट कोविड देखभाल सुविधा केंद्र में बदल दिया गया था। आरडीए ने कहा कि वह आभारी है कि एक महीने पहले ट्रॉमा सेवाओं को वापस जेपीएनएटीसी में स्थानांतरित कर दिया गया। आरडीए ने कहा कि कोविड से पहले की तरह ट्रॉमा सेवाओं को बहाल करने में एक महीने का समय लगा। अब कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं लेकिन जैसा कि हमने महामारी की पिछली दो लहरों में देखा है आघात के मामले भी कम नहीं हो रहे हैं।

आरडीए ने चार जनवरी को एक पत्र में कहा कि जेपीएनए ट्रॉमा सेंटर को कोविड-19 सेंटर में बदलने से ट्रॉमा के मरीजों को बहुत दिक्कतें हो सकती हैं। आघात के शिकार अधिकतर युवा हैं जो अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हर विधानसभा में एक सरकारी दवा केंद्र स्थापित करे सरकार : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उनका ध्यान गत वर्ष तेज कोविडकाल के दौरान हुई दवाइयों एवं आक्सीजन की कालाबाजारी की ओर आकृष्ट कर मांग की है की दिल्ली सरकार वर्तमान ओमीक्रोन कोविडकाल में संभव आपातकालीन स्थिति को ध्यान में रख व्यवस्था करे। पत्र में कहा गया है की गत वर्ष कोविडकाल में दवाएं 10 से 20 गुणा तो आक्सीजन सिलेंडर 100 गुणा ब्लैक में बिके और लोगों की मुसीबत को बढ़ाया। वर्तमान ओमीक्रोन कोविड को अभी हल्का माना जा रहा है पर एक वायरस म्यूटेशन होते ही कल अचानक गंभीर परिस्थिती भी बन सकती है अत: दिल्ली सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक सरकारी दवा केन्द्र स्थापित करे जहां से लोग आपातकालीन स्थिति में उचित दाम पर दवा पा सकें।

### 'सॉल्वर' गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ऑनलाइन परीक्षा 'हैकिंग/सॉल्विंग' गिरोह का भंडाफोड़ कर इस सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से एक राज तेवतिया की गिरफ्तारी पर हरियाणा में एक लाख रुपये का इनाम है और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह विभिन्न परीक्षा पोर्टलों तक पहुंच बनाने के लिए रूसी हैकरों का भी इस्तेमाल करता था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी 'रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर' डाउनलोड करते थे, जो सुरक्षा उपायों और प्रॉक्टर की पकड़ में नहीं आ पाता था। उन्होंने कहा कि कुल 15 लैपटॉप और नौ मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### ई-निविदा में भाग ले सकते हैं पंजीकृत ठेकेदार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी निगम ने सी.पी.डब्ल्यू.डी, राज्य पी.डब्ल्यू.डी और शहरी स्थानीय निकाय के पंजीकृत ठेकेदारों को निगम के साथ पंजीकृत होने की अनुमति प्रदान की है। अब सी.पी.डब्ल्यू.डी, राज्य पी.डब्ल्यू.डी और शहरी स्थानीय निकाय के पंजीकृत ठेकेदार दक्षिणी निगम की ई-निविदा प्रक्रिया में स्वयं को पंजीकृत कराते हुए भाग ले सकते हैं। बाहरी ठेकेदारों को ई-निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिये ई-निविदा वेबसाइट www.etenders.gov.in पर पंजीकरण कराना होगा। वर्तमान में दक्षिणी निगम केवल उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वी निगम विभिन्न श्रेणियों के तहत पंजीकृत ठेकेदारों को ई-निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति देता है। ई-निविदा प्रक्रिया में बेहतर व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और उच्च गुणवत्ता मानकों को प्राप्त करने के लिए, सीपीडब्ल्यूडी, राज्य पीडब्ल्यूडी और शहरी स्थानीय निकायों के साथ पंजीकृत ठेकेदारों को भी पंजीकृत होने की अनुमति दी गयी है।

# सफाई के नाम पर एमसीडी में 12 हजार का घोटाला : कांग्रेस

## भाजपा शासित तीनों नगर निगमों में बदतर हुई सफाई व्यवस्था : चौ. अनिल कुमार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के



अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली में 15 वर्षों से भाजपा शासित तीनो निगमों ने सफाई व्यवस्था के नाम पर पिछले 5 वर्षों में लगभग 12 हजार करोड़ रुपये पानी की तरह पैसा बहाकर भ्रष्टाचार किया है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान चलाए जाने के बावजूद तीनो निगमों में भ्रष्टाचार के चलते 21 शहरों के स्वच्छता सर्वे में राजधानी सबसे निचले पायदान पर है। 15 वर्षों से निगमों में शासित भाजपा द्वारा व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण दिल्ली चौतरफा बदहाल हो गई है। जिस पैसे को साफ सफाई पर खर्च करना था वो भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गया क्योंकि दिल्ली में हर जगह कूड़े और गंदगी का अंबार हैं।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि 2016 से 2021 तक पांच वर्षों में सफाई व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए दक्षिणी दिल्ली नगर निगम द्वारा 6284.66 करोड़, उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा 4998.10 करोड़ और पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा 476.62 करोड़ खर्च करने के बाद भी दिल्ली में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। भाजपा के शासन में विधवाओं, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन भी भ्रष्टाचार के कारण वर्षों से रोकी हुई है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी निगमों की है परंतु राजधानी में सफाई व्यवस्था की बदहाल स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि सड़कों, गलियों, चौराहों पर जगह-जगह गंदगी व कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी में अस्पतालों में काम करने वाले जिन डाक्टरों, नर्सो, पेरामेडिकल स्टॉफ सहित सफाई कर्मचारियों को कोरोना यौद्धा कह के ताली-थाली बजवाकर सम्मान करने वाली भाजपा के शासन में इन्हीं कोरोना यौद्धा को वेतन नहीं मिलने के कारण हड़ताल पर जाना पड़ा, क्योंकि निगमों में भ्रष्टाचार के चलते इनका वेतन नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के भ्रष्ट प्रशासन की सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि पिछले कई वर्षों से कर्मचारियों के वेतन के बजट में ही कटौती कर दी गई। उन्होंने कहा कि अधिक गंदगी के चलते पूर्वी दिल्ली निगम का बजट लगातार 5 वर्षों तक बढ़ाये जाने के बाद भी यमुना पार सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं आया है। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि पिछले दिल्ली नगर निगमों 15 वर्षों में शासित भाजपा की विफलताओं के चलते दिल्ली के तीनों निगम स्वच्छता रैंकिंग में सबसे निचले पायदान पर है।

# सरकार से मिले 221.56 करोड़ में सिर्फ 141.45 करोड़ ही खर्च

● आप प्रवक्ता ने निगम पर उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा शासित एमसीडी दिल्ली सरकार द्वारा 221.56 करोड़ रुपए मिलने के बावजूद मात्र 141.45 करोड़ ही खर्च कर पाई। यह आरोप आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने लगाते हुए कहा कि फंड न मिलने का रोना रोने वाली एमसीडी की सारी कार्रवाई सिर्फ कागजों पर हो रही है।

आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और ग्रेटर कैलाश से विधायक सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि हमने कहा था कि हम आपको दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आने वाली सभी जिम्मेदारियों से अवगत कराएंगे। दिल्ली के प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं व जन स्वास्थ्य सेवा नगर निगम के आधीन आता है। इसमें डिस्पेंसरी से लेकर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की रोकथाम भी शामिल है। पिछले दो महीनों में हमने देखा कि दिल्ली में डेंगू काफी फैला। जिसके चलते दिल्ली हाई कोर्ट ने बार-बार एमसीडी की खिचाई की और डेंगू लेकर कड़ा रुख अपनाया।

# व्यापारी सम-विषम नियम व वीकेंड कर्फ्यू से नाखुश

## *महीने में केवल 8-10 दिन कारोबार होने से खर्चा निकालना मुश्किल : बवेजा*

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के कारोबारी सम-विषम व्यवस्था के आधार पर दुकानें खोलने के नियम के साथ वीकेंड कर्फ्यू लागू किए जाने संबंधी दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के फैसले से नाखुश हैं। उनका कहना है कि इन नियमों से उनका कारोबार सीमित होकर सप्ताह में दो दिनों के लिए ही रह जाएगा। ऐसे में उनके लिए दुकान का किराया, कर्मचारियों का वेतन और कारोबार से जुड़े अन्य खर्च निकालना मुश्किल हो जाएगा।

सदर बाजार मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष देवराज बवेजा ने बताया कि अगर सप्ताहांत कर्फ्यू आवश्यक है तो डीडीएमए को कम से कम सप्ताह के बाकी दिन सभी दुकानों को खोले जाने की अनुमति देनी चाहिए थी। कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने मंगलवार को शहर में सप्ताहांत कर्फ्यू की घोषणा की थी। यह आदेश शहर भर के व्यापारियों और दुकानदारों को परेशानी में डालने वाला कदम है। बवेजा ने मीडिया से बातचीत में कहा सप्ताहांत कर्फ्यू के साथ बाजारों में सम-विषम नियम के चलते सप्ताह में केवल दो या तीन दिन दुकानें खुल सकेंगी अथवा महीने में 10-12 दिन ही व्यापार संभव हो पाएगा जोकि बेहद कम है।

पालिका बाजार शॉपकीपर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बलजीत सिंह कोहली ने कहा कि अधिक दिक्कतों का सामना सबसे पहले व्यापारियों को ही करना पड़ता है, फिर चाहे लॉकडाउन हो, सप्ताहांत कर्फ्यू या सम-विषम का नियम हो। वह पहले से ही नुकसान में हैं और सप्ताहांत कर्फ्यू के साथ सम-विषम व्यवस्था के आधार पर दुकानें खोलने का नियम उनके कारोबार को बर्बाद कर देगा। वह कम दिन कमाई कर सकेंगे लेकिन उन्हें कर्मचारियों को पूरे महीने का वेतन, दुकान का किराया और अन्य खर्च वहन करने पड़ेंगे। यह व्यापारियों के लिए बेहद मुश्किल भरा साबित होने जा रहा है।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश, चार डिग्री तक गिरेगा पारा

## पश्चिमी विक्षोभ के असर से क्षेत्र में बदला मौसम का मिजाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पहाड़ों पर बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते दिल्ली एनसीआर में एक बार फिर करवट लिया है। बुधवार सुबह से जारी बारिश के चलते मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है। जिसके चलते कंपकंपी बढ़ गई है।



भारतीय मौसम विभाग ने दिल्ली एनसीआर के इलाकों में रविवार तक ऐसा ही मौसम रहेगा। दिन में आसमान में बादल जाएंगे और तकरीबन रोजाना ही हल्की बारिश होने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में अगले तीन-चार दिनों में बदलाव देखने को मिलेगा। बादल छाए रहने के बीच हल्की फुहार पड़ने से दिन के तापमान में 4 डिग्री तक गिरावट होने की संभावना है, वहीं न्यूनतम तापमान में इजाफा होगा।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, उत्तरी हिस्से में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव देखने को मिल रहा है। इसके चलते बुधवार को बादल छाए रहे। आईएमडी ने शनिवार के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार से दिन में कंपकंपी वाली सर्दी का एहसास होने लगेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 17 से 18 डिग्री पर सिमट सकता है। दिन में बारिश होने और बादल छाए रहने से ठंड बढ़ेगी, लेकिन न्यूनतम तापमान आठ से 10 डिग्री के लगभग रहेगा, इसलिए सुबह शाम की ठिठुरन से थोड़ी राहत महसूस हो सकती है। इससे पहले मंगलवार को अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से चार डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 8.5 डिग्री रहा। हवा में नमी का स्तर 41 से 95 प्रतिशत दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में न्यूनतम तथा अधिकतम तापमान में अंतर कम होने से ठिठुरन बढ़ेगी। वहीं बूंदाबांदी से आलू की फसल को नुकसान पहुंचाने की संभावना जताई जा रही है।

### चेकिंग देखकर भागने लगा बाइक सवार, धरा गया तो निकला चोर

**नई दिल्ली।** शाहदरा पुलिस टीम ने आनंद विहार इलाके के सीबीडी ग्राउंड के पास बैरिकेड लगाकर वाहनों की जांच कर रही थी। तभी एक बाइक सवार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो भागने की कोशिश करने लगा।

जांच टीम ने पीछा कर पकड़ा तो वह झपटमारी, और लूट की वारदात में शामिल एक बदमाश निकला। गिरफ्तार बदमाश के पास से तीन अलग-अलग इलाके से चुरायी गयी बाइक और स्कूटी बरामद की गई है। डीसीपीआर साथिया सुंदरम ने बताया कि आरोपी की पहचान झिलमिल कॉलोनी निवासी रितिक के रूप में हुई है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 6 जनवरी, 2022



# बायोमेडिकल वेस्ट व कोरोना संक्रमित डैड बॉडी उठाने को संपर्क नंबर जारी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

## कोरोना से बचाव उपायों एवं तैयारियों को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**कोरोना** महामारी के प्रसार के दृष्टिगत इससे बचाव उपायों एवं तैयारियों को लेकर नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा की अध्यक्षता में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे होम आईसोलेशन में कोरोना संक्रमितों के घरों से बायोमेडिकल वेस्ट उठाते समय ही आसपास के क्षेत्र को सैनीटाईज करना सुनिश्चित करें। बायोमेडिकल वेस्ट उठाने के लिए 8 विशेष गाड़ियों की व्यवस्था करने के निर्देश भी निगमायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

फिलहाल चार गाड़ियां जोन अनुसार होम आईसोलेशन कोरोना संक्रमितों के घरों से बायोमेडिकल वेस्ट उठा रही हैं, जिनकी संख्या बढ़ाकर 8 की जाएगी। इसके साथ ही कोरोना संक्रमित शवों को शमशान घाट या कब्रिस्तान तक ले जाने के लिए दो शव वाहन की व्यवस्था रहेगी। शवों का अंतिम संस्कार करने के लिए टीमों का गठन किया जाएगा।



गुरुग्राम स्थित अपने कार्यालय में कोरोना से बचाव व अन्य तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते निगमायुक्त डॉ. मुकेश कुमार आहुजा।

## नोडल अधिकारी किए नियुक्त

**बैठक** में निगमायुक्त द्वारा होम आईसोलेशन में कोरोना संक्रमितों के घरों से बायोमेडिकल वेस्ट उठान के लिए वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बायोमेडिकल वेस्ट उठाने के लिए उनके मोबाइल नंबर-9821395131 पर संपर्क करें। इस कार्य के लिए 8 गाड़ियों की व्यवस्था करने के निगमायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा कोरोना संक्रमित शवों को ले जाने के लिए सफाई अधिकारी विजेन्द्र शर्मा को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। शव वाहन के लिए मोबाइल नंबर-9599316882 पर संपर्क किया जा सकता है।

## कान्टेक्ट ट्रेसिंग में पुलिस को भेजें डाटा

**नगर** निगम द्वारा कान्टेक्ट ट्रेसिंग के लिए पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था की गई है, जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने कहा कि सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्राप्त डाटा के आधार पर संबंधित को कॉल की जाए। अगर कोई व्यक्ति दो बार कॉल करने पर भी कॉल नहीं उठाता है, तो वह डाटा पुलिस विभाग को ट्रांसफर कर दें। उन्होंने कहा कि दिन में दो बार अनट्रेसेबल डाटा पुलिस विभाग के पास भेजें, ताकि जल्द से जल्द ट्रेसिंग की जा सके।

बैठक में नगर निगम गुरुग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा, सिविल सर्जन डा. विरेन्द्र यादव, डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव, डा.एमपी सिंह, सफाई अधिकारी विजेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक, सलाहकार चाहत सांघवी सहित स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# कोरोना को न्योता दे रहे हैं कोविड से सुरक्षा कवच लेने पहुंच रहे लोग

## वैक्सीनेशन के दौरान भीड़ का आलम देख होती है हैरानी

## भीड़ में लोग स्टाफ के साथ भी करते हैं झगड़ा

## नागरिक अस्पताल में भीड़ नियंत्रित करने को नहीं हैं सुरक्षाकर्मी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में कैदी वार्ड के बाहर वैक्सीनेशन का जमा भीड़। नागरिक अस्पताल में वैक्सीनेशन को पहुंची भीड़।

**कोरोना** से सुरक्षा पाने को सुरक्षा यानी वैक्सीन लगवाने के लिए लोग किस तरह से कोरोना को न्यौता दे रहे हैं, यह देखना है तो चले जाईये किसी भी वैक्सीनेशन सेंटर। वहां कार्यरत स्टाफ के बार-बार सामाजिक दूरी के निर्देशों को लोग दरकिनार करके एक-दूसरे से सटकर खड़े व बैठे रहते हैं। अगर उन्हें कुछ कहा जाता है तो वे मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में वैक्सीनेशन के लिए आ रहे लोग कोरोना से बचाव के नियम कायदों को ताक पर रख रहे हैं। बार-बार मास्क व सामाजिक दूरी के निर्देशों का उन पर शायद ही कोई असर पड़ रहा हो। स्टाफ बार-बार उन्हें इसके लिए समझाते हैं। बीते रोज यहां नागरिक अस्पताल की छत पर वैक्सीन के लिए एकत्रित हुई भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जब गार्ड ने समझाना चाहा तो उसे पीट दिया गया। हालांकि बाद में कुछ अन्य गाड्र्स ने मिलकर उस व्यक्ति के साथ भी मारपीट की। बीच-बचाव के बाद मामला शांत कर दिया गया।

### कैदी वार्ड में बनाया गया है वैक्सीनेशन सेंटर

**नागरिक** अस्पताल में दूसरी मंजिल पर कैदी वार्ड में वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया है। वार्ड के बाहर और भीतर खूब भीड़ रहती है। एक दिन तो सेंटर को बदला गया, लेकिन बुधवार को फिर से कैदी वार्ड में ही वैक्सीनेशन का काम शुरू किया गया है। इससे सुरक्षाकर्मियों को कैदियों की सुरक्षा भी चिंता है। अगर भीड़ का फायदा उठाकर कोई कैदी इधर-उधर हो गया तो फिर सुरक्षाकर्मियों के साथ अस्पताल प्रशासन की भी परेशान बढ़ सकती है।

### पहले हो कोरोना टैस्ट फिर हो वैक्सीनेशन

**गेट** नंबर-2 पर जिस तरह से लोगों की भीड़ लगी थी, वह दृश्य सबके लिए सोचनीय था। जो लोग यहां कोरोना से बचाव के लिए टीका लगवाने आए हैं, क्या उनकी भीड़ में सभी सुरखित हैं। कोई संक्रमित नहीं हो सकता। इन सब संभावनाओं के बीच यहां मौजूद स्टाफ ने भी कहा है कि वैक्सीनेशन से पहले लोगों का एंटी रेंटीजन टैस्ट होना चाहिए। उनके बाद उन्हें वैक्सीनेशन के लिए भेजा जाए। इससे आम जनता, परिवारजन व स्टाफ का भी बचाव किया जा सकता है।

# एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैंप संपन्न



गुरुग्राम के सेक्टर-40 स्थित लॉ कालेज में एनसीसी परेड का निरीक्षण करती मुख्य अतिथि।

## सेक्टर-40 लॉ कालेज में एनसीसी की परेड का किया गया आयोजन

**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 स्थित लॉ कालेज में बुधवार को एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैंप का समापन हो गया। इस दौरान कैडेट्स ने शिक्षकों को सेल्यूट करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सेंटर फॉर एमडीयू, सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (सीपीएएस) सेक्टर-40 की निदेशक प्रो. संतोष नांदल द्वारा राष्ट्रीय कैडेट कॉर के लिए एक सप्ताह का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैंप लगाया गया। कर्लल रामअवतार यादव ने कैंप की अध्यक्षता की। इस कैंप में मेजबान कालेज व पीजी कॉलेज सेक्टर-9 के 76 कैडेट्स ने भाग लिया। इस कैंप में डॉ. निधि ने सीपीएएस के कैडेट्स का प्रतिनिधित्व किया। निशा चौहान ने सेक्टर-9 पीजी कॉलेज के कैडेट्स का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर सूबेदार मेजर जसवीर सिंह व सुबेदार रविंद्र सिंह जी ने अहम भूमिका निभाई। दिव्या सीनियर अंडर ऑफिसर को इस कैडेट्स का सीनियर आफिसर नियुक्त किया गया।


इस कैंप के माध्यम से सभी कैडेट्स को आत्मरक्षा व निशानेबाजी के गुर सिखाए। अंजलि यादव को निदेशक संतोष नांदल द्वारा सीनियर अंडर ऑफिसर पद से सम्मानित किया। कुंदन श्योराण, सुनिधि को अंडर ऑफिसर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणवी व पंजाबी गीतों के माध्यम से प्रतिभागियों ने मनोरंजन किया।

# शॉट-सर्किट के कारण घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**कैलाश मंगला। होडल**

**बिजली** की तारों में शॉट-सर्किट होने के कारण गांव लोहिना के एक मकान में आग लग गई। आग लगने के कारण घर में रखी हजारों रुपये की नगदी व लाखों रुपये का सामान आग की भेंट चढ गया। आग का विकराल रूप से देख दमकल की गाडी को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से लगभग डेढ घंटे में आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। पीडित मकान मालिक ने मामले की सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव लोहिना निवासी प्रेमड्क्षसह ने जानकारी में बताया कि वह मंदिर गया हुआ था तथा उसकी पत्नी पशुओं को चारा डालने के लिए गई थी। उसने बताया कि पीछे से बिजली की तारों में शॉट- सर्किट होने के कारण उनके मकान में आग लग गई।



ग्रामीणों ने घर में से धुआं निकलता देखा तो उन्होंने हमें इसकी सूचना दी। उसने बताया कि जैसे ही हमने घर जाकर देखा तो आग ने विकराल रूप धारण किया लिया। जब ग्रामीणों की लाख कोशिश के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया गया तो इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाडी मौके पर पहुंच गई। उसने बताया कि दमकल कर्मियों व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। उसने बताया कि जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक उसकी अलमारी में रखी तीस हजार रुपये की नगदी, सोने व चांदी के आभूषण, एलसीडी, कपड़े, फ्रिज व अन्य जरूरी सामान जलकर राख हो गया। पीडित प्रेमड्क्षसह ने इस घटना की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी है।

# शादी का झांसा देकर महिला से छह माह तक करता रहा दुष्कर्म

**सोहना।** सोहना सिटी थाना पुलिस ने तलाक शुदा महिला को शादी का झांसा देकर छह माह तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

सोहना सिटी थाना क्षेत्र निवासी महिला ने गुरुग्राम निवासी राजेन्द्र उर्फ राजेश के खिलाफ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है। महिला ने सोहना सिटी थाना पुलिस को बताया कि वह तलाकशुदा है। पति से तलाक होने के बाद उसकी मुलाकात राजेन्द्र उर्फ राजेश से सोहना सब्जी मंडी में हुई थी। राजेन्द्र ने शादी करने के नाम पर अपने साथ रखने लगा। जब उसने राजेन्द्र को शादी करने की बात को तो उसने साफ मना कर दिया। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता के अदालत में बयान दर्ज करा दिए हैं। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# कैनविन सेवा पॉलिक्लीनिक गीता भवन में 400 लोगों को लगी डोज

## स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर लगाया गया फ्री वैक्सीन कैंप

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम के गीता भवन कैनविन सेवा पॉलिक्लीनिक में वैक्सीन लगवाने को लाइन में लगे लोग।

**बुधवार** को न्यू कालोनी स्थित गीता भवन में कैनविन सेवा पॉलिक्लीनिक में स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर फ्री वैक्सीन कैंप लगाया गया। इस कैंप में सुबह से ही लंबी लाइनें लग गई थी। यहां 400 लोगों को वैक्सीन लगाई गई, जिसमें 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को कोविशील्ड की पहली और दूसरी दोनों 200-200 डोज शामिल हैं।

गीता भवन कैनविन पॉलिक्लीनिक में वैक्सीन लगवाने को सुबह से ही बारिश के बीच लोग पहुंच गये थे। बाहर सड़क पर काफी लंबी लाइनें लग गई। बरसात में भीगते हुए भी लोग वैक्सीन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। कैनविन की टीम के सदस्यों ने उनका पंजीकरण करके वैक्सीनेशन कराया। फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल ने आमजन से अपील की है कि जिन्होंने भी वैक्सीन नहीं लगवाई है, वे इस तरह के शिविरों में पहुंचे। कोरोना महामारी फिर से लौट रही है। हमें खुद को सुरक्षित बनाने के लिए वैक्सीन लगवानी चाहिए। किसी भी तरह की लापरवाही हमारे परिवार, समाज और देश भी भारी पड़ सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि अब समय घर पर ही रहने का है। बेवजह घरों से बाहर न निकलें। ऐसा करके सुरक्षित रहें और दूसरों को सुरक्षित बनाएं।

नवीन गोयल का कहना है कि कैनविन का मकसद शहर की जनता को स्वस्थ बनाकर उनकी शक्ति को शहर के विकास के कार्यों में, जनहित में लगाना है। सेहतमंद व्यक्ति ही किसी काम को करने में सक्षम होता है। उनका लक्ष्य लोगों को बीमारियां शुरू होने के साथ ही ठीक करने का है। इसमें कैनविन फाउंडेशन कामयाब भी हो रहा है।

# संक्षिप्त-समाचार

## 18 वर्षीय युवती संदिग्ध हालात में लापता

**सोहना।** भोंडसी मारुति कुंज की हरीओम कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय युवती संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। भोंडसी की हरीओम कॉलोनी निवासी महिला ने भोंडसी पुलिस को बताया कि सोमवार की दोपहर बाद 3 बजे उसकी छोटी किसी काम से घर से बाहर गई थी। उसकी बेटी अभी तक घर पर नहीं लौटी है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर लापता होने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस युवती की तलाश में जुट गई है।

## भारतीय सेना के लिए 15 जनवरी को लगेगा रक्तदान शिविर

**सोहना।** सोहना शहर की पंजाबी धर्मशाला में 15 जनवरी को रक्तदान में अग्रणी रहने वाली संस्था भाईचारा परिवार के तत्वावधान में 25वां रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। आयोजन से जुड़े प्रमुख समाजसेवी देवदत्त शर्मा एडवोकेट, अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, व्यापारमंडल संघ के चीफ एडवाईजर उमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजकुमार गोयल एडवोकेट, सुभाष सिंगला और भाईचारा परिवार से जुड़े नरेन्द्र यादव आदि लोगों ने कई गांवों में संपर्क कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया और आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में आने का आमंत्रण दिया। रक्तदान सुबह 8 बजे से डेढ़ बजे तक होगा।

## शराब ठेके उड़ा रहे कोविड-19 नियमों की धज्जियां

सोहना। मुख्यमंत्री मनोहरलाल और गृहमंत्री अनिल विज ने कोरोना वायरस महामारी के अधिक फैलाव पर रोक लगाने के लिए शाम पांच बजे के बाद सब्जीमंडी, परचून की दुकानों के अलावा, बाजार बंद रखने के निर्देश दिए हैं, लेकिन यहां पर शराब ठेका संचालक सरकार द्वारा लागू कायदे-कानूनों को ठेंगा दिखाने और शाम पांच बजे के बाद शराब ठेके का शटर गिराने के बावजूद चोरी-छिपे मुंहमांगे दामों पर शराब बेचकर कालाबाजारी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। शराब चोरी-छिपे बेचने के लिए कोई शराब ठेके पर शटर बंद करके चोरी-छिपे शटर के नीचे से शराब बेच रहा है तो कोई देर रात में शराब ठेके के पिछवाड़े शराब की चोरी-छिपे बिक्री कर रहा है। पहले भी कोरोनाकाल में लगे लॉकडाउन में भी यहां शराब ठेका कारिंदों और संचालकों में निर्धारित से ज्यादा महंगे दामों पर शराब बेचकर चांदी कूटने का काम किया था और आज भी ऐसे लोग शराब का ठेका बंद होने के बाद शराब की कालाबाजारी करने और चांदी कूटने से बाज नहीं आ रहे हैं।

## बिना मास्क व वैक्सीन के कार्यालयों में प्रवेश पर लगी रोक

**सोहना।** सरकारी कार्यालयों में ओमिक्रॉन से बचाव के लिए प्रदेश सरकार के आदेशानुसार पालन किया जा रहा है। सरकारी कार्यालयों के प्रवेश द्वारा पर नोटिस चश्पाए गए हैं। जिनमें बिना मास्क व कोविड वैक्सीन न कराने वाले के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। राज्य सरकार द्वारा दिए गए ओमिक्रॉन से बचाव के नियमों का पालन करने और सभी कार्यालयों के बाहर नोटिस चश्पाने के आदेश दिए गए हैं। ताकि किसी भी सरकारी विभाग में बिना वैक्सीनेशन और मास्क के कोई अंदर न जाए। जिन सरकारी कार्यालयों में आम नागरिकों को अधिक जाना-आना रहता है। उनमें बीडीपीओ कार्यालय, मार्केट कमेटी, पुलिस थाना, डाक विभाग, नगर परिषद, नागरिक अस्पताल, ट्रेजिरी कार्यालय, बीईओ कार्यालय आदि शामिल है। सोहना एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि जिस भी सरकारी कार्यालय में ओमिक्रॉन से बचाव के लिए जारी की गई हिदायतों का पालन नहीं किया जाता है। उस विभाग के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## दुष्कर्मी ने महिला की वीडियो बनाई, ब्लैक मेल करने केस दर्ज

**सोहना।** 25 वर्षीय महिला ने सोहना सदर थाने में गांव के ही व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म करने, वीडियो को सोशल मीडिया पर डालने के नाम पर ब्लैक मेल करने की शिकायत दर्ज कराई है। गांव सतलाका निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि अंसार ने पांच साल पहले उसके ही घर में परिजनों की गैर मौजूदगी दुष्कर्म किया था। अंसार ने उसके अपने मोबाइल में वीडियो बनाई थी। जिन्हें अंसार उसे सोशल मीडिया पर डालकर बदनाम करने की धमकी देता आ रहा है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया समेत 8 लोगों पर आरोप तय

**गुरुग्राम।** फर्जी वोट मामले में हरियाणा के पूर्व राज्य मंत्री सुखबीर कटारिया की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। गुरुग्राम के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने पूर्व मंत्री समेत 8 लोगों पर आरोप तय कर दिए हैं। बता दें कि गुड़गांव गांव निवासी ओमप्रकाश कटारिया ने 14 जून 2014 को सेक्टर-5 थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि पूर्व मंत्री ने इन सभी के साथ मिलकर वर्ष 2009 में क्षेत्र के कई लोगों के फर्जी आईडी बनाकर वोट बनवाए थे। ओमप्रकाश कटारिया ने आरोप लगाए थे कि फर्जी वोटों के बल पर ही सुखबीर कटारिया ने विधानसभा गुरुग्राम का चुनाव जीता था। वे चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस को समर्थन देकर मंत्री बने थे। ओमप्रकोश कटारिया ने पूर्व मंत्री के खिलाफ और भी कई शिकायतें दी हुई हैं। कुछ मामले अभी अदालत में विचाराधीन हैं।

## अभी तक चौकीदार की हत्या के कारणों का खुलासा नहीं

**होडल।** थाना हसनपुर के अंतर्गत गांव लीखी के कस्तूरवा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यरत चौकीदार का शव स्कूल परिसर के प्रांगण में पेड़ से लटका मिलने के मामले में एक सप्ताह बीतने के बादजूद पुलिस हत्या के कारणों का खुलासा नहीं कर सकी है। पुलिस द्वारा मामले का खुलासा न किए जाने पर मृतक चौकीदार के परिजनों और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इसके अलावा पुलिस ने परिजन और ग्रामीणों के संदेह पर जिन लोगों को स्कूल परिसर से हिरासत में पूछताछ के लिए लिया था उनसे भी पुलिस कुछ खुलासा नहीं कर सकी है। मृतक के परिजन व ग्रामीण पुलिस पर हत्यारों से मिलीभगत के आरोप लगा रहे हैं। ज्ञात रहे कि 31 दिसंबर को सुबह गांव लीखी में स्थित कस्तूरवा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में स्कूल के चौकीदार निरंजन का शव एक पेड़ से लटका मिला था ।

# कार्स24 और बजाज फाइनेंस लिमिटेड, यूज्ड कार खरीदारों को सुगम फाइनेंसिंग प्रदान करने के लिए साथ आये

**पायनियर समाचार सेवा। मेरठ**

**प्री-ओन्ड** वाहनों के लिए भारत के प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म कार्स24 ने प्रि-ओन्ड कारों के वित्तपोषण के लिए शानदार और सुव्यवस्थित खरीदारी की सुविधा के लिए बजाज फाइनेंस लिमिटेड के साथ सहयोग किया है।

यह कदम दिसंबर 2021 में घोषित सीरीज-जी फंडिंग राउंड का अनुसरण करता है, जिसके तहत प्रि-ओन्ड कारों के ई-कॉमर्स प्लेयर - कार्स24 ने 400ड जुटाए। जहां प्री-ओन्ड वाहनों के लिए उपभोक्ता मांग आसमान छू रही है, वहीं भारतीय यूज्ड कारों के उद्योग में उपभोक्ता वित्तपोषण की पैठ केवल 15 प्रतिशत ही है। कार में निवेश करते समय फाइनेंसिंग की प्रमुख भूमिका को समझते हुए, कार्स24 और बजाज फाइनेंस लिमिटेड अब उपभोक्ताओं को अपने वित्तीय लचीलेपन में सुधार करके और कार का मालिकाना हक प्राप्त करने में सक्षम बना रहे हैं। इस रणनीतिक साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, अनूप साहा, डिप्टी सीईओ, बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने कहा, आसान और सुलभ वित्त समाधान प्रदान करना बजाज फाइनेंस का ध्येय है। यह सिनर्जिक पार्टनरशिप साझेदारी प्रि-ओन्ड कार खरीदने के लिए ज्यादा खरीदारों को वित्त लेने में सहायता देती है। हमारा मानना है कि यूज्ड कार सेगमेंट में काफी संभावनाएं हैं और सही वित्तीय समाधान ग्राहकों को इस विकल्प की खोज में सही निर्णय लेने में मदद करेंगे। ग्राहक अब पूरी तरह से निर्बाध खरीदारी की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें क्विक अप्रूवल, न्यूनतम दस्तावेज और अन्य वैल्यू एडेड सेवाएं और ऑफर शामिल हैं। कार्स24 फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, कार्स24 सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, पुराने कार खरीदारों को उधार देने को सरल, सुरक्षित, तेज और अधिक सुलभ बनाने के लिए कार ऋण प्रदान करती है। इस पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी से यूज्ड कारों के उद्योग में पैठ बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को बजाज फाइनेंस लिमिटेड के वित्तीय समाधानों के साथ कार्स24 के स्मूथ ग्राहक अनुभव का आनंद लेने में सक्षम बनाएगा।

रुचित अगरवाल, सह-संस्थापक और सीएफओ, कार्स24 ने कहा, कार्स24 इंडस्ट्री के रूल्स को नए सिरे से लिखने के लिए तैयार हैं। हम अपने उपभोक्ताओं को पूरी तरह से निर्बाध वित्तपोषण समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करके कार खरीदने के लिए और अधिक भारतीयों के सपने को पूरा करने के मिशन पर हैं। इस प्रक्रिया में, हमें यकीन है कि बजाज फाइनेंस लिमिटेड के साथ हमारी साझेदारी एक आदर्श उत्पाद बाजार के लिए उपयुक्त साबित होगी। कार्स24, बी?फएल के साथ, यूज्ड कार खरीद के लिए फाइनेंसिंग की बात करते समय उपभोक्ता को सबसे पहले महत्व।

# टीकाकरण शिविर में 405 छात्र छात्राओं ने लगवाई वैक्सीन



स्कूल में लगे शिविर में वैक्सीन लगवाते छात्र।

**होडल।** वाटर वक्स कॉलोनी स्थित एचजीएत पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को आयोजित कोरोना टीकाकरण शिविर में स्वास्थ्य विभाग के एसएमओ डॉ. सतीश वर्मा ने अपनी टीम जुबेर, सुखदेव, वीरेंद्र, जयदेवी, कर्मवती, कविता और वर्षा के साथ 15 से 18 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं को वैक्सीन लगाई।

छात्र-छात्राओं ने अपना उत्साह दिखाते हुए कोविड की गाइडलाइन में ध्यान में रखते हुए टीकाकरण शिविर में हिस्सा लिया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में मात्र 405 छात्र-छात्राओं को कोराना की कोवैक्सीन लगाई गई। एसएमओ डॉ. वर्मा ने छात्रों से कहा कि वह अपने आसपास रहने वाले 15 वर्ष से उपर के युवक और युवतियों को भी वैक्सीन लगाने के प्रति जागरूक करें। टीकाकरण के दौरान विद्यालय के डायरेक्टर ज्ञान चंद सौरोत, मैनेजिंग डायरेक्टर चंदरभान सोरौत, प्रधानाचार्य मुकेश वशिष्ट सहित गिरधर, प्रमोद, बालकिशन, राजवीर, नरेश, निरंजन, भोजदत्त, देवेंद्र, सुमन, इंदू, पायल, आशा, कोमल, शीतल, खिलाड़ी, कमल, शिवहरि, जुगल आदि मौजूद रहे और छात्रों को सुरक्षा के नियम बताए।

# जूपी ने रिलायन्स जियो के साथ अहम साझेदारी की घोषणा की

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**भारत** की सबसे बड़ी स्किल-बेस्ड कैजुअल गेमिंग कंपनी जूपी ने जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के साथ अपनी तरह की पहली सामरिक साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी एक ऐसी प्रणाली का निर्माण करेगी जिसके तहत जूपी के प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज के प्रभावी विकास और वितरण को सुनिश्चित किया जा सकेगा, जिससे 450 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ होगा। इस साझेदारी के द्वारा जियो के यूजर जूपी के ऑनलाईन स्किल बेस्ड गेम्स तथा जूपी द्वारा विकसित अन्य आधुनिक प्रोडक्ट्स को एक्सेस कर सकेंगे।

नई साझेदारी के तहत कई भाषाओं में अधिक गुणवत्तापूर्ण गेम्स को ज्यादा से ज्यादा यूजर्स तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी ताकि जूपी को भारत के सबसे बड़े गेमिंग प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित करने और इंडिया को भारत के साथ कनेक्ट करने की महत्वाकांक्षा को पूरा किया जा सके। उम्मीद की जा रही है कि भारत में 5 जी कमर्शियल लॉन्च से पहले 150 मिलियन से अधिक 5 जी हैण्डसैट बेच दिए जाएंगे, ऐसे में जूपी जियो के साथ साझेदारी में ज्यादा से ज्यादा यूजर्स के साथ जुड़ने के लिए प्रयासरत है।



## जियो इकोसिस्टम के साथ बढ़ेगी पारदर्शिता

जूपी को जियो की पहुंच का भी लाभ मिलेगा। जूपी के गेम्स को जियो के सभी उपभोक्ताओं तक वितरित किया जाएगा। इन्हें जियो फोन के उपभोक्ताओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। इससे जूपी को देश के सबसे तेजी से विकसित होते गेमिंग स्टार्ट-अप से आगे बढ़कर देश की सबसे बड़ी गेमिंग कंपनी के रूप में विकसित होने में मदद मिलेगी। यह साझेदारी जूपी के उस दृष्टिकोण में उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाएगी जिसे जूपी गेम फोर्मेट्स की जीत और मुद्रीकरण के रूप में भारतीय बाजार में लेकर आया है।

जूपी के संस्थापक एवं सीईओ दिलशेर सिंह ने कहा, ''जूपी हमेशा से व्यवहार विज्ञान, मानव प्रेरणा और संस्कृति को प्राथमिकता देने वाले प्लेटफॉर्म के रूप में काम करता रहा है, यह भारत की सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग प्रतिभा, रचनात्मकता और स्टोरीटैलिंग क्षमता को एक ही छत के नीचे लेकर आया है। इसने इनोवेशन्स और यूजर सेंट्रिक डिजाइन एवं टेक-फॉर-गुड दृष्टिकोण के साथ इनोवेशन्स के सभी दायरों को पार किया है। जूपी की यात्रा में जियो एक परफेक्ट पार्टनर हैं जो देश के दूर-दराज के इलाकों तक जूपी की पहुंच बढ़ाएगा और सबसे वंचित लोगों तक इसके प्रोडक्ट्स की पहुंच को कई गुना बढ़ा देगा। एक उम्मीद के मुताबिक भारतीय स्मार्टफोन का निर्यात 2020-21 में 3.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो 15 गुना बढ़ोतरी के साथ 2025-26 में 55 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। एक घरेलू स्टार्ट-अप के रूप में हम भारतीय प्रोडक्ट्स और गेम्स को उन सभी डिवाइसेज तक पहुंचाना चाहते हैं जो भारत की कहानी को दुनिया के हर कोने तक ले जाएं। हम गेम्स को मनोरंजन का साधन बनाकर कर और दुनिया भर के लाखों लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाकर अपने इन प्रयासों को जारी रखेंगे।'

# ग्रेफ में बनाया जाए टाउन पार्क और स्टेडियम : गुर्जर

## जिला विकास कोऑर्डिनेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि ग्रेटर फरीदाबाद में बड़ा टाउन पार्क और खेल स्टेडियम बनाया जाए। केंद्रीय राज्य मंत्री ने यह दिशा निर्देश बुधवार को जिला स्तरीय जिला विकास कोऑर्डिनेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दिए।

जिला विकास कोऑर्डिनेटर एवं मॉनिटरिंग समीक्षा बैठक में बड़खल विधायक सीमा त्रिखा, फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता, उपायुक्त जितेंद्र यादव, एमसीएफ कमिश्नर यशपाल, सीईओ स्मार्ट सिटी डॉ. गरिमा मित्तल, एचएसवीपी के प्रशासक जितेंद्र दहिया, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान आदि सभी उपमंडल अधिकारी नागरिक, सिटी मजिस्ट्रेट और तमाम विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित उपस्थित रहे।


सेक्टर 12 में आयोजित बैठक को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अधिकारियों को कोविड-19 के कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर के बचाव के मद्देनजर किए गए व्यवस्था प्रबंधों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिला में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए ऑक्सीजन, वैक्सीनेशन और अस्पतालों में बेडों की उपलब्धता जरूरी है। लोगों को किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी ना हो। इसलिए जिला में कोविड-19 संक्रमण के मरीजों के लिए बेड, वेंटीलेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं पूरी हों। उन्होंने 15 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों को वैक्सीनेशन करना और बुजुर्गों को बूस्टर वैक्सीनेशन तथा आमजन को वैक्सीनेशन करने बारे भी दिशा निर्देश दिए गए।

केन्द्रीय राज्य मंत्री गुर्जर ने बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने विभाग की योजना का बेहतर क्रियान्वयन करने का प्रयास करें। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने जिला प्रशासन की तरफ से कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत किया और एक-एक करके सभी योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। एमसीएफ कमिश्नर यशपाल ने एमसीएफ से जुड़ी विभिन्न योजना और परियोजनाओं बारे विस्तार पूर्वक बताया। इसी प्रकार स्मार्ट सिटी की सीईओ डॉक्टर गरिमा मित्तल ने स्मार्ट सिटी की योजनाओं और परियोजनाओं तथा एचएसवीपी के प्रशासक जितेंद्र दहिया ने एचएसवीपी की योजनाओं और परियोजनाओं द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने स्वच्छ भारत मिशन, शहरी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, अटल मिशन रेएजुवेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन/अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नेशनल हेल्थ मिशन, एचएस आरएलएम, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, सहित तमाम योजनाओं की बारीकी से जानकारी लेकर समीक्षा की।

## छात्राओं के लिए वैक्सीन अभियान चलाया

फरीदाबाद। एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में 15 से 18 वर्ष की विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्राओं के लिए विशेष कोरोना वैक्सीन अभियान चलाया गया।

जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि विद्यालयों में पढ़ रहे सभी बच्चे सुरक्षित रहें इसलिए कोरोना टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया की कामना के साथ संपूर्ण देश एवं संपूर्ण विश्व में समस्त जन कोरोना जैसी महामारी से सुरक्षित रहें। हम सभी को सामाजिक दूरी का पालन करना चाहिए।

# कोरोना विस्फोट : ओमिक्रॉन के 21 और कोविड-19 के 259 पॉजिटिव

## कोरोना के बढ़ते मरीजों के बीच जिला प्रशासन की तैयारियां फेल

## बीके में चिकित्सक एलटी, स्टाफ समेत कुल 13 पॉजिटिव

कविता। फरीदाबाद


बीके असपताल में कोरोना की जांच करवाती महिला।

जिले में कोरोना और ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों के बीच जिला प्रशासन की तैयारियां फेल साबित होती नजर आ रही है। शहर में कोरोना नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। बुधवार को ओमिक्रॉन के 21 और कोरोना मरीजों आंकड़ा 259 रहा। जिसमें बीके अस्पताल की दो चिकित्सक, स्टाफ नर्स, ओटी स्टाफ, प्रयोगशाला से 13 स्वास्थ्य कर्मी भी संक्रमित बताए जा रहे हैं। नियमों को नजरअंदाज करने से शाम पांच बजे बाजार बंद और नाइट कर्फ्यू के बाद भी मरीज बढ़ रहे हैं।

### ओमिक्रॉन के 21 पॉजिटिव

सूत्रों के मुताबिक 21 नए मरीज मिलने ओमिक्रॉन मरीजों का आंकड़ा 29 पर पहुंच गया। 21 नए ओमिक्रॉन पॉजिटिव में सेक्टर-28 से चार लोग शामिल है। जिन्हें दुबई से ट्रेवलिंग के बाद पॉजिटिव दर्शाया गया है। सैनिक कालोनी से भी चार नए ओमिक्रॉन संक्रमित सामने आए हैं। सेक्टर-21 सी से एक स्टूडेंट ओमिक्रॉन पॉजिटिव है। इरोज गार्डन में एक बार फिर चार नए ओमिक्रॉन पॉजिटिव हैं। जिसमें टीचर, स्टूडेंट और एक नौकरीपेशा शामिल है। सेक्टर-16 से चार स्टूडेंट शामिल हैं। सेक्टर-9 से एक दुबई से ट्रेवलिंग वाला और एक नौकरीपेशा शामिल है। अमरनगर और सेक्टर-46 से मिले दो मरीजों में दोनो ही नौकरीपेशा है।

### कोरोना के 259 मामले

सेक्टर-29 से एक, सेक्टर-28 से 12, सेक्टर-31 से 2, स्प्रींग फिल्ड कालोनी से 2, सेक्टर-30 से एक, सेक्टर-28 से दो, सेक्अर-82 से चार, सेक्टर-80, 88,78, से 2-2 मरीज है। वहीं सेक्टर-86 से 4, सेक्टर-85, 77 और 21 से 3-3 मरीज है। वहीं आईपी कालोनी, धीरज नगर, विनय नगर से 1-1 मीज है। एनएच- 5, ग्रीन फिल्ड कालोनी से 15, ग्रीन वैली से 9, सेक्टर-42 से 2, सेक्टर-21 से 11, सेक्टर-46 से 7, सेक्टर-सात से 4, सेक्अर-आठ से एक, सैनिक कालोनी से आठ, चार्मवुड विलेज से 9, सेक्टर-29 से तीन, सेक्टर-81 से दो, सेक्टर-30 से चार, पर्वतीया कालोनी और सेक्टर-17 से 2-2 मरीज है। वहीं सेक्टर-16 से चार, सेक्टर-19 से 16, सेक्टर-17 से 7, सेक्टर-14 से 21, सेक्टर-15 से 17, सेक्टर-9 से तीन और अन्य एरियाओं से 54 मरीज शामिल है।

### 13 पॉजिटिव बीके से

जिले में 826 एक्टिव केस में 28 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें एक ऑक्सीजन और एक वैंटीलेटर पर है। शेष 798 मरीज होम आईसोलेशन में है। इनमें बीके अस्पताल से दो महिला चिकित्सक और स्टाफ समेत कुल 13 स्वास्थ्य कर्मी भी शामिल है। जिन्हें होम आईसोलेशन में रखा गया है। इनमें से कुछ को पिछले कुछ समय से बुखार और जुकाम समेत खांसी की शिकायत थी। काम अधिक होने से यह अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख सके।

### दौरा हुआ रद्द

बीके अस्पताल के 13 स्वास्थ्य कर्मी पॉजिटिव होने से छह जनवरी के एनक्यूएएस के दौरे को रद्द करने की सूचना दी गई। कर्मचारियों ने कहना कि दौरे के लिए उन्हें एक महीने से अवकाश न लेने को कहा जा रहा था।

# केनरा बैंक लूट मामले में तीन गिरफ्तार


केनरा बैंक में लूटपाट के आरोप में गिरफ्तार योगेश, राहुल और सोनू।

## पुलिस आयुक्त ने 25 हजार रुपये का नगद इनाम देकर किया प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

22 दिसंबर 2021 को सेक्टर 15 मार्केट में स्थित केनरा बैंक में अवैध हथियारों के बल पर की गई लूट मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए आरोपियों में योगेश उर्फ बिल्लू, राहुल तथा सोनू का नाम शामिल है। तीनों आरोपी पलवल जिले के रहने वाले हैं जिसमें योगेश इस वारदात का मुख्य आरोपी है।

पुलिस उपायुक्त अपराध नरेंद्र कादयान ने बताया कि वारदात के पश्चात पुलिस थाना सेंट्रल में लूट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस आयुक्त महोदय ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए 5 क्राइम ब्रांच की टीमें लगाई थी। क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 प्रभारी इंस्पेक्टर विमल की अगुवाई में बनी टीम सदस्य सब इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार, हेड कांस्टेबल यशपाल ,संजय व् सिपाही मनोज को आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। टीम द्वारा बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए और आसपास के एरिया में पूछताछ करके आरोपियों के खिलाफ कुछ अहम सुराग एकत्रित किए। बीती शाम तीनों आरोपियों को पलवल से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि इस वारदात का मुख्य आरोपी योगेश वर्ष 2009 में फौज में भर्ती हुआ था और 5 साल बाद वर्ष 2014 में फौज की नौकरी छोड़कर वहां से भाग आया था।

# 21 वर्षों से फरार महिला डकैत गुड़गांव से गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा द्वारा फरार चल रहे पीओ तथा बेल जंपर को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश तथा डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 48 की टीम ने 21 वर्षों से फरार चल रही बावरिया डकैत गिरोह की महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला का नाम ज्ञानवती है जो राजस्थान के भरतपुर की रहने वाली है और पलवल जिले के फुलवाड़ी गांव में इसका ससुराल है। वर्ष 1996 में आरोपित महिला ने अपनी महिला साथी कमला और केला तथा अपने पति लक्ष्मी व अन्य दो-तीन साथियों के साथ मिलकर एक घर में लूट की वारदात को अंजाम दिया था।


21 वर्ष से फरार बावरिया डकैत गिरोह की महिला सदस्य ज्ञानवती पुलिस गिरफ्त में।

मामले में फरीदाबाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था परंतु महिला जेल से पैरोल पर आई थी लेकिन पैरोल समय पूरा होने के बाद आरोपित महिला वापस जेल नहीं गई। अदालत ने महिला की गिरफ्तारी के आर्डर जारी किए थे। क्राइम ब्रांच की टीम ने महिला को गुड़गांव के ताजपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर किया। मामले में अन्य आरोपी महिला कमला की मृत्यु हो चुकी है और केला देवी अभी भी फरार चल रही है जिसे तलाश करके गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपित महिला को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# कागज उद्योग ने की कोयला एवं रेलवे रैक्स आवंटन की अपील

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

केंद्रीय कोयला एवं खनन और रेल मंत्रियों को लिखे पत्र में इंडियन पेपर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (इपमा) ने कहा है कि कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सब्सीडीयरीज द्वारा कम कोयला आवंटन के कारण देशभर में पेपर मिलों के संचालन पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। खदानों से पेपर मिल तक कोयला पहुंचाने के लिए पर्याप्त रेलवे रैक्स नहीं मिलने से भी संकट बढ़ा है।

इपमा के प्रेसिडेंट एएस मेहता ने कहा, 'लगातार कोयले की कमी और पर्याप्त रेलवे रैक्स नहीं मिलने से भारत में पेपर मिलों द्वारा अपने कैप्टिव पावर प्लांट के संचालन के लिए पर्याप्त एवं निर्बाध थर्मल कोयले की आपूर्ति कर पाना बहुत मुश्किल हो गया है। उनके पास बहुत कम कोयला स्टॉक बचा है। इस कारण से देशभर में पेपर मिलों का संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

इपमा के अनुसार पल्प एवं पेपर इंडस्ट्री ने निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कैप्टिव पावर प्लांट में बड़ा निवेश किया है। कैप्टिव पावर प्लांट से देश की संपूर्ण बिजली व्यवस्था पर उत्पादन एवं वितरण का दबाव कम होता है। कागज उद्योग लगातार काम करने वाला उद्योग है और इसकी कुल उत्पादन लागत में बिजली पर होने वाले खर्च की अहम हिस्सेदारी होती है। पिछले कई महीने से कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सब्सीडीयरीज कंपनियां पावर सेक्टर /थर्मल पावर प्लांट को कोयला आपूर्ति में प्राथमिकता दे रही हैं। रेलवे रैक्स की प्राथमिकता भी पावर सेक्टर /थर्मल पावर प्लांट के लिए तय करने से संकट और बढ़ गया है।

देश के आर्थिक विकास के लिए कागज उद्योग बहुत अहम है क्योंकि कई जरूरी वस्तुओं, एफएमसीजी, फार्मास्युटिकल्स, फूड प्रोडक्ट्स, साबुन, मिल्क कार्टन, हाईजीन प्रोडक्ट आदि के लिए पेपरबोर्ड व पैकेजिंग बहुत अहम है। टिश्यू पेपर से हाईजीन में मदद मिलती है और अस्पताल आदि जैसे सभी संस्थानों में इनका प्रयोग होता है। इसी तरह राइटिंग एवं प्रिंटिंग पेपर भी लेबल बनाने, फार्मास्युटिकल इंसर्ट्स बनाने और सभी शिक्षण संस्थानों के लिए बहुत जरूरी हैं।

यदि पेपर मिलों को आवंटित खदानों से कोयले की आपूर्ति जून, 2021 से पहले की स्थिति में लाने को प्राथमिकता नहीं दी गई तो कई पेपर मिलों को लंबे समय के लिए बंद होना पड़ सकता है। इसलिए इप्मा ने सरकार से अपील करता है कि थर्मल पावर प्लांट/पावर सेक्टर की तरह ही पल्प एवं पेपर उद्योग के कैप्टिव पावर प्लांट के लिए भी प्राथमिकता के आधार पर कोयला एवं रेलवे रैक्स आवंटित करने पर विचार करें।

## पुलिस ने क्रेशर मजदूरों को लगवाया टीका

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए पुलिस चौकी पाली प्रभारी ने पुलिस का मानवीय चेहरा प्रस्तुत करते हुए क्रेशर जोन में कार्य कर रहे गरीब मजदूरों के लिए कोरोना वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन करवाया गया जिसमे 480 लोगों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब फरीदाबाद ग्रेस व पाली क्रेशर एसोसिएशन की तरफ से श्री संजय, ओझा, सुभाष, हरीश मित्तल धर्मवीर आदि गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

चौकी प्रभारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पाली क्रेशर जोन में गरीब मजदूर लोग काम करते हैं जिन्हें अपने कार्य में व्यस्त होने की वजह से हॉस्पिटल जाकर वैक्सीन लगवाने का समय नहीं मिल पाता और न ही इन्हें सरकार द्वारा चलाए जा रहे वैक्सीनेशन अभियान के प्रति इतनी जागरूकता है जिसके चलते यहां पर कार्य करने वाले मजदूर वैक्सीनेशन से वंचित रह जाते हैं।

# दोनों लगवाने पर दें कार्यालय में आने की अनुमति : यशपाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

निगमायुक्त यशपाल यादव ने नगर निगम के विभिन्न जोनों के निरीक्षण की कड़ी में बल्लभगढ़ नगर निगम की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया तथा प्रत्येक शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों से प्रतिदिन किए जाने वाले कार्य के बारे पूछताछ की।

इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि अपने काम समय पर पूरा करें। इसके अलावा उन्होंने बल्लभगढ़ नगर निगम के सभी कार्यों का आडिट कराने के लिए भी कहा। कोविड-19 और आमिक्रॉन के प्रकोप को देखते हुए निगमायुक्त ने निगम में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को 2 गज की दूरी का पालन करेंने और मॉस्क लगाने के लिए भी कहा और जिन अधिकारियों, कर्मचारियों ने वैक्सीन की दूसरी डोज नहीं लगाई है उन्हें लगाने के निर्देश भी दिए और साथ निगमायुक्त ने कहा कोरोना के दोनों टीके लगवाने वालों को ही नगर निगम में आने की अनुमति दी जाएगी। निगमायुक्त ने बताया कि निगम के लगभग सभी सेवाएं ऑनलाइन कर दी गयी हैं, लोगों को किसी भी कार्य के लिये ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं है। वह अपने भुगतान व शिकायत घर से ही ऑनलाइन कर सकते हैं।


निरीक्षण

बल्लभगढ़ नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण करते निगमायुक्त यशपाल यादव।

निगमायुक्त ने निगम के दिन प्रतिदिन के कार्य को प्रभावी एवं कुशल बनाने के लिये सभी ब्रांचों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह नौ बजे आने के लिये निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ब्रांच के अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा कि आपके कार्यालय में जितने भी लम्बित काम पड़े हुए है उनको शीघ्र अति शीघ्र निपटाएं और अगर किसी कर्मचारी पर काम का ज्यादा है तो उसके कार्य को दूसरे कर्मचारी की सहायता से निपटाएं ताकि काम में देरी न हो और सभी कार्य समय पर निपट सकें।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को अपने अधीनिस्थ कर्मचारियों से सहानूभुति व्यवहार करने और ईमानदारी, कुशलता, एवं समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा।

## आज 30378 लोगों ने लगवाई वैक्सीन



फरीदाबाद। जिले में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए वैक्सीनेशन को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में अब 15 से 60 प्लस आयुवर्ग के लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। जिसमें 15 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 14809 को और निजी में 153 बच्चों को लगाई। 18 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 5143 को और निजी में 44 लोगों को लगी। सैकेंड डोज सरकारी में 6112 को और निजी में 104 को लोगों को लगी। 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 1543 को और निजी में तीन लोगों ने लगवाई। सैकेंड डोज 1980 ने और निजी में 10 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 229 को और निजी में 3 बुजुर्गो ने वैक्सीन लगवाई। सैकेंड डोज सरकारी में 243 ने और 2 ने निजी अस्पतालों में वैक्सीन लगाई।

# हत्या के मुकदमे में 10 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस चौकी बल्लभगढ़ बस स्टैंड की टीम ने हत्या के मुकदमे में 10 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी का नाम अजीत उर्फ सोनू है जो उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ का रहने वाला है।

आरोपी के खिलाफ थाना सिटी बल्लभगढ़ में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जिसमें आरोपी ने शराब पीकर अपने ही एक साथी की हत्या कर दी थी। पुलिस में दी गई शिकायत के अनुसार वर्ष 2008 में आरोपी सोनू अपनी तीन साथियों मोहन राजू और सुनील के साथ थाना सिटी बल्लभगढ़ एरिया में स्थित अपने मकान में मौजूद था जहां इन्होंने शराब पीकर स्पीकर पर गाने बजाए और नशे में धुत होने के पश्चात गाना बदलने की किसी बात को लेकर उनमें झगड़ा हो गया जिसमें आरोपी ने अपने साथियों मोहन और राजू के साथ मिलकर अपने दोस्त सुनील की हत्या कर दी थी।


हत्या के आरोप में 10 साल से फरार अजीत के साथ पुलिस के जवान।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था परंतु कुछ समय पश्चात आरोपी राजू और सोनू जमानत पर बाहर आ गए और वापस नहीं गए। न्यायालय द्वारा इनकी गिरफ्तारी के ऑर्डर जारी किए गए जिसके पश्चात इस मामले में आरोपी राजू को क्राइम ब्रांच बॉर्डर द्वारा करीब 10 दिन पहले ही गिरफ्तार किया गया था। तस्वीर में दिख रहे आरोपी सोनू त्रिखा कॉलोनी में नाम बदलकर फैक्ट्री में गार्ड की नौकरी कर रहा था जिसे पुलिस चौकी बस स्टैंड प्रभारी उमेश की टीम ने गुप्त सूत्रों के माध्यम से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करके दोबारा जेल भेज दिया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## दिनभर बरसी बारिश की बूंदों ने बढ़ाई ठिठुरन


ठंड में अलाव का सहारा लेता परिवार। फोटो राजेश पुंजानी।

फरीदाबाद। ठंड ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। बुधवार को बूंदाबांदी के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। दिन भर बादल छाए रहे। सुबह सवेरे जहां तेज ठंडी हवाएं चली वहीं साढ़े नौ बजे हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। दिनभर सूर्य देवता के दर्शन नहीं हो पाए। पूरे दिन बूंदाबांदी होती रही। दिन के तापमान में भारी गिरावट के कारण ठिठुरन बढ़ गई। बूंदाबांदी के चलते तापमान गिरकर 12 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। घरों में दुबके लोग: सर्द हवाएं चलने के कारण दो पहिया वाहन चालकों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। दोपहिया वाहनों चालकों की दिन भर कंपकपी छूटी। लोगों ने अलाव का भी सहारा लेना शुरू कर दिया है। ठंड अधिक होने के कारण शाम जल्द ही लोग घरों में दुबकने पर मजबूर हो गए। वहीं ठंड से जहां मूंगफली-रेवड़ी की मांग बढ़ गई, वहीं चाय पकौड़े के दुकानों पर भी भीड़ लगी रही।

## स्कूलों में जाकर बच्चों ने लगाई प्रथम डोज


सरकारी स्कूलों में लग रही वैक्सीन का निरक्षण करतीं विधायक सीमा त्रिखा।

फरीदाबाद। कोरोना महामारी के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के बढ़ते प्रभाव को लेकर स्कूलों में ही 15 से 18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों का टीकाकरण किया जा रहा है। बड़खल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में जाकर स्थानीय विधायक सीमा त्रिखा ने हजारों स्कूली बच्चों का टीकाकरण कराया। इस दौरान तीन नंबर स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल (बालिका) में 1000 बच्चों को, तीन नंबर स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल (बाल) में 800 बच्चों को, तिकोना पार्क स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल (बालिका) में 800 बच्चों को, लक्कड़पुर स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 190 बच्चों को, अनंगपुर स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 300 बच्चों को, एमएम पुर स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 400 बच्चों को, एक नंबर स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 783 बच्चों को, भांखरी स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 80 बच्चों को, पांच नंबर स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल (बालिका) में 350 बच्चों को, अनखरी स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 150 बच्चों को, दो नंबर स्थित सीनियर सैकेंडरी स्कूल (बालिका) में 500 बच्चों को वैक्सीन दी गई। विधायक सीमा त्रिखा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा बच्चों के लिए शुरू किए गए टीकाकरण अभियान के लिए आभार व्यक्त किया।

## मिशन जागृति करती है धरातल पर काम: मंजु


मिशन जागृति की पाठशाला में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के साथ इन्नर व्हील क्लब फरीदाबाद इंडस्ट्रीयल टाउन के सदस्य।

फरीदाबाद। जिले में हजारों सामाजिक संस्था, ट्रस्ट, संगठन काम कर रहे है पर जब भी हम देखते है मिशन जागृति की येल्लो ब्रिगेड बिलकुल धरातल पर काम करते है इसीलिए हम इनकी हर संभव मदद करते हैं। यह कहना था मंजु बंसल का जो की प्रेसिडेंट हैं इन्नर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रीयल टाउन। जिले में बारिश होने के साथ ठंड पूरे चरम पर पहुंचने के लिए शुरू हो गई। जब लोग घरों में अपनी गरम रजाई में दुबके हुए थे, तब इन्नर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रीयल टाउन की प्रधान मंजु बंसल, सचिव मनिता सिंघला, आईएसओ अंजू महना, ऑडिटर अंकिता गुप्ता और सदस्य सुनीता गुप्ता 80 जैकेट मिशन जागृति की पाठशाला के बच्चों के लिए लेकर पहुंची। क्लब की सचिव और बाकी सदस्यों ने बच्चों को काफी अच्छी अच्छी बात समझाई। मिशन जागृति पाठशाला की संयोजक संतोष अरोड़ा ने बताया कि इस क्लब के द्वारा पहले भी गर्मियों में 80 से ज्यादा बच्चों को नई ड्रेस प्रदान की थी हम सभी मंजू और उनकी पूरी टीम का बारंबार शुक्रिया करते हैं ऐसे लोगों के कारण ही मिशन जागृति पिछले 14 साल से लगातार सेवा के कामों में लगी हुई है। क्लब की सचिव मनिता सिंघला ने कहा की मिशन जागृति के द्वारा जो शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमन्द बच्चों के लिए काम किया जा रहा है उसकी जितनी तारीफ करी जाये उतनी कम है। यही कारण है की आज इनके साथ ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ना चाहते है। इस अवसर पर मिशन जागृति की जिला टीम की सचिव गीता और अशोक ने सभी का शुक्रिया किया और क्लब की सभी सदस्यो को विश्वास दिलवाया की मिशन जागृति आगे भी इसी प्रकार सेवा करती रहेगी।

## 127 रनों से जीता रावल अकादमी ने मैच


दिल्ली स्थित डब्लूसीएल अकादमी के मैदान पर आयोजित कांता देवी मेमोरियल अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन आफ दा मैच के खिताब से संदीप परिहार को नवाजा।

फरीदाबाद। संदीप परिहार के नाबाद शतक और मोहित भाटी की गेंदबाजी की बदौलत रावल क्रिकेट अकादमी ने दूसरे कांता देवी मेमोरियल अंदर13 क्रिकेट टूर्नामेंट में युवराज सिंह क्रिकेट ऑफ एक्सीलेंस को 127 रनों से हरा दिया। मैच दिल्ली में डब्ल्यूसीएल अकादमी के मैदान पर खेला गया। युवराज सिंह क्रिकेट ऑफ एक्सीलेंस ने टॉस जीतकर पहले रावल क्रिकेट अकादमी को बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। रावल क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 30 ओवर के मैच में पांच विकेट के नुकसान पर 287 रनों का लक्ष्य दिया। संदीप परिहार ने 68 गेंदों में 13 चौकों, चार छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन की पारी खेली। विराट त्यागी ने 56 गेंदों 68 रन बनाए। निखिल कुमार ने 40 गेंदों में 64 रनों की पारी खेली। युवराज सिंह क्रिकेट ऑफ एक्सीलेंस के अंश ने दो विकेट, इशांत ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए युवराज सिंह क्रिकेट ऑफ एक्सीलेंस 160 रनों पर आउट हो गई। राघव ने 62 और शिवांश ने 25 रनों का योगदान दिया। रावल क्रिकेट के मोहित भाटी ने तीन विकेट और वरदान बहल ने दो विकेट लिए। संदीप परिहार को मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।

## तीन करोड़ की लागत से सीवरेज व नालियों का काम शुरू

फरीदाबाद। बड़खल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव भांकरी में बेहतर सीवरेज प्रणाली व नालियों के निर्माण के कार्य की शुरुआत की गई। इस दौरान भाजपा ओबीसी सैल के महामंत्री एवं वार्ड नंबर 16 के समाजसेवी प्रवीण चौधरी ने गांव के बुजुर्गों से नारियल फुड़वाकर विकास कार्यों का शुभारंभ करवाया। विकास कार्यों पर करीब तीन करोड़ की लागत आएगी। पिछले 70 सालों के बाद बड़खल विधानसभा क्षेत्र में ऐसा पहली बार हुआ है, जब गांवों में भी सीवरेज लाइन डाली जाएगी, जबकि अब से पूर्व लोग यहां सीवरेज न होने के चलते बदहाली के दौर से गुजर रहे थे। मौके पर प्रवीण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल जहां देश-प्रदेश में विकास कार्यो की बौछार कर रहे हैं। फरीदाबाद में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और विधायक सीमा त्रिखा के नेतृत्व में बड़खल क्षेत्र में विकास कार्य जोरों पर चल रहे हैं और भाजपा सरकार शहरों की तर्ज पर गांवों का विकास कर रही है।

# तीसरी लहर के संकेत

## सक्रियता आवश्यक

**आने** वाली लहर के संकेत मिलने पर सरकारों को वायरस टेस्टिंग तेज करने की जरूरत है। हम ओमीक्रान से निपटने की तैयारी कर रहे हैं, जबकि फ्रांस सरकार ने पहले ही नवीनतम बी.1.640.2 स्वरूप की खोज की है जिसे आईएचयू का नाम दिया गया है। इससे पता चलता है कि वायरस के बारे में अनुमान लगाना कितना कठिन है। अध्ययनों से यह संकेत मिले हैं कि पिछले स्वरूपों की तुलना में ओमीक्रान हल्का है और इससे राज्यों की लापरवाही बढ़ रही है। भारत में नए मामले बढ़ रहे हैं और पाजिटिविटी रेट 10 प्रतिशत छूने या उसे पार करने के निकट है। महाराष्ट्र में अस्पतालों में भर्ती होने वालों की संख्या बढ़ रही है। ये कोरोनावायरस वैश्विक महामारी की तीसरी लहर के स्पष्ट संकेत हैं, लेकिन राज्य अभी भी लोगों के आवागमन पर कठोर नियंत्रण लगाने से बच रहे हैं। लोगों द्वारा सुरक्षा व्यवहार पालन के प्रयास विफल हो गए हैं। बहुत से लोग अब भी मास्क पहनने से बच रहे हैं। बाजारों व पूजास्थलों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में रात्रि कर्फ्यू लगाने का कोई लाभ नहीं है। आवश्यकता है कि दिन में लोगों के आवागमन पर इस प्रकार कठोर नियंत्रण लगाए जाएं जिनसे आर्थिक गतिविधि न प्रभावित हो। इसके लिए फ्रंटलाइन कामगारों को छोड़ कर सबके लिए वर्क फ्राम होम अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए। दिल्ली में ऑड-इवेन व्यवस्था ने कुछ सीमा तक भीड़ कम की थी। समय



आ गया है कि निर्णायक कदम उठाए जाएं क्योंकि ऐसा न करने पर नई लहर के लिए बनाई गई सारी योजनायें तथा ढांचागत संरचनायें विफल हो सकती हैं। उदाहरणार्थ, दिल्ली सरकार ने कहा था कि वह लगातार दो दिन तक पाजिटिविटी रेट पांच प्रतिशत से अधिक होने पर रेड एलर्ट घोषित करेगी। अब यह पिछले 48 घंटे से बढ़ कर 6 से 8 प्रतिशत के बीच पहुंच गया है, पर अभी इस बारे में फैसले नहीं किए गए हैं।

इसके बजाय कुछ फैसलों पर सवाल उठने लगे हैं। स्टेशनों के बाहर यात्रियों की भीड़ से बचने के लिए मेट्रो को 50 प्रतिशत के बजाय पूरी क्षमता से चलाने के निर्देश दिए गए हैं। क्या स्टेशनों पर 'भीड़ से बचने' के लिए ट्रेनों में भीड़ उचित है। मुंबई में नई लहर के कारण समस्याओं का अनुभव हो रहा है, पर सरकार लाकडाउन लगाने के लिए अभी रोज मामले 20,000 पहुंचने की प्रतीक्षा कर रही है। इस प्रकार दिल्ली और मुंबई अपने अनिर्णय के कारण पहल खो रही हैं। इसका कारण समझना कठिन नहीं है। वे पिछले साल का दुहराव नहीं चाहती हैं जब लाकडाउन के कारण लाखों कामगार अभूतपूर्व अव्यवस्था का शिकार हुए थे। अनुभव को देखते हुए देश में इस बात पर भी सहमति है कि लाकडाउन से आर्थिक गतिविधि बंद हो जाती है, यह कदम लोकप्रिय नहीं है तथा अन्य कोई रास्ता न होने पर ही इसे उठाया जाना चाहिए। ऐसे में राज्यों को कठोर नियंत्रण लगाने के साथ ही टेस्टिंग बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए क्योंकि केवल डेटा से ही पता चल सकता है कि हमें कब कंटेनमेंट जोन घोषित करना या उसे समाप्त करना चाहिए। हम इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में पीछे हैं। 3 जनवरी को देश में 11,54,302 नमूनों का परीक्षण हुआ था। यह संख्या बहुत कम है क्योंकि इससे किसी वायरस संक्रमण के विस्तार के बारे में कोई गहन जानकारी नहीं मिल सकती है। सितंबर के बाद से रोज परीक्षणों की संख्या में काफी गिरावट आई है और ये दिसंबर के पहले सप्ताह में 9-12 लाख के बीच थे। इसकी तुलना केन्द्र द्वारा पिछली मई में किए गए टेस्टों से की जानी चाहिए जिनकी संख्या रोज 4-4.5 मिलियन थी। कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान औसतन रोज 16.8 मिलियन टेस्ट किए गए थे।

# कोरोना से संघर्ष में ट्रिप्स की बाधा

## दुनिया के बड़े हिस्से में टीकाकरण सुविधाओं की कमी तथा कोविड-19 के महंगे इलाज का असर सभी लोगों, खासकर गरीबों पर पड़ रहा है।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)

पिछले दो साल से मानवता वैश्विक महामारी की भयावहता से गुजर रही है जिसका अंत निकट भविष्य में नहीं दिखता है। समाप्त होने के बजाय वैश्विक महामारी की स्थिति एक के बाद दूसरी लहर आने से और खराब हो रही है। पिछले कुछ सप्ताहों में ओमीक्रान नामक नए स्वरूप के विस्तार के कारण दुनिया भर में भय का वातावरण बन गया है। मानवता को न केवल बीमारी का बोझ उठाना पड़ रहा है, बल्कि दुनिया के एक बड़े हिस्से में टीकों के अभाव तथा महंगी दवा-इलाज के कारण बीमारी से सारी जनता, खासकर गरीब अत्यधिक प्रभावित हैं। ऐसी स्थिति में वैक्सीनों की सभी स्थानों पर उपलब्धता तथा बीमारी होने पर सस्ती दवाओं की उपलब्धता मानवता को बचाने की आवश्यक शर्त बन गई है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 के इलाज में जरूरी दवाओं और उपकरणों पर अनेक कंपनियों का पेटेंट व अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार है। इसके साथ ही कंपनियों का वैक्सीन बनाने वाले फार्मूलों तथा उनमें प्रयोग होने वाले कच्चे माल पर भी अधिकार है।

सरकार की सतर्कता, वैज्ञानिकों के प्रयास तथा कोरोनावायरस वैरियर्स के कठोर परिश्रम के कारण भारत की स्थिति इस वैश्विक महामारी से लड़ने में दुनिया के अनेक देशों की तुलना में बेहतर है। लगभग 142 करोड़ टीकाकरण के साथ देश की 65 प्रतिशत जनसंख्या का पूर्ण टीकाकरण तथा लगभग 80 प्रतिशत का एक खूराक से आंशिक टीकाकरण हो गया है। उम्मीद की जाती है कि भारतीय जनसंख्या ने कोविड-19 से लड़ने की अच्छी प्रतिरक्षा क्षमता प्राप्त कर ली है। यह भी उम्मीद है कि भारत स्वयं को नए ओमीक्रान स्वरूप से बचाने में भी सफल होगा। लेकिन बाकी दुनिया इतनी सौभाग्यशाली नहीं है। दुनिया के अनेक देशों में टीकाकरण की प्रक्रिया अभी शुरू भी नहीं हुई है। महंगा दवा-इलाज एक प्रकार से इन देशों में गरीबों के लिए मौत की घंटी है।




ट्रिप्स से रियायत का क्या अर्थ होगा? पिछले साल अक्टूबर में भारत और दक्षिण अफ्रीका ने विश्व व्यापार संगठन में एक याचिका देकर व्यापार संबंधी बौद्धिक संपदा अधिकारों-ट्रिप्स से रियायत की प्रार्थना की थी ताकि वैक्सीनों और कोरोना औषधियों की दुनिया में उपलब्धता सारी मानवता को सस्ती कीमतों पर हो सके। वैश्विक रूप से ट्रिप्स देशों को बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान अनिवार्य बनाता है। ऐसे में ट्रिप्स से रियायत का अर्थ होगा कि कंपनियों का एक निश्चित समयसीमा तक वैक्सीनों, दवाओं व चिकित्सा उपकरणों पर बौद्धिक संपदा अधिकार नहीं होगा। इससे भारत समेत दुनिया के अनेक देश अपने आप वैक्सीनों, दवाओं और उपकरणों का निर्माण कर सकेंगे। डब्लूटीओ में भारत और दक्षिण अफ्रीका की इस मांग का 100 से अधिक देशों ने समर्थन किया है।

हालांकि, शुरुआत में अमेरिका इसका विरोध कर रहा था, पर बाद में उसने अपना दृष्टिकोण बदला तथा ट्रिप्स से रियायत का समर्थन किया, हालांकि यह केवल वैक्सीनों के लिए था। लेकिन यूरोपीय संघ ने लगातार इस प्रस्ताव का विरोध किया है। हालांकि, हाल में उसने अपने दृष्टिकोण में थोड़ी नरमी बरती है, लेकिन अभी भी वह अपनी सहमति देने के लिए अनेक शर्तें लगा रहा है। जेनेवा, स्विटजरलैंड में 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक होने वाली विश्व व्यापार संगठन की 30वीं बैठक में इस पर निर्णय की उम्मीद थी, पर महामारी के फैलाव के कारण यह स्थगित हो गई। ओमीक्रान के खतरे के कारण अब पूरी दुनिया में फिर चिन्ता व्याप्त है कि क्या मानवता बिना वैक्सीन व इलाज के इसी प्रकार पीड़ित होती रहेगी या इस बारे में जल्द ही कोई फैसला किया जाएगा। विश्वास किया जाता है कि यदि भारत और अफ्रीका का प्रस्ताव समय रहते स्वीकार कर लिया जाता तो इस समय दुनिया भर में टीकाकरण की गति बहुत तेज होती। लेकिन दु:ख की बात है कि अधिकांश पेंटेटों व बौद्धिक संपदा अधिकारों-आईपीआर वाली कंपनियों के स्वामी अमेरिका और यूरोपीय संघ बीमारी को थामने व इसके इलाज में बाधा डाल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भले ही अमेरिका ने वैक्सीन से ट्रिप्स रियायत पर सहमति दी हो, पर उसने इसका विस्तार दवाओं तक करने की सहमति नहीं दी है।


पहले के किसी भी समय की तुलना में इस समय ट्रिप्स से रियायत की आवश्यकता अधिक है। ओमीक्रान के आने से ट्रिप्स रियायत की आवश्यकता कई गुना बढ़ गई है। सच है कि यदि यह निर्णय जल्द लिया जाए तो हम अब भी अनेक लोगों का जीवन बचा सकते हैं। हालांकि, भारत में कुछ लोगों का तर्क है कि भारत अपनी पूरी जनसंख्या का टीकाकरण करने में सक्षम है और वह जल्द ही यह लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। इसके साथ ही जब अनेक कंपनियां स्वेच्छा से भारतीय कंपनियों को अपनी पेटेंटेड दवायें दे रही हैं तो अब भारत के लिए ट्रिप्स रियायतों का कोई महत्व नहीं है। उनका यह भी कहना है कि भारत ने एक प्रभावी वैक्सीन तैयार की है जो न केवल भारत, बल्कि निर्यात के लिए भी तैयार है।

ऐसे में भारत को आईपीआर का लाभ उठाते हुए इसे बाकी दुनिया को देना चाहिए। इस संबंध में हमें याद रखना चाहिए कि ट्रिप्स से रियायत की भारत व दक्षिण अफ्रीका की मांग केवल अपने लिए नहीं, बल्कि सारी मानवता के लिए थी। भारत में कुछ विदेशी कंपनियों ने कोरोनावायरस चिकित्सा के लिए आवश्यक दवाओं के लाइसेंस स्वैच्छिक रूप से भारतीय कंपनियों को दिए हैं, पर उनकी कीमत अब भी बहुत अधिक है। यदि इन दवाओं को ट्रिप्स के प्राविधानों से अलग कर दिया जाए तो उनका निर्माण ज्यादा सस्ती कीमतों पर हो सकेबा और भारत तथा सारी दुनिया में इनसे गरीबों को इलाज में सहायता मिलेगी। केवल इतना ही नहीं, स्वैच्छिक लाइसेंस की शर्तों के अनुसार भारतीय कंपनियां इन दवाओं का निर्माण और बिक्री केवल भारत में कर सकेंगी। ऐसी स्थिति में विश्वास किया जाता है कि स्वैच्छिक लाइसेंस मिलने के बाद भी ये दवायें दुनिया की आधी से अधिक जनसंख्या को उपलब्ध नहीं होंगी। यह स्थिति सारी मानवता के लिए अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है। वास्तव में ट्रिप्स रियायत में विलम्ब ट्रिप्स समझौते तथा विश्व व्यापार संगठन की ट्रिप्स व सार्वजनिक स्वास्थ्य पर दोहा घोषणा की भावना के खिलाफ है। इस प्रकार अनिवार्य लाइसेंस का स्वैच्छिक लाइसेंस कोई विकल्प नहीं है।

आज टीकाकृत व गैर-टीकाकृत लोगों के बीच नस्लभेद की एक नई दुनिया उभर रही है। स्विटजरलैंड के जेनेवा में प्रस्तावित मंत्रीस्तरीय सम्मेलन में कवेल उन लोगों को भाग लेने की अनुमति मिलती जिनका विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित वैक्सीन से पूर्ण टीकाकरण हो चुकता। अन्य लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आयोजकों को उनकी हर 72 घंटे पर आरटीपीसीआर रिपोर्ट की जरूरत पड़ती। महत्वपूर्ण बात है कि दुनिया के अनेक देशों में अभी टीकाकरण शुरू नहीं हुआ है या वे इस दिशा में शुरुआती कदम उठा रहे हैं। अत: अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ऐसे गैर-टीकाकृत देशों का प्रतिनिधित्व नहीं हो सकता है।

इस स्थिति में समय की आवश्यकता है कि अमेरिका और यूरोप के समृद्ध देशों को ट्रिप्स रियायत की मांग स्वीकार करनी चाहिए क्योंकि ऐसा न कर वे मानवता को खतरे में डाल रहे हैं। इन देशों पर अपना दृष्टिकोण बदलने के लिए दबाव डाला जाना चाहिए। प्रेस, मीडिया, बुद्धिजीवियों तथा जन प्रतिनिधियों को ऐसा माहौल बनाना चाहिए कि ये देश ट्रिप्स रियायत पर सहमति देने को मजबूर हो जाएं। मानवता की रक्षा का यही एकमात्र रास्ता है।

# प्रतिरक्षा के बजाए आक्रमण पर जोर



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक राज्यसभा के पूर्व सदस्य हैं)

यह एक सैन्य स्वयंसिद्ध है कि एक आक्रामक सैन्य अभियान में आमतौर पर रक्षात्मक की तुलना में रक्त, धन और संसाधनों का तीन गुना खर्च होता है। फिर भी, विजेता - महत्वाकांक्षी और अधीर जैसा कि वे आमतौर पर होते हैं - एक विरोधी के उकसावे पर हमला करने के लिए पर्याप्त प्रतीक्षा नहीं करते हैं। पिछली शताब्दी में, एडॉल्फ हिटलर दुश्मन के पहले हमला करने की प्रतीक्षा करने के लिए पर्याप्त धैर्य नहीं रखने का एक उत्कृष्ट उदाहरण था। 19वीं शताब्दी में नेपोलियन बोनापार्ट ऐसा ही एक मामला था। नेपोलियन और हिटलर की हार हुई; बाद वाला भी मौत के साथ। हिटलर के मामले में, एक महिला क्रिस्टल-गेज़र ने भविष्यवाणी की थी कि उसे 1943 तक अपनी सैन्य महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना होगा। उसके बाद, उसके क्रिस्टल ने एक काला पर्दा दिखाया। हिटलर ने भी रेडियो बर्लिन पर घोषणा की थी कि वह अपने 50 के दशक तक प्रतीक्षा करने के बजाय अपने 40 के दशक में लड़ना पसंद करेंगे।

एक सैनिक को प्रशिक्षण देना और उसे बनाए रखना महंगा होता है। इस खर्च में जोड़ा गया मानवीय कारक है जैसे किसी के भाइयों के जीवन ने अपने देश की रक्षा के लिए स्वेच्छा से काम किया है। हमारे देश के सैनिकों के कार्रवाई में गिरने की घटनाएं अधिकांश भारतीयों को दुखी करती हैं। हमारा नवीनतम अनुभव एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और 13 अन्य लोगों की दुखद मौत रहा है। यदि वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है या नौसेना का जहाज डूब जाता है तो इस तीव्रता की भावना को देखा या महसूस नहीं किया जा सकता है; जैसा कि 1971 के युद्ध में आईएनएस खुकरी ने किया था। अधिकांश देश सैन्य बलों के प्रभारी अपने पदाधिकारियों को मंत्री या रक्षा सचिव कहते हैं, हालांकि कुछ देशों में उन्हें युद्ध सचिव के रूप में जाना जाता है; उदाहरण के लिए डब्लूडब्लू आई में यूनाइटेड किंगडम। यह एक मंत्री के गर्व से युद्ध करने वाले कहे जाने की अंतर्निहित शर्मिंदगी के कारण हो सकता है।

फिर भी, ज्ञात इतिहास के माध्यम से, अपने स्वयं के सैनिकों की रक्षा करने की तुलना में दुश्मन सैनिकों को मारने के लिए अधिक ध्यान और व्यय समर्पित किया गया है। तलवार और भाले की कीमत ढाल से कहीं अधिक है। पिछली सदियों में, सैनिकों के घायल होने की स्थिति में कोई दवा नहीं थी; न ही घायल



सिपाही को बचाने के लिए एंबुलेंस उपलब्ध थी। स्टैनफोर्ड इनसाइक्लोपीडिया हमें सूचित करता है कि संगठित चिकित्सकों की प्रणाली 19 वीं शताब्दी में नेपोलियन युद्धों के दौरान शुरू हुई थी। जानवरों के लिए - मुख्य रूप से घोड़े - यूरोप में और भारत में हाथियों और ऊंटों के लिए, युद्ध में उनकी तैनाती समाप्त होने तक कभी भी कोई चिकित्सा सुविधा नहीं थी। बारूद का आगमन और बाद में फील्ड गन का आविष्कार, एक क्रांतिकारी हथियार, दुश्मन के लिए अधिक हानिकारक थे, लेकिन अपने स्वयं के सैनिकों के लिए कोई सुरक्षात्मक उपयोगिता नहीं थी। 1521 में पर्मा की लड़ाई में स्पेन में मस्कट का सक्रिय रूप से उपयोग किया गया था, इसके डिजाइन में सुधार के साथ आधुनिक राइफल में बदलने के लिए, जिसमें कारतूस एक खांचे में यात्रा करता है। यह 19 वीं शताब्दी में अंग्रेजी गणितज्ञ बेंजामिन रॉबिन्स द्वारा कल्पना की गई यांत्रिकी के आधार पर विकसित किया गया था। यह पूरी तरह से आक्रामक हथियार था। इसके बाद हेलमेट सैनिकों के लिए अनिवार्य युद्ध-साधन बन गए। हेडगियर प्राचीन है लेकिन इसका लगातार उपयोग प्रथम विश्व युद्ध के दूसरे भाग में ही शुरू हुआ। बुलेटप्रूफ जैकेट अभी तक सभी सैनिकों के लिए अनिवार्य नहीं है, हालांकि इसका उपयोग अब दुनिया भर में विशेष बलों द्वारा अनिवार्य रूप से अनिवार्य किया जा रहा है।

सैनिकों के लिए रक्षात्मक या सुरक्षात्मक उपकरणों के विकास में इस तरह की घोंघे की गति की प्रगति का कारण उन आक्रमणकारियों और विजेताओं की मानसिकता में खोजा जाना चाहिए, जो विजय में विश्वास करते थे और जीते थे। राज्यों, साम्राज्यों और बाद में, राष्ट्रों के राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए युद्ध सबसे शक्तिशाली साधन थे। अधिकांश इतिहास के लिए प्रादेशिक विजय और निरंतर विस्तार युग का क्रम था। सैनिकों को एक बेरहम मशीनरी के पहिये में या तोप के चारे के रूप में देखा और व्यवहार किया जाता था। वे सामाजिक-आर्थिक सीढ़ी के सबसे निचले पायदान से आए थे और आम लोगों के लिए अपनी जमीन, धर्म और जीवन के तरीके से निर्विवाद लगाव के अलावा अपने जीवन को शामिल करने और त्यागने के लिए प्रोत्साहन भी लूट में हिस्सेदारी का वादा था। अंतिम कारक विशेष रूप से राजाओं और साहसी लोगों के लिए महत्वपूर्ण था जो दूर-दराज के देशों में विजय के लिए सक्षम पुरुषों की भीड़ को लाइन में लगाना चाहते थे। सैनिक अपने राजा, देश या भगवान के लिए लड़ने और मरने के लिए थे; 19वीं सदी तक ऐसी ही सोच थी।

नेपोलियन युग के दौरान राजनयिक, राजनेता और ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री प्रिंस क्लेमेंस वॉन मेट्टर्निच ने नेपोलियन से मुलाकात की और उसे मानव जीवन की कीमत पर यूरोप पर आधिपत्य की अपनी खोज को रोकने के लिए मनाने की कोशिश की। बोनापार्ट का नरम जवाब था- 卐आप जैसे अभिजात वर्ग हमें छावनी में पैदा हुए सैनिकों को नहीं समझते हैं (नेपोलियन एक में पैदा हुआ था)। वे (सैनिक) लड़ने और मरने के लिए हैं। मैं उनके बारे में कोई लानत नहीं देता और न ही वे करते हैं।卐 उन बुरे दिनों के बाद से चीजें निश्चित रूप से एक लंबा सफर तय कर चुकी हैं।

दो विश्व युद्धों के साथ-साथ एक परमाणु प्रलय की संभावित भयावहता ने निश्चित रूप से संघर्ष और युद्ध के दृष्टिकोण में एक समुद्री परिवर्तन को मजबूर कर दिया है। जबकि केवल भोले ही मानते हैं कि युद्ध अतीत की बात है, रक्षा या युद्ध उद्योग की प्रौद्योगिकियां निर्विवाद रूप से लड़ने वाले व्यक्ति की सुरक्षा और उसके व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण के लिए बढ़ती चिंता को दर्शाती हैं।

## आप की बात

### भगदड़ रोकने हेतु सुरक्षा प्रबंध

**नए** वर्ष में वैष्णो देवी मंदिर में हुई भगदड़ में 12 लोगों की जान और 16 श्रद्धालु घायल हो गए। उपराज्यपाल ने इस पर दुख व्यक्त करते हुये मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिये। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ का प्रभावी प्रबंधन करने के लिये उपयुक्त तकनीक इस्तेमाल करने को कहा और श्राइन बोर्ड को यात्रियों की सुरक्षा के लिये ऊठाये गए कदमो की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। धार्मिक स्थलों और आयोजनों में उमड़ी भीड़ के नियंत्रण के लिये मुस्तैद और अनुशासित सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत होती है।भारत देश मे पूर्व में हुई भगदड़ का सबक लेकर कोई ठोस रणनीति नही बनाई जाती और जाँच रिपोर्ट्स जो आती है। उनका कोई खुलासा नही होता। कुछ समय बाद सारी रिपोर्टें ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है। उप्र में प्रयागराज में आयोजित विशाल कुम्भ मेले में करोड़ों लोगो ने शांतिपूर्ण ढंग और बिना किसी बाधा के संगम में स्नान किया। इसके लिये प्रदेश सरकार द्वारा पुलिसकर्मियों को एनएसजी से प्रशिक्षण दिलाया था। अव्यवस्था और अनुशासनहीनता करने वाले लोगों पर पलक झपकते ही नियंत्रण करने में सक्षम थे। आज ऐसी व्यवस्था हर तीर्थ स्थल पर करने की जरूरत है।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### सोशल मीडिया का दुरुपयोग

**बीस** यू-ट्यूब चैनलों और दो वेबसाइटों को भारत-विरोधी दुष्प्रचार का दोषी मानते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा ब्लॉक किए जाने और यू-ट्यूब प्रबंधन को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश बताता है कि वर्चुअल दुनिया की गतिविधियां अब कितनी गंभीर हो चली हैं और इन गतिविधियों ने कितने व्यापक रूप से समाज को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर अधिकांश लोग अच्छी बातें पढ़ते और लिखते हैं !मगर कुछ मुट्ठी भर लोग इसका जमकर दुरुपयोग कर रहे हैं! जिसके चलते अफवाहें फैल जाती है कई लोग मनगढ़ंत अफवाहें फैलाते हैं जिनके कारण लोगों में भ्रम व शंकाए व्याप्त हो जाती है। टीकाकरण को लेकर शुरू से ही तरह-तरह के अफवाहें फैलाई गई हैं। और अब किशोरों के टीके में भी एक्सपायरी डेट के अफवाह फैलाई गई! ऐसे हालातों को देखते हुए सरकार को कुछ ऐसे कदम उठाने होंगे कि अभिव्यक्ति की आजादी भी अप्रभावित रहे और अफवाह फैलाने वाले व सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वाले लोग इससे बचने ना पाए। सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले लोगों को भी हर खबर पढ़ते वक्त या फॉरवर्ड करते वक्त अपने विवेक का उपयोग करना चाहिए।

- **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### स्वच्छता की अनिवार्यता

**साफ**-सफाई न होने से भी बहुत सी बीमारियां पनपने के कारण इंसान इलाज करते हुएआर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है। इसलिए स्वच्छता बनाए रखना अनिवार्य हो जाता है। यह तो हमारा ही दायित्व बनता है। ज्यादातर सोच को दूर करना होगा की साफ - सफाई करने में शर्म आती है लोग क्या कहेंगे? किन्तु स्वच्छता न होने से पनपे विभिन्न रोगों से जब पीड़ित होते है तब साफ सफाई की बाते अपने आप ही समझ में आ जाती है। साफ सफाई का संदेश और जागरूकता लाना हर इंसान का कर्तव्य है। क्योंकि साफ नगर - स्वच्छ नगर बीमारियों ,प्रदूषण को मुक्त रख कर स्वस्थ्यता का लाभ से हमें एक नई दिशा प्रदान कर सकता है। साफ सफाई करने हेतु आपस में सहयोग की भावना को बढ़ावा देकर स्वस्थ गांव-शहर समाज का निर्माण में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा ताकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के लक्ष्य को पूरा करने में हम सभी एक साथ मिलकर सहयोग कर स्वच्छ नगर बनाने में अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से अदा कर सके।

- **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**मेरी** जांच में कोविड पॉजिटिव पाया गया है। हल्के लक्षण हैं। मैंने स्वयं घर में एकांतवास पर हूं।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**ब्रिटेन** के राज्य संचालित अस्पतालों को आने वाले सप्ताहों में भारी दबाव का सामना करना पड़ेगा।

- **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**हर** रात भगवान कृष्ण मेरे सपनों में प्रकट होते हैं और मुझसे कहते हैं कि हम यूपी में सरकार बनाएंगे।

- **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख

# पीड़ित-वंचितों का दुःख समझते हैं, इसलिए दोगुनी की पेंशनः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- 56 लाख वृद्धजनों, 31 लाख निराश्रित महिलाओं, 11.17 लाख दिव्यांगजन, 11400 कुष्ठरोगियों को एकमुश्त मिली तीन माह की पेंशन
- 98.28 लाख लाभार्थियों के बैंक खाते में सीएम ने भेजी 2955.36 करोड़ की पेंशन राशि




**प्रदेश के** 56 लाख वृद्धजनों, 31 लाख निराश्रित महिलाओं, 11.17 लाख दिव्यांगजन और 11400 कुष्ठरोगियों को एकमुश्त मिली तीन माह की पेंशन मिल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 98 लाख 26 हजार से अधिक लाभार्थियों के बैंक खाते में 2955.36 करोड़ की राशि ऑनलाइन भेज दी। वर्चुअल माध्यम से संपन्न इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ बिजनौर, वाराणसी, सहारनपुर, चित्रकूट और देवरिया के वृद्धजनों, निराश्रित महिलाओं, कुष्ठरोगियों और दिव्यांगजनों ने बातचीत कर अपना हाल-चाल भी सुनाया और पेंशन राशि दोगुनी करने के लिए सीएम का आभार भी जताया। लाभार्थियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी सरकार वृद्धजनों, निराश्रित महिलाओं, दिव्यंगजन सहित हर पीड़ित, वंचित और जरूरतमंद की भावनाओं को समझती है। यही कारण है कि सरकार ने सबकी मासिक पेंशन राशि दोगुनी कर दी है। यही नहीं दिव्यांगगजन को 2017 के पहले जहां 300 रुपए मिलते थे, उसे पहले 500 रुपए और अब 1000 किया गया। 2017 तक मात्र 37 लाख 47 हजार वृद्धजनों को 500 रुपये मासिक मिलते थे आज इन्हें 3000 तिमाही मिल रही है और इन पौने पांच वर्षों में 19 लाख 47 हजार नए वृद्धजन इस पेंशन से जुड़े हैं। 13 लाख 68 हजार अतिरिक्त निराश्रित महिलाओं, 2.34 लाख नए दिव्यांगजनों और 6665 वंचित कुष्ठरोगियों को भी अब पेंशन मिलने लगी है। सीएम योगी ने कहा कि प्रशासन के साथ-साथ हर लाभार्थी भी यह प्रयास करे कि उसके आस-पास अगर कोई ऐसा है जिसे यह पेंशन मिलनी चाहिए पर नहीं मिल रही, तो जरूर बताएं। यह सुनिश्चित करें कि एक भी पात्र व्यक्ति पेंशन से वंचित न रहे और एक भी अपात्र इसका लाभ न ले सके। कोरोनाकाल की चुनौतियों को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी के परिवार में कोई कोरोना से असमय काल-कवलित हुआ है तो परिजनों को 50000 की राशि भी मिल रही है और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और भरण-पोषण के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना भी शुरू की गई है। हर किसी के लिए सरकार व्यवस्था कर रही है।

### सुनाया हाल-चाल, पेंशन को डबल करने पर दिया धन्यवाद

पेंशन की डबल राशि बैंक खाते में आने के बाद मुख्यमंत्री से बातचीत करते हुए वाराणसी के दिव्यांग युवा बजरंगलाल ने मुख्यमंत्री को पेंशन में बढ़ोतरी पर धन्यवाद दिया। वहीं सीएम के पूछने पर बताया कि वह दन्तमंजन बनाकर घर-घर बेचते हैं। इसमें सरकार की ओर से मिली ट्राई साइकिल मददगार है। मुख्यमंत्री ने बजरंग के बेटी को स्कूल भेजने पर खुशी जताई और हर तरह की मदद का भरोसा भी दिया। वहीं सहारनपुर की निराश्रित महिला रविता ने बाल सेवा योजना और कोविड से मृतकों के परिवारीजनों को मिली 50 हजार की सहायता के लिए सीएम का आभार जताया और अपने लिए आंगनवाड़ी केंद्र में नियुक्ति की अपील की। मुख्यमंत्री ने तत्काल जिलाधिकारी को रविता के आवेदन पर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। वृद्धावस्था पेंशन पाने वाले बिजनौर के रामपाल सिंह, निराश्रित महिला पेंशन की लता राठौर, दिव्यांग सुखदेव, वाराणसी की मुन्नी देवी, नाहिदा परवीन, चित्रकूट के दुर्गा प्रसाद, अंतिमा साहू, दिव्यांग राजेन्द्र, देवरिया के बुजुर्ग लक्ष्मी प्रसाद, प्रेमशीला और गिरीश गिरी सहित अनेक लाभार्थियों ने सीएम को बताया कि उन्हें हर माह मुफ्त राशन, चना, दाल, तेल, नमक आदि मिल रहा है।



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री व राजस्थान एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह की जयन्ती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए।**

## सीएमओ स्तर के सात चिकित्सकों का तबादला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य सरकार** ने सीएमओ स्तर के 7 चिकित्सकों का तबादला कर दिया है। सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक डॉ सुधाकर प्रसाद पांडे को महोबा का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डॉ सुधाकर प्रसाद अभी तक महोबा के जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर कार्यरत थे। इसी प्रकार रामपुर के जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ प्रदीप वार्ष्णेय को बदायूं का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है, कासगंज के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सत्यपाल सिंह को रामपुर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डॉ तन्मय कक्कड़ जो अभी तक बलिया के मुख्य चिकित्सा अधिकारी थे उन्हें मथुरा में जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ परामर्शदाता बनाकर भेजा गया है। गोरखपुर के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नीरज कुमार पांडे को बलिया का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। सोनभद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नेम सिंह को भदोही के जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर का वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया है, जबकि प्रयागराज के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश सिंह ठाकुर को सोनभद्र का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है।

## अच्छा शोध करें, कराएं पेटेंटः प्रो. संगीता शुक्ला

- कुलपति ने किया कई विभागों का भ्रमण
- विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

संवाददाता। मेरठ



**चैधरी** चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की कुलपति प्रो. संगीता ने बुधवार को कई विभागों को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों से बातचीत की तथा विधार्थियों को अच्छा शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया। सबसे पहले कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला भौतिक विज्ञान विभाग पंहुची और वहां सभी शिक्षकों से परिचय किया तथा शिक्षकों से उनका शोध क्षेत्र जाना। साथ ही रिसर्च लैब का भी भ्रमण किया। शोध छात्रों से बातचीत की तथा अच्छा शोध करने के लिए जोर दिया। डीएसपी, डीएचआर तथा उत्तर प्रदेश सरकार व यूजीसी द्वारा रिलीज फंड से बनी लैब को भी देखा। शिक्षकों व विधार्थियों से शोध करने व उसको पेटेंट कराने के लिए कहा। इस दौरान प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि शोध के मामले में विश्वविद्यालय का सबसे अच्छा विभाग भौतिक विज्ञान विभाग है। शिक्षकों द्वारा किए गए शोधों की सराहना की। इसके बाद वनपति विज्ञान का भ्रमण किया। वहां भी कुलपति ने सभी शिक्षकों व विघार्थियों से परिचय किया। कुलपति व प्रति कुलपति ने वनस्पति विज्ञान विभाग में पौधा रोपण भी किया। वहां की लैब तथा शिक्षकों के शोध क्षेत्र के बारे में जाना। कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने विष विज्ञान विभाग, एजी बॉटनी विभागों का भी भ्रमण किया।

### इस वर्ष भी वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत ही भरे जाएंगे प्राईवेट परीक्षा के फार्म

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को विवि परीक्षा समिति की एक बैठक प्रशासनिक भवन के समिति कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें पूर्व की भांति प्राईवेट परीक्षा के परीक्षा फार्म इस वर्ष भी वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत ही भरे जाएंगे। प्राईवेट परीक्षा में पंजीकृत अभ्यर्थियों का पंजीकृत केंद्र उपाधि पूर्ण करने तक एक ही रहेगा । इसके अतिरिक्त एक वर्ष के लिए काल बाधित अभ्यर्थी 5 हजार रूपये तथा दो वर्ष के लिए काल बाधित अभ्यर्थी 10 हजार रूपये शुल्क जमा करके अपनी उपाधि पूर्ण कर सकते हैं। परीक्षा समिति ने निर्णय लिया कि केवल एकल विषय में ही परीक्षा फार्म भरे जा सकेंगे । प्रथम वर्ष सेमेस्टर में प्रमोट छात्र यदि द्वितीय सेमेस्टर/वार्षिक में फेल है तो उसको द्वितीय वर्षध्सेमेस्टर की परीक्षा दोबारा से देनी होगी। द्वितीय वर्ष सेमेस्टर की परीक्षा में आए अंको के आधार पर प्रथम वर्ष सेमेस्टर की अंकतालिका में संशोधन किया जाएगा।

## पूर्व मंत्री आजम खान को 18 जनवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया

विधि संवाददाता। लखनऊ

**सीजेएम** रवि कुमार गुप्ता ने मानहानि व विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता पैदा करने का प्रयास करने के एक आपराधिक मामले में पूर्व मंत्री मोण् आजम खान को 18 जनवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बुधवार को अदालत के समक्ष मुल्जिम मो. आजम खान को सीतापुर जेल से जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग पेश किया गया था। एक फरवरी 2019 को इस मामले की एफआईआर आल इंडिया मुस्लिम काउंसिल के अल्लामा जमीर नकवी ने थाना हजरतगंज में आईपीसी की धारा 500 व 505 के तहत दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक मो. आजम खान ने मंत्री रहते हुए अपने लेटर हेड व सरकारी मोहर का दुरुपयोग कर भाजपा, आरएसएस व मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद नकवी को मीडिया में बदनाम किया। राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर छवि धूमिल कर इनकी मान प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाया।

## बीजेपी ने घोषित की प्रदेश चुनाव समिति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** ने विधान सभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश चुनाव समिति की घोषणा की है। बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के अनुमोदन के उपरान्त पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश चुनाव समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा की है।

प्रदेश चुनाव समिति में प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डा दिनेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल, प्रदेश सहमहामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा रमापति राम त्रिपाठी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बेबी रानी मौर्या, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद रेखा वर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद अरूण सिंह, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक, केन्द्रीय मंत्री डा संजीव बालियान, राष्ट्रीय मंत्री विनोद सोनकर, सांसद राजवीर सिंह, केंन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई, प्रदेश महामंत्री अश्वनी त्यागी को सम्मिलित किया गया है जबकि प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा एवं सांसद गीता शाक्य प्रदेश चुनाव समिति की पदेन सदस्य होगीं। प्रदेश चुनाव समिति में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी सांसद राधा मोहन सिंह, प्रदेश सह प्रभारी विधायक संजीव चौरसिया, प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा, राष्ट्रीय मंत्री प्रदेश सहप्रभारी वाई सत्याकुमार विशेष आंमत्रित सदस्य होंगे।

## लक्षणविहीन व माइल्ड मरीजों के लिए अब सात दिन का होम आइसोलेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- केंद्र सरकार ने जारी की नई गाइडलाइन, प्रदेश में होगी लागू

**केन्द्र** सरकार ने कोरोना के लक्षणविहीन और हल्के-फुल्के लक्षण वाले मरीजों के लिए होम आइसोलेशन की अवधि कम कर दी है। अब इन दोनों श्रेणी के मरीज सात दिन में अपना होम आइसोलेशन खत्म कर सकते हैं।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बुधवार को बताया कि केन्द्र सरकार की गाइडलाइन प्राप्त हुई है जिसे प्रदेश में भी लागू किया जाएगा। होम आइसोलेशन की संशोधित गाइडलाइन के मुताबिक कोरोना के लक्षणविहीन मरीज व हल्के-फुल्के लक्षण वाले मरीजों को सात दिन आइसोलेट रहने पर डिस्चार्ज किया जा सकता है। सात दिन तक आइसोलेशन में रहने के बाद इन मरीजों को दोबारा कोविड टेस्ट कराने की भी जरूरत नहीं होगी। गाइडलाइन में लक्षणविहीन उन मरीजों को माना गया है जिनका कोविड टेस्ट तो पाजिटिव आया हो लेकिन उनमें बुखार, खांसी टाइप के कोई लक्षण न हों। हल्के-फुल्के लक्षण वाले मरीज उन्हें कहा जाएगा जो खांसी, बुखार के लक्षण वाले होंगे लेकिन दोनों श्रेणी के मरीजों का आक्सीजन लेवल 93 से कम नहीं होना चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि निश्चित तौर पर प्रदेश में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ी है लेकिन ज्यादातर होम आइसोलेशन में इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते 24 घंटों में प्रदेश में 2038 कोरोना पाजिटिव मरीज मिले हैं लेकिन इनमें अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या नगण्य है। इससे साफ है कि संक्रमण तीव्र नहीं है। हालांकि उन्हें प्रदेशवासियों को कोरोना प्रोटोकाल का पालन करने की भी हिदायत दी।

## सपा व्यापार सभा चलाएगी हल्ला बोल अभियान

**लखनऊ।** समाजवादी व्यापार सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संजय गर्ग के नेतृत्व में व्यापार सभा की प्रदेश, जिला व महानगर कार्यकारिणी द्वारा 2022 चुनाव के मद्देनजर बाज़ारों में भाजपा की पोल खोलो, व्यापारियों अब हल्ला बोलो अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत व्यापार सभा के पदाधिकारी प्रत्येक बाजार, मण्डी, कस्बे में व्यापारियों विशेषकर छोटे दुकानदारों के बीच व्यापार बचाना है तो अखिलेश सरकार लाना है, संवाद चलाएंगे व चौपाल लगाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष संजय गर्ग ने बताया कि समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व्यापारियों के बीच जाकर बीजेपी सरकार के विश्वासघात भरे कार्यकाल को बताएंगे एवं समाजवादी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे। प्रदेश महासचिव अभिमन्यु गुप्ता ने जानकारी दी कि प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं की बाज़ारों में समाजवादी व्यापार सभा के प्रतिनिधियों द्वारा पोल खोल चौपालों का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बंध में सभी 75 जिला की इकाईयों को निर्देशित कर दिया गया है।

## साजिशों की राजनीति करती है भाजपाः अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सन् 2022 में होने वाला चुनाव संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। भाजपा साजिशों की राजनीति करती है और चुनाव की निष्पक्षता को नष्ट करने पर उतारू हैं। गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र आदि प्रदेशों के भाजपा एवं आरण्एसण्एसण् के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता चुनावों को प्रभावित करने के लिए उत्तर प्रदेश में आ चुके हैं। संविधान और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों पर भाजपा बराबर हमलावर रही है। यही भाजपा का मूल एजेण्डा भी है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा नेतृत्व का मात्र संगठन आरएसएस न तो स्वतंत्रता संग्राम में शामिल रहे और नहीं उनकी प्रतिबद्धता संविधान और उसमें उल्लिखित समाजवाद, पंथनिरपेक्षता पर हैं। लोकतंत्र के विरूद्ध उसका आचरण जगजाहिर है जबकि समाजवादी लोकतंत्र और सबके हक तथा सम्मान के लिए संघर्षरत रहे हैं। भाजपा ने समाज के दलितों, पिछड़ों के हक छीनकर उन्हें प्रताड़ित करने का काम किया है। भाजपा-समाजवादी पार्टी की नीति और नीयत में यही फर्क जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, लूट और षडयंत्र भाजपा की रणनीति और कार्यनीति के प्रमुख अंग है। जनता की गाढ़ी कमाई को अपने झूठे विज्ञापनों पर फूंकने में भाजपा का आचरण मर्यादाहीन है। समाजवादी सरकार ने विकासकार्यों पर धन खर्च किया था। समाजवादी पार्टी ने एक्सप्रेस.वे, मेट्रो के अलावा मेधावी छात्र छात्राओं को लैपटॉप बांटे, गरीब महिलाओं को पेंशन दिया और छात्राओं को कन्या विद्याधन बांटा। जबकि भाजपा अपने पूरे कार्यकाल में एक भी अपनी योजना नहीं ला सकी। न लैपटाप दिया और नहीं गरीबों को आवास दिए। भाजपा और सपा के कामों में यही अंतर है। जहां तक कानून व्यवस्था की स्थिति है भाजपा राज में सत्ता के संरक्षण में अपराधियों का बोलबाला है। भाजपा सरकार ने अब तक टापटेन अपराधियों की सूची भी नहीं जारी की हैं। भाजपा राज में किसानों पर जीप चढ़ाकर कुचल देने वाला मंत्री अभी तक नहीं हटाया गया है। भाजपा के अंधेरराज का यही परिचय है।अखिलेश ने कहा कि बेरोजगार नौजवान सरकारी विभागों में खाली पदों पर भर्ती की मांग को लेकर लगातार आंदोलित है। वे ताली थाली बजाकर भाजपा के विदाई गीत गा रहे हैं। समाजवादी सरकार में ही पुलिस पीएसी में भर्तियां हुई थी।

### अखिलेश से मिला सीपीआई (एमएल) का प्रतिनिधिमण्डल



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बुधवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय में सीपीआई एमएल के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट किया। प्रतिनिधिमण्डल में दीपांकर भट्टाचार्य महासचिव, सुधाकर यादव राज्य सचिव एवं रामजी राय शामिल थे। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी उपस्थित रहे। सीपीआई एमएल के प्रतिनिधियों ने इस मुद्दे पर सहमति जताई कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करने का षड्यंत्र किया है। भाजपा सत्ता के बलबूते चुनाव की विश्वसनीयता को खंडित कर रही है। ऐसे में समाजवादी विचारधारा के दल ही लोकतंत्र को बचा सकते हैं। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही लोकतंत्र सशक्त रह सकता है।

## सपा प्रतिनिधिमंडल जाएगा बलरामपुर व एटा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल जनपद बलरामपुर व एटा जायेगा। प्रतिनिधिमण्डल बलरामपुर के नगर पंचायत तुलसीपुर के पूर्व चेयरमैन तथा वर्तमान चेयरमैन पति फिरोज खान पप्पू की 4 जनवरी 2022 को उनके निजी आवास जरवा रोड तुलसीपुर आवास से मात्र 50 मीटर दूरी पर टहलते समय बदमाशों द्वारा गला रेतकर हत्या कर दी गयी। जिसकी जांच एवं पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट करने हेतु प्रतिनिधिमण्डल 6 जनवरी को जनपद बलरामपुर जायेगा। इसके अलावा एटा जाने वाले 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल जनपद एटा जायेगा। प्रतिनिधि मण्डल अलीगढ़ के प्रमुख उद्योगपति सीमेन्ट कारोबारी संदीप गुप्ता की दिनांक 27 दिसम्बर 2021 को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी जिसकी जांच एवं पीड़ित परिवार से शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु 7 जनवरी 2022 को जनपद एटा जाएगा।

## जल्द जारी हो सकता है एसआई के 9534 पदों की भर्ती परीक्षा का रिजल्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर यूपी पुलिस में एसआई के 9534 पदों के लिए हुई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जल्द ही जारी किया जा सकता है। एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद परीक्षार्थी यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर चेक कर सकेंगे। भर्ती परीक्षा की आंसर.की पहले ही जारी की चुकी है। इस पर आपत्तियां भी लीं जा चुकी हैं। यूपी पुलिस में 9534 एसआई भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 2021 का आयोजिन तीन चरणों में 12 नवंबर 2021 से 2 दिसंबर 2021 तक तक किया गया था। इस परीक्षा में प्रदेश के लाखों अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। एसआई भर्ती की लिखित परीक्षा में पास अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा केवल क्वालिफाइंग होगी यानी इसके मार्क्स मेरिट में नहीं जुड़ेंगे।

## यूपी में बढ़े 52 लाख नए वोटर

- चुनाव आयोग ने जारी की पुनरीक्षित मतदाता सूची

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में 52 लाख 80 हजार 882 नए मतदाता जोड़े गए हैं। इसमें परुषों की संख्या 28 लाख 86 हजार 988 है जबकि महिलाओं की संख्या 23 लाख 92 हजार 258 है। तृतीय लिंग के 1636 मतदाता जोड़े गए हैं। इसमें 18 से 19 साल के युवा मतदाताओं की संख्या 14 लाख 66 हजार 470 नाम जोड़े गए हैं। इस पुनरीक्षण में मतदाता सूची में जेण्डर रेशियो में सुधार हुआ है जो कि आलेख्य प्रकाशन के समय 857 था, जो वर्तमान में 868 हो गया है, 11 अंकों की बढ़ोत्तरी हुई है। इस पुनरीक्षण अवधि में कुल 2140278 मतदाताओं के नाम विभिन्न श्रेणियों के विलोपित किये गये हैं। जिसमें से आयोग के निर्देशन में विलोपन संबंधी कार्यवाहियों के परिणामस्वरूप 1000050 मृतक श्रेणी, 332905 शिफ्टेड श्रेणी तथा 794029 रिपीटेड श्रेणी में विलोपित किए गए।

अजय कुमार शुक्ला ने निर्वाचन कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पहली नवंबर में से 5 दिसंबर तक नाम जोड़ने और कटवाने के लिए अभियान चलाया गया था। इस दौरान न सिर्फ 52.80 लाख नए मतदाता जोड़े गए बल्कि 21 लाख 40 हजार 278 नामों को मतदाता सूची से हटाया गया। इसमें 10 लाख 50 मतदाता मृतक श्रेणी, 3 लाख 32 हजार 905 जो दूसरे स्थानों पर चले गए हैं। 7 लाख 94 हजार 29 ऐसे मतदाता है जिनके दो स्थानों की मतदाता सूची में नाम थे। अजय कुमार ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान 2 लाख 37 हजार 941 प्रविष्टियों में संशोधन संबंधी कार्रवाई कराई गई। नाम जोड़े जाने और हटाए जाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रदेश में 15 करोड़ 2 लाख 84 हजार 5 मतदाता आने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसमें महिलाओं की संख्या 8 करोड़ 4 लाख 52 हजार 736 है जबकि महिलाओं की संख्या 6 करोड़ 98 लाख 22 हजार 416 है। तृतीय लिंग की संख्या 8853 है। उन्होंने बताया कि पिछले चुनाव के मुकाबले पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के अनुपात में सुधार आया है। पहले जहां 1000 पुरुष पर 857 महिलाएं थीं, वहीं अब यह 1000 पुरुषों में 868 हो गई है। उन्होंने बताया कि 10 लाख 64 हजार 266 दिव्यांग और 24 लाख 3 हजार 296 ऐसे मतदाता हैं जिनकी आयु 80 वर्ष से अधिक है। इन मतदाताओं को घर से वोट डालने का मौका मिलेगा। अजय शुक्ला ने बताया कि मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं।

## विदेशी करेंसी के नाम पर ठगी करने वाले दो बांग्लादेशी आगरा से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने विदेशी करेंसी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह में शामिल 2 बांग्लादेशियों मामून शेख और सुनील को एसटीएफ ने आगरा से गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से सऊदी अरब की करेंसी और कलर प्रिंटर बरामद हुआ है। विदेशी करेंसी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के बारे में छानबीन कर रही एसटीएफको सूचना मिली कि दो जालसाज सदर क्षेत्रान्र्तगत टक्कर रोड तिराहे के पास मौजूद हैं। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने मामून शेख उर्फ मोहम्मद अली निवासी कासी नगर थाना राजोर जिला मदारीपुर बांग्लादेश और सुनील निवासी सियालदाह रेलवे स्टेशन के पीछे गली नं. 07 एथाना सियालदाह हावड़ा प. बंगाल को गिरफ्तार किया। एसटीएफ के मुताबिक दोनों मूल रूप से बांग्लादेश के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से 3100 रियाल, कलर प्रिंटर और मोबाइल फोन बरामद हुए।



पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि कुछ समय पहले शुकन्तु नामक व्यक्ति ने 7000 रुपए लेकर हम लोगों अवैध तरीके से बांग्लादेश से भारत देश की सीमा में प्रवेश कराया था। फिर हम पश्चिम बंगाल के हावड़ा रेलवे स्टेशन पर 2-3 दिन रुके थे । वहां पर मामून शेख उर्फ मोहम्मद अली द्वारा फर्जी आधार कार्ड 1000 रुपए मे बनवाया। फिर हम लोग राजधानी ट्रेन से हावड़ा से दिल्ली आए। वहां पर हम लोग बवाना क्षेत्र करीब 02 माह तक कबाड़ बीनने का काम किया फिर हम लोग 15 दिन पहले आगरा आए। यहां पर थाना सिकंदरा क्षेत्र के रुनकता में कबाड़ी आलमगीर के गोदाम पर रहकर कबाड़ बीनने का काम करने लगे। तभी हमारी मुलाकात एक महिला से हुई जिसका नाम व पता हम नहीं जानते हैं। इस महिला ने ने हमे विदेशी करेंसी से ठगी करने का तरीका बताया और हम लोग पैसों के लालच में ये कार्य करने लगे। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सदर जनपद आगरा में मुकदमा दर्ज किया गया।

# चुनाव में हार के डर से पंजाब सरकार ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को विफल करने की पूरी कोशिश कीः नड्डा

**भाषा।** नई दिल्ली

**पंजाब** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक और विरोध-प्रदर्शनों के कारण उनके फिरोजपुर नहीं पहुंच पाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को राज्य की कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया और आरोप लगाया कि आगामी विधानसभा चुनाव में हार के डर से उसने प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों को विफल करने के लिए हरसंभव कोशिश की। ज्ञात हो कि विरोध प्रदर्शनों के कारण प्रधानमंत्री पंजाब में 15 से 20 मिनट तक एक फ्लाइओवर पर फंसे रहे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसे प्रधानमंत्री की सुरक्षा में गंभीर खामी माना है और राज्य सरकार से इस मामले में रिपोर्ट तलब किया है।



बाद में फिरोजपुर में होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। प्रधानमंत्री को फिरोजपुर में चंडीगढ़ स्थित स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) के उपग्रह केंद्र और दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे सहित 42,750 करोड़ रुपए से अधिक की लागत की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने का कार्यक्रम था। बाद में एक रैली को संबोधित करने का भी उनका कार्यक्रम था। नड्डा ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री पंजाब में जिस कार्यक्रम में हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने वाले थे, उसमें व्यवधान डाला गया। उन्होंने कहा, लेकिन हम इस छोटी मानसिकता के चलते पंजाब के विकास को अवरुद्ध नहीं होने देंगे। पंजाब के विकास का हमारा प्रयास जारी रहेगा।

उन्होंने कहा, मतदाताओं के हाथों पराजय के भय से पंजाब की कांग्रेस सरकार ने राज्य में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को विफल करने के लिए हरसंभव हथकंडे अपनाए। ऐसा करने के दौरान उन्होंने यह भी नहीं सोचा कि प्रधानमंत्री, भगत सिंह और अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले थे और कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने वाले थे। ऐसी गंदी राजनीति कर पंजाब की कांग्रेस सरकार ने दिखा दिया है कि वह विकास विरोधी है और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति उसके मन में कोई सम्मान नहीं है।

नड्डा ने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस दौरान प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक हुई। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों को प्रधानमंत्री के रास्ते में आने दिया गया जबकि राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने एसपीजी को आश्वासन दिया था कि रास्ता साफ है। उन्होंने कहा, मामला तब और गंभीर हो जाता है जब मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी फोन पर बात करने या मामले का समाधान करने को भी तैयार नहीं हुए। पंजाब की सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक सिद्धांतों में विश्वास करने वाले सभी लोगों को टीस देने वाला है।

## मोदी ने ममता बनर्जी को उनके जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनके 67वें जन्मदिन पर बधाई दी और उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में जन्मीं ममता बनर्जी राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। वह पहले कांग्रेस में थी लेकिन 1998 में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस का गठन किया था। राज्य विधानसभा के पिछले चुनाव में वापसी के बाद से ही वह विभिन्न मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। उन्हें मोदी के खिलाफ एक प्रमुख विपक्षी चेहरे के रूप में भी देखा जाने लगा है।



फिरोजपुर में बारिश की वजह से रद्द हुई रैली में भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इन्तजार करते हुए।

# चुनाव आयोग को राजनीतिक पार्टियों की रैलियों पर अविलंब रोक लगा देनी चाहिए : अशोक गहलोत

**भाषा। जयपुर**

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि कोरोना संक्रमण के बढते मामलों को देखते हुए चुनाव आयोग को राजनीतिक पार्टियों की रैलियों पर रोक लगा देनी चाहिए। गहलोत ने ट्वीट के जरिए कहा संवैधानिक प्रावधानों के कारण चुनाव टाले नहीं जा सकते परन्तु कोविड की परिस्थितियों को देखते हुए चुनाव आयोग को राजनीतिक पार्टियों की रैलियों पर अविलंब रोक लगा देनी चाहिए। उन्होंने कहा, रैलियों की जगह प्रचार के दूसरे तरीकों का इस्तेमाल होना चाहिए। आज सूचना प्रोद्योगिकी का युग है इसलिए प्रचार भी सूचना और तकनीक एवं सोशल मीडिया आधारित होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग टीवी, रेडियो इत्यादि कम्युनिकेशन माध्यमों पर सभी पार्टियों को टाइम स्लॉट बांट दे जिससे सभी दलों को प्रचार के समान अवसर मिल सकें। बड़ी रैलियों की जगह कोविड प्रोटोकॉल के तहत घर-घर प्रचार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अधिकांश देशवासी अभी तक कोविड की दूसरी लहर की भयावहता को भूले नहीं है। पिछले साल अप्रैल-मई के महीने में किस तरह अस्पतालों में बेड तक नहीं मिल रहे थे एवं ऑक्सीजन की कमी के कारण लोगों की तड़प-तड़प कर मृत्यु हुई। उन्होंने कहा, अब देश के सामने कोरोना की तीसरी लहर है। विशेषज्ञों के अनुसार ओमीक्रोन आगे जाकर क्या नया रूप लेगा यह अभी किसी को मालूम नहीं है।

## जम्मू-कश्मीर परिसीमन समिति की सिफारिशों पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम को संवैधानिक रूप से संदिग्ध करार देते हुए नेशनल कांफ्रेंस ने केन्द्र शासित प्रदेश के लिए परिसीमन समिति की सिफारिशों, खास तौर से जम्मू क्षेत्र में छह और कश्मीर में महज एक नई सीट जोड़ने पर सवाल उठाया है। आयोग का गठन जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के कारण हुआ है और यह न्यायिक समीक्षा के तहत है जिसपर अभी उच्चतम न्यायालय का फैसला आना है। कानूनी रूप से बात करें तो अगर कोई गतिविधि कानूनी समीक्षा की जद में है और उच्चतम न्यायालय में यह मामला लंबित है तो उसे संवैधानिक रूप से संदिग्ध कानून कहा जा सकता है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना देसाई की अध्यक्षता में पिछले महीने हुई परिसीमन समिति की दूसरी बैठक में नेकां के तीन लोकसभा सदस्यों फारूक अब्दुल्ला, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हसनैन मसूदी और अकबर लोन ने हिस्सा लिया था। आयोग की सिफारिश का मसौदा 20 दिसंबर, 2021 को नई दिल्ली में हुई बैठक में पेश किया गया। नेकां के तीन सांसदों और भाजपा के दो सांसदों ने हिस्सा लिया था। आयोग ने सांसदों और उससे जुड़े सदस्यों से इस संबंध में 31 दिसंबर, 2021 तक जवाब देने को कहा था।

# भड़काऊ बयान देने का मामला : पुणे पुलिस ने कालीचरण महाराज को हिरासत में लिया

**भाषा।** पुणे (महाराष्ट्र)

**पुणे पुलिस** ने बुधवार को कहा कि उसने हिंदू धर्मगुरु कालीचरण महाराज को रायपुर पुलिस से अपनी हिरासत में लिया है। महाराष्ट्र में कालीचरण और पांच अन्य के खिलाफ दर्ज कथित भड़काऊभाषणों से संबंधित एक मामले में उसे हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक अदालत द्वारा दी गई ट्रांजिट रिमांड के बाद कालीचरण को पुणे लाया जा रहा है, जहां उसे बाद में एक अदालत में पेश किया जाएगा। खड़क थाने के एक अधिकारी ने बताया, हमने छत्तीसगढ़ पुलिस से कालीचरण को हिरासत में ले लिया है और उसे पुणे लाया जा रहा है। पुणे पुलिस ने कालीचरण, दक्षिणपंथी नेता मिलिंद एकबोटे, कैप्टन दिगेंद्र कुमार (सेवानिवृत्त) और अन्य के खिलाफ यहां एक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया था।

छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा मुगल सेनापति अफजल खान को मारे जाने की घटना की याद में 19 दिसंबर 2021 को एकबोटे के नेतृत्व वाले हिंदू आघाड़ी संगठन द्वारा शिव प्रताप दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। बाद में, खड़क थाने में कालीचरण और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 295 (ए) (किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण इरादे से ठेस पहुंचाना), 298 (किसी व्यक्ति की धार्मिक भावना को जानबूझकर ठेस पहुंचाने की मंशा) और 505 (2) (शत्रुता, घृणा या द्वेष पैदा करने के इरादे से झूठी बयानबाजी, धार्मिक स्थान पर अफवाह फैलाने से संबंधित) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

प्राथमिकी के अनुसार, सभी आरोपियों ने कथित तौर पर मुसलमानों और ईसाइयों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने और लोगों के बीच सांप्रदायिक दरार पैदा करने के इरादे से भड़काऊभाषण दिए। रायपुर में एक कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए कालीचरण के खिलाफ छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में भी मामले दर्ज किए गए हैं। कालीचरण को पिछले हफ्ते छत्तीसगढ़ पुलिस ने उस मामले में मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया था।

## क्विक न्यूज

### आतंकवाद रोधी अभियानों में शामिल जम्मू-कश्मीर के पुलिसकर्मियों को मुहैया कराई जाएंगी बुलेट रोधी जैकेट

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवाद रोधी और सुरक्षा अभियानों में शामिल अपने कर्मियों के लिए 8,000 से अधिक बुलेट रोधी (बीआर) जैकेट खरीदने की प्रक्रिया शुरू की है। पुलिस विभिन्न स्तरों की सुरक्षा वाले बीआर वाहन और वाहनों के लिए शीशे, हेलमेट, अल्ट्रा-वाइड सीसीटीवी निगरानी प्रणाली और डीप सर्च माइन डिटेक्टर भी खरीदेगी। पुलिस स्तर-पांच सुरक्षा की कम से कम 7,416 बीआर जैकेट और स्तर-छह सुरक्षा की 784 बीआर जैकेट खरीदेगी, ताकि आतंकवादी रोधी और सुरक्षा अभियानों में शामिल उसके कर्मियों को सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा मुहैया कराई जा सके। स्तर-पांच और स्तर-छह खतरे और सुरक्षा के उच्च स्तर का संकेत देते है और इन स्तरों की जैकेट का विभिन्न हथियारों से कम से कम पांच बार वार कर परीक्षण किया जाता है। पुलिस मुख्यालय ने हाल में इन जैकेट की खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल पर बोलियां मंगाई हैं। उन्होंने बताया कि जैकेट पुलिस कर्मियों को हर तरफ से सुरक्षित रखने में सक्षम होनी चाहिए और सभी आकारों में उपलब्ध होनी चाहिए। इन जैकेट का गुजरात फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (जीएफएसयू) प्रयोगशाला में अनिवार्य रूप से बैलिस्टिक परीक्षण किया जाएगा। पुलिस ने स्तर-तीन सुरक्षा के 47 बीआर हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी), स्तर-दो के 15 बीआर एलएमवी, स्तर एक के 10 बीआर एलएमवी, 100 अल्ट्रा वाइड सीसीटीवी निगरानी प्रणालियों, 12 डीप सर्च माइन डिटेक्टर और 45 मिनी ड्रोन समेत अन्य उपकरणों की खरीद के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं।

### प्राथमिकी के बाद महात्मा गांधी के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के लिए कथाकार ने मांगी माफी

**भोपाल।** भारत विभाजन के संदर्भ में महात्मा गांधी की आलोचना करते हुए कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने वाले हिंदू धर्मग्रंथों के कथाकार तरुण मुरारी ने इस मामले में मध्यप्रदेश में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद अपनी टिप्पणी के लिए बुधवार को माफी मांग ली। एक वीडियो बयान में भागवत कथा के कथाकार मुरारी ने उन्हे उकसाने के लिए मीडियाकर्मियों को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणी क्षणिक उकसावा था हालांकि राष्ट्रपिता का अपमान करने का उनका कोई इरादा नही था। मुरारी ने कहा, पत्रकार ने मुझसे आवेगपूर्ण ढंग से बात की जो मुझे नही कहना चाहिए था। महात्मा गांधी के बारे में सभी जानते है उनका अपमान करने का कोई इरादा नही था। क्षणिक उकसावे में आकर मेरी टिप्पणी से यदि कोई आहत हुआ तो मै सभी व्यक्तियों, राजनीतिक संगठनों और प्रशासन से माफी मांगता हूं। नरसिंहपुर के कोतवाली थाना प्रभारी अमित दांडी ने मंगलवार को युवक कांग्रेस के एक नेता द्वारा दर्ज शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि मुरारी द्वारा दो जनवरी को आयोजित एक समारोह में महात्मा गांधी को देशद्रोही कहने के लिए मामला दर्ज किया गया था। मुरारी के खिलाफ भादंवि की संबद्ध धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। सप्ताह स्वयंभू संत कालीचरण महाराज को छत्तीसगढ़ पुलिस ने रायपुर में एक धर्म संसद में राष्ट्रपिता के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए मध्यप्रदेश के खजुराहो से गिरफ्तार किया गया था।

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में से अफीम जब्त

**बनिहाल (जम्मू-कश्मीर)।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक गैस टैंकर से तीन किलोग्राम अफीम जब्त किया गया और मामले में टैंकर चालक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि रामबन जिले के शान पैलेस में राजमार्ग पर नियमित जांच के दौरान कश्मीर से जम्मू की ओर जा रहे एक टैंकर को रोका गया और उसकी तलाशी के दौरान अफीम बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि अफीम टैंकर के केबिन के अंदर मिला। टैंकर चालक की पहचान अमृतसर के बलदेव सिंह के तौर पर हुई है। मामले में सिंह को गिरफ्तार कर टैंकर को जब्त कर लिया गया है।

### अनिल चंद्र ने उत्तराखंड के मुख्य सूचना आयुक्त की शपथ ली

**देहरादून।** अनिल चंद्र पुनेठा और विवेक शर्मा ने बुधवार को उत्तराखंड के क्रमशः मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) गुरमीत सिंह ने यहां राजभवन में एक कार्यक्रम में उन दोनो को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी कार्यक्रम में शरीक हुए।

### राजमार्ग पर पहाड़ी से कार पर पत्थर गिरा, एक की मौत

बनिहाल, जम्मू। जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर रामबन के पास बुधवार को पहाड़ी से बड़ा पत्थर एक कार पर आ गिरा। इस घटना में 29 वर्षीय शख्स की मौत हो गई और दूसरा जख्मी हो गया। इसके बाद अधिकारियों ने खराब मौसम के बीच 270 किलोमीटर लंबे रणनीतिक रूप से अहम राजमार्ग पर यातायात बंद कर दिया। मौसम विभाग ने इस हफ्ते के अंत तक मध्यम से भारी बर्फबारी का अनुमान जताया है। एक अलग घटना में जम्मू-पुंछ राजमार्ग पर चिनगुस के पास बीएसएफ की एक बस सड़क पर फिसल कर पलट गई जिसमें बल के एक जवान की मौत हो गई।



मनाली में भारी बर्फबारी के दौरान ट्रैफिक में फंसे हुए वाहन।

# द्रमुक शासन में बिगड़ रही है कानून व्यवस्था, अन्नाद्रमुक नेता हैं द्रमुक के निशाने परः पलानीस्वामी

**चेन्नई।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के शीर्ष नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने बुधवार को द्रमुक (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) सरकार पर तमिलनाडु में कानून व्यवस्था की अनदेखी करने का आरोप लगाया एवं दावा किया कि सत्तारूढ़ दल बस अन्नाद्रमुक की योजनाओं एवं उसके पदाधिकारियों को निशाना बना रहा है। द्रमुक सरकार पर राजनीतिक बदले की भावना से पिछली अन्नाद्रमुक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को रद्द करने का आरोप लगाया। उनका यह भी आरोप है कि द्रमुक के सत्ता में आने के बाद तमिलनाडु में कानून व्यवस्था बिगड़ी है।

द्रमुक शासन में अपराध बढ़ रहे हैं महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं और आंध्रप्रदेश एवं अन्य राज्यों से चोरी -छिपे लाए जा रहा प्रतिबंधित गुटखा तमिलनाडु में बेचा जा रहा है। अन्नाद्रमुक नेता राज्यपाल आर एन रवि के पहले अभिभाषण पर विधानसभा से अपनी पार्टी के बहिर्गमन का नेतृत्व करने के बाद संवाददताओं से बातचीत कर रहे थे। पलानीस्वामी ने कहा, कानून के अनुसार पुलिस द्वारा पकड़े जाने के 24 घंटे के अंदर किसी भी व्यक्ति को अदालत में पेश किया जाना जरूरी है लेकिन हमारी पार्टी पदाधिकारियों को जांच के बहाने पुलिस उठाकर ले जा रही है और दो -तीन दिनों तक उनका कुछ अता-पता नहीं चलता है। पुलिस द्रमुक सरकार की कठपुतली की भांति काम रही है। तमिलनाडु में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए द्रमुक विशेषकर गृह विभाग का जिम्मा संभालने वाले मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, की निंदा करते हुए आज हमने सदन से बहिर्गमन किया।

## तमिलनाडु में पटाखा इकाई में विस्फोट, चार की मौत

**विरुद्धनगर (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के विरुद्धनगर जिले के सत्तूर के निकट एक पटाखा फैक्ट्री में बुधवार को विस्फोट होने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सत्तूर के पास विजय कारिसलकुलम में रसायनों को मिलाते समय यह विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि पटाखा बनाने में 15 से अधिक लोग लगे थे। कारखाने का मालिक भी रसायनों को मिलाने के काम में लगा था और इस घटना में उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जिस कमरे में वे लोग काम कर रहे थे, वह धमाके के परिणामस्वरूप गिर गया। हादसे में घायल हुए तीन अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने धमाके में हुई मौत पर शोक जताया पीड़ितों के परिवारों को तीन-तीन लाख रुपए की राहत देने की घोषणा की। चेन्नई में एक बयान में कहा कि घायलों को एक-एक लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी।

# दवा बनाने की आड़ में मिला 50 लाख का भांग का भंडार, पांच गिरफ्तार

**भाषा।** इंदौर

**मध्यप्रदेश** के इंदौर में पुलिस ने आयुर्वेदिक औषधि के निर्माण की आड़ में 16,200 किलोग्राम भांग के अवैध भंडारण का खुलासा करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के अतिरिक्त उपायुक्त गुरुप्रसाद पाराशर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर विश्वकर्मा नगर के एक गोदाम पर छापा मारा गया, तो वहां 270 बोरियों में 16,200 किलोग्राम भांग का भंडार मिला। उन्होंने बताया कि भांग की इस बड़ी खेप की कीमत नशे के काले बाजार में करीब 50 लाख रुपए आंकी जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया, पुलिस ने मौके से एक मालवाहक ऑटो रिक्शा भी जब्त किया जिसका इस्तेमाल इंदौर और आस-पास के जिलों में भांग की तस्करी के लिए किया जा रहा था। पाराशर ने बताया कि पुलिस ने भांग के अवैध भंडारण और तस्करी के आरोपों में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

जबकि गोदाम के मालिक गोपाल धनोतिया की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया, शुरुआती जांच में हमें पता चला है कि गोदाम में भांग का अवैध भंडारण मुनक्का नाम की तथाकथित आयुर्वेदिक दवा बनाने की आड़ में किया गया था। हालांकि, हमें मौके पर भांग के भंडारण और इस दवा के निर्माण का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि गोदाम मालिक समेत छह लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और विस्तृत जांच जारी है।

# न्यायालय अस्थाना की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर 11 को सुनवाई करेगा


**भाषा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी राकेश अस्थाना की दिल्ली पुलिस आयुक्त के रूप में नियुक्ति को चुनौती देने वाली एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की याचिका पर 11 जनवरी को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि समय की कमी के कारण वह याचिका पर अभी विचार नहीं करेगी और अंतिम निपटारे के लिए इसे 11 जनवरी को सूचीबद्ध करेगी। गैर सरकारी संगठन सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि केंद्र और अस्थाना द्वारा जवाबी हलफनामा दायर किया गया है और अब, वह इस मामले पर बहस करना चाहेंगे। केंद्र ने अपने हलफनामे में



कहा है कि एनजीओ की याचिका कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है और जाहिर तौर पर मौजूदा पुलिस आयुक्त के खिलाफ कुछ व्यक्तिगत प्रतिशोध का परिणाम है। हलफनामे में कहा गया है कि सार्वजनिक मुद्दों को उठाने का दावा करने वाले एनजीओ ने कभी भी आठ पूर्व पुलिस आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने पर विचार नहीं किया, हालांकि उन्हें उसी तरह से नियुक्त किया गया था जैसा कि अस्थाना के मामले में किया गया।

केंद्र ने हलफनामे में कहा है, याचिका प्रकाश सिंह (शीर्ष अदालत के 2006 के एक फैसले) पर आधारित है, लेकिन यह इस तथ्य से स्पष्ट हो जाता है कि केंद्र द्वारा आठ आईपीएस अधिकारियों को दिल्ली के पुलिस आयुक्त के रूप में उसी प्रक्रिया से नियुक्त किया गया जिसका पालन करते हुए वर्तमान मामले में नियुक्ति की गई। सरकार ने कहा कि पर्याप्त अकाट्य कारण मौजूद हैं जो याचिकाकर्ता के उद्देश्य, मकसद के बारे में बेहद गंभीर चिंताओं को जन्म देते हैं। केंद्र ने कहा कि अस्थाना की नियुक्ति में कोई दोष नहीं ढूंढा जा सकता है, जो सभी लागू नियमों और विनियमों का पालन करने के बाद की गई। अस्थाना ने अपने हलफनामे में कहा है कि उन्हें दिल्ली पुलिस कानून, 1978 के तहत निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया का पालन करके दिल्ली के पुलिस आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार (जीएनसीटीडी) नियम, 1993 का भी पालन किया गया।



प्रयागराज में पुलिस लाइन में वुमेन रिक्रूट पासिंग आउट परेड करते हुए।

# सेंसेक्स 367 अंक के उछाल के साथ फिर 60,000 के पार

भाषा। मुंबई

**शेयर बाजारों** में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स ने बुधवार को 367 अंक मजबूत होकर 60,000 अंक के स्तर को फिर हासिल कर लिया। बैंक और वित्तीय शेयरों में तेजी ने आईटी शेयरों में मुनाफावसूली के प्रभाव को सीमित किया।

कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली जारी रहने से तेजी को समर्थन मिला।बाजार में शुरुआत में उतार-चढ़ा रहा। हालांकि, बाद में इसमें तेजी आई और अंत में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 367.22 अंक यानी 0.61 प्रतिशत मजबूत होकर 60,223.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, सूचकांक 17 नवंबर, 2021 को 60,000 अंक के ऊपर बंद हुआ था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी







120 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,925.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 5.09 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में बजाज फिनसर्व रही। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, मारुति और आईसीआईसीआई बैंक भी लाभ में रहे।दूसरी तरफ गिरावट वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, विप्रो, पावरग्रिड और डॉ. रेड्डीज शामिल हैं। इनमें 2.87 प्रतिशत तक की गिरावट आई। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में घरेलू बाजार हल्की गिरावट के बाद ऊपर चढ़ा। कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के लिए बड़ी पाबंदियों से बाजार में उतार-चढ़ाव आया। बैंक शेयरों का प्रदर्शन बेहतर रहा। इसका कारण यह है निजी क्षेत्र के कुछ बैंकों का कारोबार तीसरी तिमाही में दहाई अंक में बढ़ा है। उन्होंने कहा, तिमाही वित्तीय परिणाम आने से पहले आईटी शेयर नुकसान में रहे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले अमेरिका तथा एशियाई बाजारों में नरमी रही। वहीं यूरोपीय बाजारों में तेजी रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि चालू वर्ष में बाजार की शुरुआत अच्छी रही। लेकिन अब इसमें कुछ गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा, फिलहाल बैंक तथा वित्तीय शेयर तेजी की अगुवाई कर रहे है। ऐसे में उनका प्रदर्शन महत्वपूर्ण है...इसके अलावा साप्ताहिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन कुछ उतार-चढ़ाव आ सकता है। कारोबारी अपनी खरीद पर नुकसान सीमित रखने को लेकर स्टॉप लॉस (शेयर में गिरावट होने पर एक तय मूल्य पर उसे बेच देना) का विकल्प अपना सकते हैं। हालांकि, गिरावट पर शेयर खरीदा जा सकता है। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा, जबकि जापान का निक्की लाभ में बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था।इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.01 प्रतिशत फिसलकर 79.99 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 20 पैसे मजबूत होकर 74.38 पर बंद हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को।,273.86 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## शेयर बाजार में चार दिन की तेजी से निवेशकों को हुआ 9.30 लाख करोड़ रुपए का लाभ

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्र से जारी तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। सेंसेक्स इस दौरान 60,000 अंक को पार कर गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 367.22 अंक यानी 0.61 प्रतिशत मजबूत होकर 60,223.15 अंक पर बंद हुआ। चार दिन में यह 2,428.83 अंक चढ़ा है। इस तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 9,30,419.3 करोड़ रुपए बढ़कर 2,72,44,894.96 करोड़ रुपए पहुंच गया।

# सरकार ने शाओमी को 653 करोड़ रुपए के आयात शुल्क चोरी को लेकर नोटिस दिया

भाषा। नई दिल्ली

**चीन की** फोन विनिर्माता कंपनी शाओमी की भारतीय इकाई को आयात शुल्क की कथित चोरी को लेकर 653 करोड़ रुपए का नोटिस जारी किया गया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि शाओमी इंडिया को उसके परिसरों में तलाशी के दौरान बरामद दस्तावेजों के आधार कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। शाओमी ने इस बारे में फिलहाल कोई जवाब नहीं दिया है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने जांच के दौरान पाया था कि शाओमी इंडिया और उसके अनुबंध वाली विनिर्माता कंपनियां द्वारा आयात किए गए माल के निर्धारित मूल्य में रॉयल्टी की राशि शामिल नहीं थी, जो सीमा शुल्क कानून का उल्लंघन है। मंत्रालय ने कहा कि लेनदेन मूल्य में रॉयल्टी और लाइसेंस शुल्क नहीं जोड़कर शाओमी इंडिया सीमा शुल्क से बच रहा था। मंत्रालय के अनुसार, ̐डीआरआई की जांच पूरी होने के बाद शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत एक अप्रैल, 2017 से 30 जून, 2020 की अवधि के लिए 653 करोड़ रुपए के शुल्क की मांग और वसूली को लेकर तीन कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

## देश में बीते साल 4.5 करोड़ से अधिक लोग अपने पसंदीदा रेस्तरां में खाना खाने गए

**नई दिल्ली।** देश में 4.5 करोड़ से अधिक लोग 2021 में अपने पसंदीदा रेस्तरां में भोजन करने गए और इनमें भी सर्वाधिक संख्या दिल्लीवासियों की है। डाइनआउट ट्रेंड्स की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। भारत के सबसे बड़े डाइनिंग आउट और रेस्तरां प्रौद्योगिकी मंच डाइनआउट की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2021 में बाहर खाना खाने वाले लोगों ने औसत 2,670 रुपए का बिल अदा किया, 2020 में यह आंकड़ा।,907 रुपए था। दिल्ली को बाहर खाना खाने वालों की राजधानी होने का तमगा लगातार तीसरी बार मिला। बाहर खाने वाले लोगों में से 32 फीसदी दिल्ली से जबकि 18 प्रतिशत बेंगलुरु से थे। डाइनआउट के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंकित मल्होत्रा ने कहा, बीते वर्ष, बाहर खाने पर आए खर्च में 40 फीसदी की वृद्धि हुई, इसके बावजूद लोगों ने बचत भी की। रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले भोजन में बटर चिकन, दाल मक्खनी और नान रहे। 38 प्रतिशत भारतीयों ने इन्हें पसंद किया जबकि 18 फीसदी लोगों ने चाइनीज और 16 फीसदी ने कॉन्टीनेंटल भोजन पसंद किया।इसमें कहा गया कि घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) की वजह से खर्च योग्य आय बढ़ने की वजह से देशभर में घर से बाहर जाकर महंगे भोजन की प्रवृत्ति 120 प्रतिशत बढ़ी है।

# केयर्न एनर्जी ने भारत के खिलाफ सभी मुकदमे वापस लिए


भाषा। नई दिल्ली

**ब्रिटिश** कंपनी केयर्न एनर्जी ने भारत सरकार के खिलाफ विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अदालतों में दायर सभी मुकदमे वापस ले लिए हैं। इसके साथ ही पिछली तारीख से कराधान प्रावधान के तहत उससे वसूले गए करीब 7,900 करोड़ रुपए का कर लौटाने का रास्ता साफ हो गया है।केयर्न एनर्जी ने बुधवार को देश के कई समाचारपत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कर भारत सरकार के खिलाफ चल रहे सभी मुकदमे वापस लेने की जानकारी दी है। कंपनी ने सरकार के साथ इस बारे में सहमति पहले ही दे दी थी। ब्रिटिश कंपनी ने कहा है कि वह अमेरिका से लेकर फ्रांस और नीदरलैंड्स से लेकर सिंगापुर की अदालतों तक में भारत सरकार के खिलाफ चल रहे सभी मामले वापस ले चुकी है। दरअसल, भारत सरकार

## ● 7,900 करोड़ के कर रिफंड का रास्ता साफ



ने गत अगस्त में पारित नए कानून में पिछली तारीख से कर वसूलने के प्रावधान को निरस्त कर दिया था। इसके साथ ही संबंधित कंपनियों से कहा गया था कि अगर वे भारत सरकार के खिलाफ विभिन्न अदालतों में दायर अपने मुकदमे वापस ले लेती है, तो उन्हें इस प्रावधान के तहत वसूली गई राशि लौटा दी जाएगी। आयकर अधिनियम में वर्ष 2012 में जोड़े गए इस प्रावधान के तहत भारत में कारोबार करने वाली विदेशी कंपनियों से विदेशी भूभाग में किए गए सौदों पर भी पिछली तारीख से कर वसूलने की व्यवस्था की गई थी। इस प्रावधान के तहत केयर्न और वोडाफोन समेत कई विदेशी कंपनियों से पिछली तारीख से कर वसूला गया था। इनमें से अकेले केयर्न से ही 7,900 करोड़ रुपए वसूले गए थे। हालांकि, सरकार ने नए नियम को अधिसूचित करते हुए कुछ महीने पहले इससे जुड़े प्रक्रियागत नियम जारी किए थे। कर रिफंड के लिए जरूरी था कि संबंधित कंपनियां सरकार के समक्ष इसकी अर्जी दें और तमाम मुकदमे वापस लेने की पुष्टि करें। इसी क्रम में केयर्न ने यह विज्ञापन दिया है। केयर्न ने कहा है कि मुकदमे वापस लिए जाने के बाद उससे वसूले गए कर को रिफंड करने का रास्ता साफ हो जाएगा। अब भारत सरकार फॉर्म-4 जारी कर अंतिम चरण को अंजाम देगी जिसमें रिफंड के आदेश दिए जाएंगे।




# सरकार ने उजाला योजना के तहत 36.78 लाख एलईडी बल्ब वितरित किए

भाषा। नई दिल्ली

**बिजली** मंत्रालय ने उजाला कार्यक्रम के तहत सात साल में 36.78 करोड़ एलईडी बल्ब वितरित किए हैं। इससे सालाना 4,777.8 करोड़ यूनिट बिजली की बचत हुई है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उजाला (सबके लिए सस्ते एलईडी द्वारा उन्नत ज्योति) कार्यक्रम की शुरुआत पांच जनवरी, 2015 को की थी। बिजली मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि छोटी अवधि में ही यह दुनिया का सबसे बड़ा गैर-सब्सिडी प्राप्त स्वदेशी प्रकाश कार्यक्रम बन गया। यह महंगी बिजली और अदक्ष बिजली व्यवस्था के कारण उच्च उत्सर्जन की समस्याओं का समाधान करता है। बयान के अनुसार, अब तक देशभर में 36.78 से अधिक एलईडी बल्ब का वितरण किया गया है।उजाला योजना एलईडी बल्बों की खुदरा कीमत को नीचे लाने में सफल हुई है। एलईडी बल्ब की कीमत 300-350 रुपए प्रति बल्ब से कम होकर 70-80 रुपए प्रति बल्ब आ गई है। सबके लिए सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के अलावा, कार्यक्रम की बदौलत बिजली खपत में भारी बचत भी हुई। वर्तमान समय तक, सालाना 4,777.8 करोड़ किलोवॉट प्रति घंटा ऊर्जा की बचत हुई है।बयान के अनुसार, इसके अलावा 9,565 मेगावॉट की अधिकतम मांग से मुक्ति मिली तथा 3,86 करोड़ टन सीओ2 (कार्बन डाई-ऑक्साइड) उत्सर्जन में कमी आई।मंत्रालय ने कहा कि उजाला को सभी राज्यों ने सहर्ष अपनाया है। इसकी मदद से घरों के वार्षिक बिजली बिलों में कमी आई है। उपभोक्ता पैसा बचाने, अपने जीवन स्तर में सुधार लाने तथा भारत की आर्थिक प्रगति और समृद्धि में योगदान करने में सक्षम हुए हैं।कार्यक्रम के तहत सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित की है तथा सामान और सेवाओं की ई-खरीद के जरिए प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन दिया है। परिणामस्वरूप लेन-देन के खर्च और समय में कमी आई है तथा प्रक्रिया पहले से ज्यादा कारगर हुई है। उजाला योजना की बदौलत एलईडी बल्बों की कीमत में 85 प्रतिशत तक की कमी आई है।बिजली मंत्रालय के अनुसार, इसके कारण बोलीकर्ताओं की तादाद बढ़ी है, उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर हुई है और उपभोक्ताओं के लिए बेहतर विकल्प उपलब्ध हुए हैं।

## क्विक न्यूज

### सेमीकंडक्टर की कमी के संकट के बीच दिसंबर में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में 11 फीसदी की गिरावट आई

**नई दिल्ली।** वाहन डीलरों के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने बुधवार को कहा कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष दिसंबर में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में 11 फीसदी की गिरावट आई है। फाडा ने कहा कि सेमीकंडक्टर की कमी का संकट अब भी बना हुआ है। यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने 10.91 फीसदी गिरकर 2,44,639 इकाई पर आ गई जो दिसंबर 2020 में 2,74,605 इकाई थी। फाडा के अध्यक्ष विनकेश गुलाटी ने एक बयान में कहा कि दिसंबर के महीने में आमतौर पर अधिक बिक्री होती है क्योंकि विनिर्माता वर्ष बदलने के मद्देनजर वाहनों की बिक्री के लिए काफी छूट देते है। लेकिन इस बार ऐसा नही हुआ और खुदरा बिक्री निराशाजनक रही। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर की कमी की समस्या बनी हुई है जिसकी वजह से बड़ी संख्या में बुकिंग के बावजूद बिक्री कम रही। पिछले महीने दो पहिया वाहनों की बिक्री भी कम रही। दिसंबर 2021 में 11,48,732 वाहनों की बिक्री हुई जो दिसंबर 2020 में हुई कुल 14,33,334 वाहनों की बिक्री के मुकाबले 19.86 फीसदी कम है। हालांकि दूसरी ओर व्यावसायिक वाहनों की खुदरा बिक्री में पिछले वर्ष के मुकाबले 13.72 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले महीने कुल 58,847 वाहन बिके जबकि दिसंबर 2020 में 51,749 वाहन बिके थे। पिछले महीने विभिन्न प्रकार के कुल 15,58,756 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जो दिसंबर 2020 में बिके 18,56,869 वाहनो के मुकाबले 16.05 फीसदी कम है।

### कानपुर मेट्रो परियोजना के लिए जेएसएल ने 2,000 टन स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति की

**नई दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने बुधवार को कहा कि कानपुर मेट्रो परियोजना के लिए उसने 2,000 टन स्टील की आपूर्ति की। इस परियोजना का उद्घाटन पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। 28 दिसंबर को मोदी ने कानपुर मेट्रो रेल परियोजना का निरीक्षण किया था और आईआईटी मेट्रो स्टेशन से गीता नगर तक मेट्रो की सवारी भी की थी। कंपनी ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल निगम की कानपुर मेट्रो परियोजना के नौ किलोमीटर लंबे हिस्से का हाल में उद्घाटन किया था। जेएसएल ने परियोजना के लिए 2,000 टन स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति की। कंपनी ने कहा कि वह दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु और चेन्नई मेट्रो परियोजनाओं के अलावा सिडनी और क्विंसलैंड मेट्रो परियोजनाओं के लिए भी स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति कर चुकी है।

### दिसंबर में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां तीन महीने के निचले स्तर पर: सर्वेक्षण

**दिल्ली।** भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधियां दिसंबर 2021 में नरम पड़कर तीन महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। मासिक सर्वे में बुधवार को कहा गया कि व्यावसायिक गतिविधियों और बिक्री में धीमी गति से वृद्धि तथा कोरोना वायरस की नई लहर की आशंका से व्यापारिक धारणाएं प्रभावित हुई है। इसके कारण सेवा क्षेत्र की गतिविधियो मे नरमी आई है। मौसमी रूप से समायोजित किया जाने वाला इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स नवंबर में 58.1 पर था, जो दिसंबर में 55.5 के तीन महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया है। सर्वेक्षण के अनुसार लगातार पांचवें महीने सेवा क्षेत्र में उत्पादन में वृद्धि देखी गई। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर के अंक का मतलब विस्तार होता है जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। आईएचएस मार्किट में सहायक निदेशक-अर्थशास्त्र पोलिएन्ना डि लीमा ने कहा, सेवा प्रदाताओं के लिए 2021 एक और कठिन वर्ष था और दिसंबर में इसमें थोड़ी और नरमी दर्ज की गई। इसके अलावा सेवा और विनिर्माण क्षेत्र का सामूहिक उत्पादन या सामूहिक पीएमआई उत्पादन सूचकांक दिसंबर मे घटकर 56.4 हो गया, जो नवंबर में 59.2 था। हालांकि यह इसके दीर्घकालिक औसत 53.9 से अब भी अधिक है। सर्वेक्षण के दिसंबर के आंकड़ो में माल उत्पादकों और सेवा प्रदाताओं के रोजगार में बड़ी गिरावट देखी गई। समग्र स्तर पर चार महीने में पहली बार नौकरियो मे कमी आई है।

### अपीलीय न्यायाधिकरण ने वीडियोकॉन समूह के लिए ट्विन स्टार की बोली के मंजूरी आदेश को खारिज किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली ट्विन स्टार टेक्नोलॉजीज की वीडियोकॉन समूह के लिए बोली को अनुमति देने के आदेश को खारिज कर दिया है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने यह आदेश दिया था। एनसीएलएटी की जरत कुमार जैन और अशोक कुमार मिश्रा की दो सदस्ईय पीठ ने अपने आदेश में कहा कि वीडियोकॉन समूह की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के दौरान दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के प्रावधानो का अनुपालन नही किया गया। पीठ ने कहा, तथ्यों और कानून की समीक्षा के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे है कि आईबीसी की संहिता की धारा का अनुपालन नही हुआ। ऐसे मे समाधान योजना को मंजूरी संहिता की धारा 31 के अनुकूल नही है। इसी के मद्देनजर ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) तथा एनसीएलटी द्वारा समाधान योजना को मंजूरी को खारिज किया जाता है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने इस मामले को सीओसी के पास वापस भेजने का आदेश दिया है।

### अमेजन के अधिकारियों की मौजूदगी पर जोर नहीं देंगे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में कहा कि वह कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए फेमा कानून के उल्लंघन के आरोप में अमेजन की अनुषंगी कंपनी के खिलाफ जारी जांच में संबंधित लोगो की व्यक्तिगत मौजूदगी पर जोर नही देगा। जांच एजेंसी की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने न्यायालय मे अमेजन की तरफ से दायर याचिकाओ पर सुनवाई के दौरान यह आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए हम भौतिक उपस्थिति पर जोर नही देंगे। इस पर न्यायाधीश रेखा पल्ली ने कहा कि ईडी के अधिकारी अगर चाहे तो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अमेजन के अधिकारियो से कोई जानकारी मांग सकते है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 12 जनवरी को होगी। अमेजन की अनुषंगी कंपनी अमेजन होलसेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने इस याचिका मे प्रवर्तन निदेशालय के जांच के दायरे को चुनौती दी है। उसका कहना है कि फ्यूचर समूह के साथ जारी अमेजन के विवाद मे मध्यस्थता के बारे में जानकारी मांगने का एजेंसी को अधिकार नही है। एजेंसी अमेजन होलसेल के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन की जांच कर रही है। इस सिलसिले मे उसने अमेजन के कुछ अधिकारियो से भी पूछताछ करने के लिए समन भेजा था।

# पेज एक का शेष

## सुरक्षा में...

कि भाजपा राजनीतिक कारणों से पंजाब सरकार दोष मंढ रही है। ऐसी कोशिश नहीं होनी चाहिए। चन्नी ने कहा कि हमने पीएमओ को खराब मौसम की स्थिति और विरोध के कारण यात्रा बंद करने के लिए कहा था। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले की अचानक मार्ग परिवर्तन करने की कोई सूचना नहीं थी। पीएम के दौरे के दौरान सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई। चन्नी ने कहा कि पीएम कार्यालय से जो कार्यक्रम आया था, उसमें पंजाब सरकार की ओर से कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया। प्रधानमंत्री को रैली स्थल पर हेलीकाप्टर से जाना था, लेकिन मौसम की खराबी के कारण केंद्र की एजेंसियों ने उन्हें सड़क मार्ग से भेजा। केंद्र की एजेंसियों की टीमों के साथ मिलकर पंजाब पुलिस ने किसानों को मार्ग से हटा दिया था। केंद्र की एजेंसियां हर चीज को मानिटर कर रही थीं।

## खराब मौसम...

वायु सेना या रक्षा मंत्रालय द्वारा जांच रिपोर्ट पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। आईएटीए (इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन) के अनुसार, सीएफआईटी उन दुर्घटनाओं को संदर्भित करता है, जब कोई विमान नियंत्रण गंवाने के संकेत के बिना घाटी, पानी या अन्य अवरोधकों के साथ टकराता है। इस प्रकार की दुर्घटनाओं में महत्वपूर्ण अंतर यह है कि विमान उड़ान चालक दल के नियंत्रण में होता है। अमेरिका के संघीय उड्डयन प्रशासन ने सीएफआईटी को क्षेत्र (जमीन, पहाड़, जलाशय, या किसी अवरोध) के साथ अनजाने में टकराव के रूप में वर्णित किया है और ऐसी घटना तब होती है जब चालक का विमान पर पूरा नियंत्रण रहता है। घटनाक्रम से वाकिफ लोगों ने कहा कि अचानक बादल छाने से सीएफआईटी की स्थिति बन सकती है। विमानन क्षेत्र के एक विशेषज्ञ ने कहा, कभी-कभी, दृश्यता व्यवधान होने पर पायलट परिस्थितिजन्य चेतना खो सकता है। दुर्घटना से पहले स्थानीय लोगों ने जो वीडियो बनाए थे उससे पता चलता है कि हेलीकॉप्टर कम ऊंचाई पर उड़ रहा था। हेलीकॉप्टर वेलिंगटन में अपनी निर्धारित लैंडिंग से लगभग आठ मिनट पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। सूत्रों ने कहा कि जांच दल ने संभावित मानवीय त्रुटि सहित दुर्घटना के लिए सभी संभावित परिदृश्यों की जांच की। यह भी पता लगाया गया कि क्या यह चालक दल द्वारा चूक का मामला था। तमिलनाडु में कुन्नूर के पास हुई इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले 14 लोगों में जनरल रावत, उनकी पत्नी मधुलिका, उनके रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर एल एस लिद्दर, लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह और ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह शामिल थे। जांच दल का नेतृत्व करने वाले एयर मार्शल सिंह वर्तमान में भारतीय वायुसेना के बेंगलुरु मुख्यालय वाले प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यरत हैं। हवाई क्षेत्र में दुर्घटना की जांच करने वालों में सिंह को देश में सर्वश्रेष्ठ जांचकर्ताओं में से एक माना जाता हैं। रक्षा सचिव अजय कुमार और मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी उस समय मौजूद थे जब भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने रक्षा मंत्री को जानकारी दी।

## देश में...

रखने में मदद करेगा। इसके अलावा निजी अस्पतालों को भी निर्देश दिया गया है कि वे कोरोना वायरस के मरीजों के लिए आरक्षित बिस्तरों की संख्या बढ़ाकर 40 प्रतिशत करें। दिल्ली के अस्पतालों में जहां मंगलवार को मरीजों की संख्या 247 से बढ़कर 531 हो गई, वहीं 1 जनवरी 2022 से मरीजों और ऑक्सीजन सपोर्ट की संख्या भी 94 से बढ़कर 168 और ओजोन वेंटिलेटर चार से 14 हो गई है। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों में 2,038 मरीज आने के साथ संक्रमण में 205 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि पिछले 24 घंटों में जांचे गए 1,92,430 नमूनों में से 2,038 पॉजिटिव आए। कोविड-19 मामलों में वृद्धि को देखते हुए सरकार ने दो दिशा-निर्देश जारी किए हैं। टीकाकरण के दिन और अगले दिन बच्चे छुट्टी ले सकते हैं, और दूसरा दिशानिर्देश यह है कि 10वीं कक्षा तक के सभी शैक्षणिक संस्थान उन जिलों में बंद रहेंगे जहां 1,000 से अधिक सक्रिय मामले होंगे। अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में केवल गौतम बुद्ध नगर में ही कोविड-19 के 1,000 से अधिक सक्रिय मामले हैं, जबकि राज्य के 33 जिलों में 10 से कम सक्रिय मामले हैं। भारत में पिछले आठ दिनों में मामलों में 6.3 गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है, बुधवार को ही लगभग 60 हजार केस आ गए। देश में ओमीक्रोन का आंकड़ा भी 2000 से आगे निकल गया है। यह वैरिएंट अब देश के 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैला हुआ है, जिसमें मेघालय में ताजा मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, झारखंड और गुजरात राज्यों की पहचान चिंता के उभरते राज्यों के रूप में की है, जबकि यह पाया गया कि छह राज्यों में 10,000 से अधिक सक्रिय मामले दर्ज किए गए और दो राज्यों में 5,000-10,000 के बीच दर्ज किए गए।

## हल्के व...

क्वारंटीन अवधि कम से कम सात दिन बीत जाने के बाद समाप्त कर सकते हैं। वे मास्क पहनना जारी रखेंगे। होम आइसोलेशन की अवधि समाप्त होने के बाद पुन: परीक्षण की कोई आवश्यकता नहीं है। इससे पहले, लक्षणों की शुरुआत के 10 दिनों के बाद होम आइसोलेशन समाप्त होता था। बिना लक्षण वाले संपर्कों का परीक्षण नहीं किया जाएगा, लेकिन घर में क्वारंटीन लोगों के स्वास्थ्य की निगरानी करने की आवश्यकता होगी। नए दिशानिर्देश 29 अप्रैल, 2021 को जारी किए गए नियमों का स्थान लेंगे। जिसके तहत होम आइसोलेशन के तहत एक मरीज का डिस्चार्ज एंड आइसोलेशन तब माना जाता था, जब वह कम से कम 10 दिन लक्षणों की शुरुआत से (बिना लक्षण वाले मामलों के लिए और 3 दिनों से बुखार नहीं हो या सैंपलिंग की तारीख से) बीत चुके होते हैं। इसके अलावा, सभी परिवार के सदस्यों और करीबी संपर्कों को निगरानी और परीक्षण करने की आवश्यकता थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को संशोधित दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि कोविड-19 के मामले पिछले दो वर्षों में विश्व स्तर और साथ ही भारत में देखा गया कि कोविड-19 के अधिकांश मामले या बिना लक्षण के हैं या बहुत हल्के लक्षण हैं। ऐसे मामले आमतौर पर कम दवाओं के साथ ठीक हो जाते हैं और साथ ही उचित चिकित्सा मार्गदर्शन और निगरानी के तहत इसे घर पर इसका इलाज किया जा सकता है। संशोधित दिशानिर्देश में बिना लक्षण वाले मामलों की पहचान जांच में पुष्टि वाले मामलों के रूप में करते हैं जो किसी भी लक्षण का अनुभव नहीं कर रहे हैं और चिकित्सकीय रूप से हल्के मामलों में के रूप में परिभाषित किया गया है जो बुखार के साथ या बिना बुखार के सांस की तकलीफ के बिना और कमरे की हवा में 93 फीसदी ऑक्सीजन के साथ सांस ले सकते हैं। पहले के दिशानिर्देशों में, दोनों श्रेणियों के मामलों के लिए ऑक्सीजन सेचुरेनशन सीमा 94 फीसदी के ऊपर थी। हल्के व बिना लक्षण वाले मामलों के लिए क्लीनिकल प्रबंधन के नए दिशानिर्देश के अनुसार ऐसे मरीजों का चिकित्सा अधिकारी की निगरानी में इलाज होना चाहिए। इसके अलावा जिला/उप-जिला स्तर पर एक निर्दिष्ट नियंत्रण कक्ष, संपर्क नंबर परिवार का परीक्षण, नैदानिक प्रबंधन से संबंधित मार्गदर्शन, अस्पताल के बिस्तर के असाइनमेंट, यदि आवश्यक हो तो उपयुक्त मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रदान किया जाएगा।

## सांसद शांतनु...

छोड़ दिया। पिछले एक महीने में पार्टी के व्हाट्सएप ग्रुप को छोड़ने वाले वे 11वें विधायक हैं।

## बुली बाई...

से जुड़ा) के अनुसार, यह कहती है कि बुली बाई खालसा सिख फोर्स द्वारा एक समुदाय संचालित ओपन सोर्स ऐप है। तो ऐसा क्यों है, यह हमारी जांच का हिस्सा है। उन्होंने कहा, यह कहना जल्दबाजी होगा कि पूरी कवायद का उद्देश्य क्या था। नगराले ने कहा कि मुंबई पुलिस ने दो जनवरी को ऐप के बारे में शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की, जिसके बाद जांचकर्ताओं ने ऐप और संबंधित ट्विटर हैंडल का तकनीकी विश्लेषण शुरू किया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह ट्विटर हैंडल, ऐप के नाम से ही, सोशल मीडिया पर ऐप की वेबसाइट को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था। उन्होंने कहा, तकनीकी विश्लेषण के दौरान, हमने ऐप के फॉलोअर के बारे में जानकारी एकत्र की और आरोपी की तलाश शुरू की। नगराले ने दावा किया कि बेंगलुरू निवासी विशाल कुमार झा, इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष का छात्र है, जो इस हैंडल के पांच फॉलोअर में से एक था। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति मामले की जानकारी साझा करना चाहता है तो वह मुंबई साइबर पुलिस से संपर्क कर सकता है। इसी तरह की अन्य शिकायतों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, अगर हमारे पास कोई शिकायत आती है, वह किसी भी समुदाय की हो सकती है, तो हम उस पर तुरंत संज्ञान लेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या मामले के आरोपी सुल्ली डील मामले में भी शामिल थे (जहां मुस्लिम महिलाओं को लक्षित करने वाली एक समान वेबसाइट बनाई गई थी), मुंबई पुलिस आयुक्त ने इस बारे में टिप्पणी करने से इनकार किया। पुलिस आयुक्त ने कहा, मैं केवल मुंबई पुलिस में दर्ज मामले के बारे में चर्चा (सीमित) रखूंगा, और उल्लिखित मामले की जांच दिल्ली पुलिस द्वारा की जा रही है। जांच तीन दिन पुरानी है और मैं यह नहीं कह सकता कि दोनों मामले जुड़े हुए हैं या नहीं। नगराले ने कहा कि पुलिस पता लगाएगी कि मास्टरमाइंड कौन था, उसका मकसद क्या था और क्या गिरफ्तार आरोपियों को भुगतान किया गया और किसने उन्हें भुगतान किया। ऐप को ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म गिटहब पर होस्ट किया गया था। बाद में, शिकायत मिलने पर इसे प्लेटफॉर्म द्वारा ब्लॉक कर दिया गया था।

# कप्तान डीन एल्गर ने संभाला मोर्चा

## भारत जीत से आठ विकेट और दक्षिण अफ्रीका 122 रन दूर

**●भारत ने दूसरी पारी में 266 रन बनाए**

**भाषा**। जोहानिसबर्ग

**कप्तान** डीन एल्गर ठोस नाबाद पारी और दो उपयोगी साझेदारियों से दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट के तीसरे दिन बुधवार को यहां अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 118 रन बनाकर 240 रन का लक्ष्य हासिल करने की उम्मीदें जीवंत रखी।

एल्गर अभी 121 गेंदों पर 46 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने एडेन मार्कराम (31) के साथ पहले विकेट के लिए 47 और कीगन पीटरसन (28) के साथ दूसरे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारियां करके भारत को हावी होने से रोका। स्टंप उखड़ने के समय एल्गर के साथ रॉसी वान डर डुसेन 11 रन पर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका अब लक्ष्य से 122 रन पीछे है। अपनी पहली पारी में 202 रन बनाने वाले भारत ने दूसरी पारी में 266 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 229 रन बनाकर 27 रन की बढ़त हासिल की थी। वांडरर्स में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रिकार्ड आस्ट्रेलिया के नाम है जिसने 2011 में 310 रन बनाकर जीत दर्ज की थी। भारत यदि दक्षिण अफ्रीका के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रख पाया तो उसका श्रेय चेतेश्वर पुजारा (86 गेंदों पर 53) और अजिंक्य रहाणे (78 गेंदों पर 58 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 23.2 ओवर में 111 रन की साझेदारी को जाता है। बाद में हनुमा विहारी (84 गेंदों पर नाबाद 40) ने आखिरी चार बल्लेबाजों के साथ मिलकर 82 रन जोड़े। इनमें शार्दुल ठाकुर (24 गेंदों पर 28) ने अहम योगदान दिया।

कैगिसो रबाडा (77 रन देकर तीन) ने पहले सत्र के आखिरी 45 मिनट में तीन विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को वापसी दिलाई। मार्को जेनसन (67 रन देकर तीन) और लुंगी एनगिडी (43 रन देकर तीन) ने बाद में इसका फायदा उठाया। इस श्रृंखला में अब तक रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्कराम ने कुछ विश्वसनीय शॉट लगाकर अपने इरादे जतलाए लेकिन ठाकुर (24 रन देकर एक) ने गेंद संभालते ही लगातार उन्हें परेशान किया। पगबाधा की दो अपील ठुकराए जाने के बाद भी ठाकुर ने लाइन व लेंथ बनाए रखी। उनकी तीसरी अपील पर न अंपायर को शक था और ना ही बल्लेबाज को।



चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 111 रन जोड़े

इसके बाद पीटरसन ने अपने कप्तान के साथ अगले 16 ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया और इस बीच दूसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। भारतीय तेज गेंदबाजों विशेषकर ठाकुर की कुछ गेंदें खतरनाक थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका के दोनों बल्लेबाज टिके रहे। ऐसे में ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (14 रन देकर एक) ने अपनी भूमिका निभाई। उनकी तेजी से स्पिन लेती गेंद पर पीटरसन गच्चा खाकर पगबाधा हो गए। वान डर डुसेन ने हालांकि एल्गर की तरह पांव जमाए रखा और कप्तान के साथ दिन के बाकी बचे 12 ओवर में टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया। भारत के लिए चौथे दिन पहला सत्र महत्वपूर्ण होगा जिसमें वह शुरू में विकेट लेकर बल्लेबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश करेगा। इससे पहले भारत ने सुबह दो विकेट पर 85 रन से आगे खेलना शुरू किया। खराब फॉर्म के कारण आलोचकों के निशाने पर चल रहे पुजारा और रहाणे जानते थे कि उनके लिए आगे टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा और इसलिए उन्होंने रन बनाने पर अधिक ध्यान दिया। पुजारा ने 62 गेंदों पर जबकि रहाणे ने 67 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया जिससे पता चलता है कि उन्होंने रन बनाने को प्राथमिकता में रखा। पुजारा ने 10 चौके जबकि रहाणे ने आठ चौके और एक छक्का लगाया। भारत का स्कोर एक समय दो विकेट पर 155 रन था और वह अच्छी स्थिति में दिख रहा था, लेकिन इसके बाद रबाडा ने तीन विकेट झटककर दक्षिण अफ्रीका को वापसी दिलाई।

रबाडा ने रहाणे को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच कराया और पुजारा को पगबाधा आउट किया। उन्होंने इसके बाद ऋषभ पंत को खाता भी नहीं खोलने दिया जिन्होंने शार्ट पिच गेंद को हॉफ वॉली पर खेलने का गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनाकर विकेटकीपर को कैच दिया। अश्विन ने एनगिडी की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देने से पहले 14 गेंदों पर 16 रन बनाए। ठाकुर ने आते ही कुछ आकर्षक शॉट जमाए तथा विहारी के साथ सातवें विकेट के लिए 41 रन जोड़े। इसमें ठाकुर का योगदान 28 रन था जिसमें पांच चौके और जेनसन पर लगाया गया एक छक्का भी शामिल है। जेनसन ने इसी ओवर में उन्हें सीमा रेखा पर कैच कराया। विहारी ने इसके बाद रणनीतिक बल्लेबाजी की। उन्होंने जसप्रीत बुमराह (सात) के साथ 17 और मोहम्मद सिराज (शून्य) के साथ 21 उपयोगी रन जोड़े। विहारी ने अपनी पारी में छह चौके लगाए।

**स्कोर बोर्ड**

**भारत पहली पारी** : 202

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी** : 229

**भारत दूसरी पारी:** केएल राहुल का मार्कराम बो जेनसन 08, मयंक अग्रवाल पगबाधा बो ओलिवियर 23, चेतेश्वर पुजारा पगबाधा बो रबाडा 53, अजिंक्य रहाणे का वेरेन बो रबाडा 58, हनुमा विहारी नाबाद 40, ऋषभ पंत का वेरेन बो रबाडा 00, रविचंद्रन अश्विन का वेरेन बो एनगिडी 16, शार्दुल ठाकुर का महाराज बो जेनसन 28, मोहम्मद शमी का वेरेन बो जेनसन 00, जसप्रीत बुमराह का जेनसन बो एनगिडी 07, मोहम्मद सिराज बो एनगिडी 00

अतिरिक्त (बाई 16, लेग बाई 04, नोबॉल 08, वाइड 05) 33

कुल (60.1 ओवर में, सभी आउट) 266

विकेट पतन : 1-24, 2-44, 3-155, 4-163, 5-167, 6-184, 7-225, 8-228, 9-245

गेंदबाजी : रबाडा 20-3-77-3,ओलिवियर 12-1-51-1, एनगिडी 10.1-2-43-3, जेनसन 17-4-67-3,महाराज 1-0-8-0

**दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी** : डीन एल्गर खेल रहे 46, एडेन मार्कराम पगबाधा बो ठाकुर 31, कीगन पीटरसन पगबाधा बो अश्विन 28, रॉसी वान डर डुसेन खेल रहे हैं 11


अतिरिक्त (लेग बाई 02) 02

कुल (40 ओवर में, दो विकेट पर) 118

विकेट पतन : 1-47, 2-93

गेंदबाजी : बुमराह 10-1-42-0, शमी 9-2-22-0, ठाकुर 9-1-24-1, सिराज 4-0-14-0, अश्विन 8-1-14-1

## केएल राहुल को टेस्ट रैंकिंग में 18 पायदान का फायदा, शमी और बुमराह भी ऊपर चढ़े



**दुबई**। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली 113 रन की जीत में प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में 18 पायदान के फायदे से बल्लेबाजों की सूची में 31वें स्थान पर पहुंच गए। सेंचुरियन में इस जीत से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा है। राहुल की इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग आठवां स्थान है जो उन्होंने नवंबर 2017 में हासिल की थी। उन्होंने पहली पारी में 123 रन बनाए और मयंक अग्रवाल (60 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 117 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई जिससे भारतीय टीम इस स्थल पर टेस्ट मैच जीतने वाली पहली एशियाई टीम बन गई और उसने डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में महत्वपूर्ण अंक भी हासिल किए। अग्रवाल को एक पायदान का फायदा हुआ जबकि अजिंक्य रहाणे दो पायदान की छलांग से बुधवार को ताजा अपडेट में 25वें स्थान पर पहुंच गए। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी भी रैंकिंग में ऊपर चढ़ने वाले अन्य भारतीय हैं।

# सिडनी टेस्ट में बारिश का खलल

## आस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 126 रन बनाए, दो सत्र में सिर्फ 21 ओवर डाले जा सके

**एशेज सीरीज**

**एपी**। सिडनी

**आस्ट्रेलिया** ने इंग्लैंड के खिलाफ वर्षाबाधित चौथे एशेज टेस्ट के पहले दिन बुधवार को तीन विकेट खोकर 126 रन बना लिए। बारिश के कारण पहले दो सत्र में सिर्फ 21 ओवर फेंके जा सके जबकि आखिरी सत्र में रन तेजी से बने और दो विकेट भी गिरे। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर स्टीव स्मिथ छह और उस्मान ख्वाजा चार रन बनाकर खेल रहे थे। बारिश के कारण खेल 30 मिनट विलंब से शुरू हुआ। आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। आगे और बारिश के कारण पहले सत्र में 12.3 ओवर ही फेंके जा सके।

हैरिस और डेविड वॉर्नर ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। खराब फॉर्म के कारण तीसरे टेस्ट से बाहर रहे स्टुअर्ट ब्रॉड ने अपने चयन को सार्थक करते हुए इंग्लैंड को 21वें ओवर में सफलता दिलाई और वॉर्नर को दूसरी स्लिप में जाक क्रॉले के हाथों लपकवाया। वॉर्नर ने 72 गेंद में छह चौकों की मदद से 30 रन बनाए। ब्रॉड ने पिछले सात एशेज टेस्ट में आठवीं बार वॉर्नर का विकेट लिया है। लाबुशेन के क्रीज पर आने के बाद 22वें ओवर की चार गेंदें फेंके जाने के बाद ही बारिश फिर शुरू हो गई। दूसरे सत्र में नौ ओवर का ही खेल हो सका। चाय के बाद खेल बहाल होने पर हैरिस और लाबुशेन ने रनगति को बढाया। हैरिस ने 38 रन बनाए लेकिन वॉर्नर की तरह ही अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। जिम्मी एंडरसन की गेंद पर उन्होंने पहली स्लिप में इंग्लैंड के कप्तान जो रूट को कैच थमाया।

इसके बाद मार्क वुड ने लाबुशेन को विकेट के पीछे जोस बटलर के हाथों लपकवाया। आस्ट्रेलिया इस श्रृंखला में पहले ही 3-0 की अजेय बढत बना चुका है। दोनों टीमों में इस मैच के लिए एक बदलाव किया गया है। आस्ट्रेलियाई टीम में कोरोना संक्रमित ट्रेविस हेड की जगह उस्मान ख्वाजा ने ली जबकि इंग्लैंड टीम में चोटिल ओली रॉबिनसन की जगह स्टुअर्ट ब्रॉड आए हैं।



लाबुशेन का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड

## प्रबंध निदेशक एश्ले जाइल्स ने एशेज सीरीज हारने की जिम्मेदारी ली, बदलाव की मांग की

**लंदन**। आस्ट्रेलिया में एशेज श्रृंखला में हार के लिए माफी मांगते हुए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के प्रबंध निदेशक एशले जाइल्स ने इंग्लिश क्रिकेट में व्यवस्थित बदलाव की मांग की है लेकिन कहा कि बड़े पैमाने पर छंटनी टेस्ट क्रिकेट में टीम के खराब फॉर्म से निजात पाने का तरीका नहीं है। आस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की एशेज श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढत बना ली है। जाइल्स ने कहा कि मैं एशेज श्रृंखला हारने की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। हम माफी ही मांग सकते हैं। मैं जानता हूं कि लोग बहुत नाराज होंगे। पिछले 34 साल से हम आस्ट्रेलिया जा रहे हैं और एक ही बार (2010-11) जीते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे नतीजे अच्छे नहीं रहे हैं। नब्बे के दशक में इस तरह के परिणाम को स्वीकार कर लिा जाता था लेकिन उसके बाद से हमने उंचे मानदंड कायम किए हैं। उन्होंने कहा कि हमें सामूहिक जिम्मेदारी लेकर सामूहिक हल तलाशना होगा। इसके लिए अधिक व्यवस्थित बदलाव की जरूरत है। आप मुझे हटा सकते हैं या मुख्य कोच को या कप्तान को लेकिन यह कोई हल नहीं है। जाइल्स ने कहा कि अभी दो मैच बाकी है और हम उसमें अच्छे प्रदर्शन की कोशिश करेंगे। इसके अलावा हमे ऐसा घरेलू ढांचा तैयार करना होगा कि वहां जाकर अच्छा प्रदर्शन कर सके। अभी इसका अभाव है।

## आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मैक्सवेल कोरोना पॉजिटिव



**मेलबर्न**। आस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं और बिग बैश लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में संक्रमण के शिकार वह 13वें खिलाड़ी हैं। मैक्सवेल बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स के कप्तान हैं। उनके संक्रमित होने की पुष्टि बुधवार को सुबह रैपिड एंटीजेन टेस्ट में हुई। उन्होंने सोमवार को रेनेगाडेस के खिलाफ अपनी टीम के मैच के बाद जांच कराई थी। उन्होंने पीसीआर टेस्ट कराया है जिसके नतीजे का इंतजार है। इस बीच बीबीएल में कोरोना मामलों का आना लगातार जारी है। रेनेगाडेस टीम में भी एक मामला सामने आया है और वह पांचवां क्लब है जिसमें कोरोना पॉजिटिव मामले पाए गए हैं। इससे पहले कोरोना मामलों के कारण ब्रिसबेन हीट्स ने बुधवार को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ मैच नहीं खेला। यह मैच स्थगित हो गया है।

# विश्व कप में वापसी करना चाहते हैं क्रिस्टियन एरिक्सन

**एपी**। कोपेनहेगन

**यूरोपीय** चैम्पियनशिप में फिनलैंड के खिलाफ पहले ही मैच में दिल का दौरा पड़ने से बाहर हुए डेनमार्क के क्रिस्टियन एरिक्सन नवंबर में होने वाले विश्व कप के जरिए फुटबॉल के मैदान पर वापसी करना चाहते हैं। 29 वर्ष के एरिक्सन ने जून में हुए उस हादसे के बाद से एक भी मैच नहीं खेला है। वह इटली में खेल नहीं सके थे जिसकी वजह से इंटर मिलान के साथ उनका करार आपसी सहमति से रद्द कर दिया गया।

एरिक्सन ने डेनमार्क के प्रसारक डीआर वन को दिए इंटरव्यू में कहा कि मेरा लक्ष्य कतर में विश्व कप खेलना है। पिछले कुछ समय में उन्होंने अभ्यास शुरू कर दिया है लेकिन फिलहाल वह किसी क्लब से नहीं जुड़े हैं।

## मेसी कोविड-19 जांच में निगेटिव आने के बाद फ्रांस रवाना

**ब्यूनस आयर्स**। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी कोविड-19 जांच में निगेटिव आने के बाद बुधवार को तड़के फ्रांस के लिए रवाना हुए। संक्षिप्त शीतकालीन अवकाश के बाद वापसी करने से पहले हुई कोरोना वायरस की जांच में वह पॉजिटिव पाए गए थे।

रविवार को हुई घोषणा में पेरिस सेंट जर्मेन के चार खिलाड़ी कोविड-19 पॉजिटिव थे जिसमें मेसी भी शामिल थे। वह रोजारियो में अपने घर में पृथकवास पर थे।

पेरिस सेंट जर्मेन ने इस हफ्ते अभ्यास शुरू किया था। इससे टीम में और खिलाड़ियों के संक्रमित होने की आशंका है।

## डोपिंग निरोधक प्रयासों के तहत आईटीए के साथ करार बढ़ाया

**लुसाने**। अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) ने अंतरराष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) के साथ करार तीन साल के लिए बढा लिया है जिसके तहत स्पर्धा के दौरान डोप टेस्ट, लंबे समय तक नमूनों का संग्रहण और जांच शामिल होगा। आईबीए ने सबसे पहले 2016 रियो ओलंपिक के दौरान आईटीए के साथ करार किया था।

आईबीए ने एक बयान में कहा कि इस करार के तहत आईबीए की डोपिंग निरोधक गतिविधियों को आईटीए अंजाम देगा जिसमें जांच, जानकारी जुटाना, जागरूकता जगाना और डोपिंग नियमों के उल्लंघन के मामलों से निपटना शामिल है।

यह फैसला अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता फिर हासिल करने के आईबीए के प्रयासों का हिस्सा है। वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक मसलों के कारण 2019 में आईबीए की मान्यता ले ली गई थी।

# इबादत हुसैन ने बांग्लादेश को ऐतिहासिक जीत दिलाई

**●विश्व टेस्ट चैंपियन को आठ विकेट से पराजित किया**

**एपी**। माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)

**तेज** गेंदबाज इबादत हुसैन ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 46 रन देकर छह विकेट लिए जिसकी बदौलत बांग्लादेश ने पहले क्रिकेट टेस्ट में विश्व टेस्ट चैम्पियन न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर उस पर पहली जीत दर्ज की। इबादत ने चौथे ही दिन बांग्लादेश को ऐतिहासिक जीत के करीब पहुंचा दिया था।

उन्होंने पांचवें और आखिरी दिन बुधवार को न्यूजीलैंड के आखिरी दोनों विकेट भी ले लिए। मेजबान टीम दूसरी पारी में 169 रन पर आउट हो गई जो बांग्लादेश के खिलाफ उसका न्यूनतम स्कोर है। पहली पारी में न्यूजीलैंड 130 रन से पिछड़ी थी जिससे बांग्लादेश को जीत के लिए सिर्फ 40 रन बनाने थे। उसने दो विकेट गंवा दिए लेकिन कप्तान मोमिनुल हक और पूर्व कप्तान मुशफिकुर रहीम ने टीम को जीत तक पहुंचाया। अपने देश से बाहर टेस्ट क्रिकेट में बांग्लादेश की यह छठी जीत है और शीर्ष पांच रैंकिंग वाली टीमों में से किसी के खिलाफ पहली जीत है।




न्यूजीलैंड टेस्ट रैंकिंग में दूसरे और बांग्लादेश नौवे स्थान पर है।इस जीत के साथ उसने अपनी धरती पर लगातार 17 टेस्ट में अपराजेय रहने का न्यूजीलैंड का सिलसिला भी तोड़ दिया। पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी इबादत ने इस मैच से पहले 81 की औसत से 11 टेस्ट विकेट लिए थे। पहली पारी में उन्होंने 75 रन देकर एक विकेट लिया।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 328 रन बनाए थे। दूसरी पारी में इबादत ने डेवोन कोंवे (13), हेनरी निकोल्स (0), टॉम ब्लंडेल (0) और विल यंग (69) को आउट करके कीवी पारी की कमर तोड़ दी।

रोस टेलर को उन्होंने 40 के स्कोर पर आउट किया और फिर काइल जैमीसन का विकेट लेकर न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 160 रन तक पहुंचाया। तसकीन अहमद ने रचिन रविंद्र को 16 के स्कोर पर और टिम साउदी को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा।

मेहिदी हसन मिराज ने ट्रेंट बोल्ट को मिडविकेट पर तैजुल इस्लाम के हाथों लपकवाकर कीवी पारी का अंत किया।

### पुनेरी पल्टन के युवाओं ने अनुभवी गुजरात को पस्त किया

**बेंगलुरू**। पुनेरी पल्टन के युवाओं ने ने यहां प्रो कबड्डी लीग के मैच में अनुभवी गुजरात जायंट्स को 33-26 से शिकस्त दी। मोहित गोयत ने पुनेरी पल्टन के लिए एक सुपर 10 (10 अंक) जुटाए। उन्हें आलराउंडर अस्लाम इनामदार (आठ अंक) का पूरा साथ मिला।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my clients, Maharaj Singh S/o Devi Singh R/o Flat No.128,GF,Site-4,Vikas Puri,Delhi.Lost Documents in respect of DDA Janta Flat Flat No.128,Ground Floor,site-4, Vikaspuri,Delhi. Vide DDA File No J-18(178)81/NP/VP has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original documents i.e. Demand Letter of the above said Janta flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR No. 14903/2022 dated 05/01/2022 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch,Delhi. Any person(s)claiming any right, interest,having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/**Phone No 9999238141** within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right, interest,objection with respect to this property, can personally inform or write to **Dy.Director LAB/H/Janta/Vikas Sadan,INA,New Delhi**

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, Sangeeta Saxena W/o Sh. Vinod Kumar Saxena Allottee/Mutatee/GPA/purchaser of DDA SFS Flat No.EA-403, First Floor, G-8 Area Rajouri Garden, Maya Enclave, Hari Nagar, New Delhi-110064 vide DDA File No.F.23(1836)81/SFS/II have applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original documents i.e. Demand Cum Allotment Letter, Possession Letter, NOC For Water And Electric Connection, Site Possession Slip & Payment Challans of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO. 16118/2022 dated 05/01/2022 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi.Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/**Phone No. 9654121907** within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to
**Deputy Director (Housing)- SFS or Director (H)-SFS, D Block, Vikas Sadan, New Delhi**

# रामकुमार और बोपन्ना क्वार्टर फाइनल में

**भाषा**। एडीलेड

**भारत** के रामकुमार रामनाथन और रोहन बोपन्ना एडीलेड इंटरनेशनल एटीपी टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले में मिली जीत के बाद पुरूष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। रामकुमार और बोपन्ना पहली बार एटीपी टूर पर साथ खेल रहे हैं।

उन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के जैकसन विथ्रो और नाथनिएल लामोंस को 6-7, 7-6, 10-4 से हराया। इससे पहले उन्होंने अमेरिका के जैमी केरेटानी और ब्राजील के फर्नांडो रोंबोली को 6-2, 6-1 से मात दी थी। अब उनका सामना फ्रांस के बेंजामिन बोंजी और मोनाको के हुजो निस तथा बेल्जियम के सैंडर जिले और जोरान विलेजेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। महिलाओं के डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट में भारत की सानिया मिर्जा और उक्रेन की नादिया किचेनोक ने दूसरी वरीयता प्राप्त गैब्रियला डाबरोवस्की और जियुलियाना ओल्मोस को 1-6, 6-3, 10-8 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया की प्रिससिला होन और चार्लोट के पोक्ज और अमेरिका की शेल्बी रोजर्स और ब्रिटेन की हीथर वाटसन के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा।

## पोलैंड एटीपी कप के सेमीफाइनल में पहुंचा


चिली के खिलाफ खेले गए मुकाबले में रिटर्न शाट खेलते नार्वे के विक्टर दुरासोविक

**सिडनी**। पोलैंड ने अर्जेंटीना को बुधवार को 3-0 से हराकर एटीपी कप टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने डिएगो श्वार्त्जमैन को 6-1, 6-4 से हराया। पोलैंड ग्रुप डी में जॉर्जिया, यूनान और अर्जेंटीना को हराकर शीर्ष पर रहा। पोलैंड के लिए पहला मैच कामिल एम ने जीता जिन्होंने फेडरिको डेलबोनिस को 6-3, 7-6 से मात दी। इसके बाद श्वार्त्जमैन को हराकर हुरकाज ने बढत 2-0 की कर दी। पोलैंड ने युगल मैच भी अपने नाम किया। अब पोलैंड का सामना स्पेन या 2020 चैम्पियन सर्बिया से होगा। अन्य मैचों में चिली ने नॉर्वे को 2-1 से हराया जिसके मायने हैं कि सर्बिया को अब ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने के लिए स्पेन को मात देनी होगी।

# अल्लाउद्दीन पालेकर का है भारत से नाता रणजी मैच में भी कर चुके हैं अंपायरिंग

**भाषा**। मुंबई

**दक्षिण** अफ्रीका के अंपायर अल्लाउद्दीन पालेकर ने भारत के खिलाफ जोहानिसबर्ग के वांडरर्स में चल रहे दूसरे मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करते हुए अपने फैसलों से प्रभावित किया है, लेकिन बहुत कम लोगों को पता होगा कि उनका परिवार महाराष्ट्र के रत्नागिरी से जुड़ा है। पालेकर मूल रूप से रत्नागिरी जिले खेड़ तहसील के शिव गांव के रहने वाले हैं। शिव गांव सरपंच दुर्वेश पालेकर ने बुधवार को पीटीआई से कहा, मैं भी पालेकर हूं। वह हमारे शिव गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता नौकरी के लिए दक्षिण अफ्रीका चले गए और बाद में वहां बस गए। अल्लाहुद्दीन का जन्म दक्षिण अफ्रीका में हुआ लेकिन उनका मूल गांव शिव है, जो खेड़ तहसील में है। उन्होंने कहा कि पूरे गांव और ग्राम पंचायत को उन पर गर्व है। हमारे गांव का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चला गया है। हम बेहद खुश हैं।



यही नहीं 44 वर्षीय पालेकर ने 2014-15 के घरेलू सत्र के दौरान मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी के एक मैच में अंपायरिंग की थी। पालेकर ने भारतीय अंपायर कृष्णमाचारी श्रीनिवासन के साथ मुंबई और मध्य प्रदेश के बीच लीग चरण के मैच में अंपायरिंग की थी। मुंबई क्रिकेट संघ के वरिष्ठ अंपायर ने कहा कि उन्होंने उस मैच में अंपायरिंग की थी तथा अंपायरों के आदान प्रदान के कार्यक्रम के तहत भारत में एक और रणजी मैच में अंपायरिंग की थी। पालेकर पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। उनके पिता जमालुद्दीन भी अंपायर थे।

### शीर्ष पर पहुंचा हैदराबाद

**मडगांव**। जेवियर सिवेरो के दूसरे हॉफ के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की मदद से हैदराबाद एफसी ने एटीके मोहन बागान को 2-2 से ड्रा पर रोककर इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में शीर्ष स्थान हासिल किया।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, नॉलेज पार्क-04 ग्रेटर नोएडा सिटी, गौतमबुद्ध नगर
**सार्वजनिक सूचना**

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत M/s Solaris Realtech Pvt. Ltd. के भूखण्ड संख्या -GH-16B सेक्टर-01 ग्रेटर नौएडा को दिनांक 31.01.2014 को पुनरीक्षित मानचित्र स्वीकृति प्रदान की गयी थी। तदोपरान्त विकासकर्ता द्वारा (Tower-A & Tower-B) का अधिभोग प्रमाण पत्र (Occupancy Certificate) हेतु दिनांक- 18.08.2021 को आन लाईन के माध्यम से आवेदन किया गया है, जिसका आवेदन संख्या -CC-1973 है, तत्क्रम में U.P. Apartment Act-2010, Amendment 2016 in Section-4 Sub Section-B, के अन्तर्गत परियोजना के आवंटियो से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है। इस सम्बन्ध में विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत कार्यपूर्ति मानचित्र एंव Declarations of UP Apartment Act 2010 का परीक्षण किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9.30 से सांय 6.00 बजे के मध्य नियोजन विभाग में तथा प्राधिकरण की वैबसाईट पर किया जा सकता है।


अतः उपरोक्त परियोजना के आंवटियो द्वारा Completion Map एंव Declarations of UP Apartment Act 2010 के सम्बन्ध में सूचना प्रकाशित करने के 30 दिनों के अन्दर आपत्तियां/सुझाव आमत्रित की जाती है। उपरोक्त के निहितार्थ अपनी आपत्तियां लिखित से अपने आवंटन पत्र, नाम, पता एंव दूरभाष नम्बर के साथ कार्यालय समय व कार्यदिवस में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, भूखण्ड संख्या-1, नॉलेज पार्क -04, ग्रेटर नोएडा में स्थित नियोजन विभाग में सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवसों के अन्दर जमा करायी जा सकती है।

महाप्रबन्धक (नियो०/वास्तु०)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# इमरान की पार्टी ने चंदे से जुड़ी जानकारी छिपाई

### ● निर्वाचन आयोग की एक कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मीडिया में आई खबर

**भाषा।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तकरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने देश के निर्वाचन आयोग को विदेशी नागरिकों एवं कंपनियों से मिली निधि की पूरी जानकारी नहीं दी और अपने खातों संबंधी जानकारी भी छुपाई। मीडिया की खबर में निर्वाचन आयोग द्वारा संकलित एक रिपोर्ट के हवाले से बुधवार को यह दावा किया गया। डॉन समाचार पत्र ने स्क्रूटनी कमेटी ऑफ द इलेक्शन कमीशन ऑफ पाकिस्तान (ईसीपी) द्वारा संकलित रिपोर्ट के हवाले से बताया कि सत्तारूढ़ दल ने वित्त वर्ष 2009-10 और वित्त वर्ष 2012-13 के बीच चार साल की अवधि में 31 करोड़ 20 लाख पाकिस्तानी रुपए के चंदे संबंधी जानकारी छुपाई।

समाचार पत्र के अनुसार, वार्षिक जानकारी से खुलासा हुआ कि केवल वित्त वर्ष 2012-13 में करीब 14 करोड़ 50 लाख डॉलर कम राशि बताई गई। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) द्वारा समिति को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पास 26 बैंक खाते थे। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2008 से 2013 के बीच पार्टी ने ईसीपी को 1.33 अरब पाकिस्तानी रुपए की धनराशि की जानकारी दी थी, जबकि पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक एसबीपी की एक रिपोर्ट में वास्तविक राशि 1.64 अरब पाकिस्तानी रुपए थी। पार्टी ने ईसीपी को उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों में तीन बैंक के ब्योरे का भी खुलासा नहीं किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में करीब 1,414 कंपनियों, 47 विदेशी कंपनियों और 119 संभावित कंपनियों ने खान की पार्टी को चंदा दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसे अमेरिका से भी 23 लाख, 44 हजार, 800 डॉलर मिले थे, लेकिन समिति पार्टी के अमेरिकी बैंक खातों तक नहीं पहुंच सकी। पार्टी को यह निधि देने वालों में 4,755 पाकिस्तानी, 41 गैर-पाकिस्तानी और 230 विदेशी कंपनियां शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के अलावा, खान की पार्टी को दुबई, ब्रिटेन, यूरोप, डेनमार्क, जापान, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया से भी निधि मिली, लेकिन समिति को इन लेन-देन की जानकारी नहीं दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी ने मंगलवार को एक बैठक में जांच समिति की रिपोर्ट को गलत करार दिया और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी जैसे विपक्षी राजनीतिक दलों के खातों की भी जांच किए जाने की मांग की। डॉन समाचार पत्र ने बताया कि ईसीपी ने नौ महीनों के बाद मंगलवार को सत्तारूढ़ दल के खिलाफ विदेशी चंदे संबंधी मामले की सुनवाई शुरू की थी और इसी दौरान यह रिपोर्ट पेश की गई थी। इस मामले में आगे की सुनवाई 18 जनवरी को होगी।



वाशिंग्टन की सुपर मार्केट में खाली पड़ी रैकों के पास चहलकदमी करते दुकानदार

# ब्रिटेन के प्रधानमंत्री जॉनसन को ओमीक्रोन लहर से पार पा लेने की उम्मीद

**भाषा।** लंदन



**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बुधवार को अपने कैबिनेट से कहा कि इंग्लैंड में लॉकडाउन संबंधी और प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उन्हें कोविड-19 की ओमीक्रोन लहर से पार पा लेने की उम्मीद है। ब्रिटेन में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,18,724 रिकॉर्ड दैनिक मामले सामने आए हैं। जॉनसन ने नव वर्ष की पहली कैबिनेट बैठक में प्लान बी के तहत कदम उठाने की अपनी योजना रखी, जिसमें मास्क पहनना, संभव होने पर घर से काम करना और बड़े आयोजनों के लिए कोविड-19 टीकाकरण प्रमाण पत्र की अनिवार्यता जैसे कदमों का पालन सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने मंगलवार शाम को डाउनिंग स्ट्रीट में संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा एनएचएस(राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा) युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। मैं कैबिनेट से सिफारिश करूंगा कि हम प्लान बी को जारी रखें।

जॉनसन ने कहा, हमारे पास अपने देश को फिर से बंद किए बिना इस ओमीक्रोन लहर से पार पा लेने का मौका है। हम अपने स्कूल और कारोबारों को खुला रख सकते हैं और वायरस के साथ जीने का तरीका खोज सकते हैं। इस प्रकार की अटकलें लगाई जा रही हैं कि रैपिड एंटीजन जांच में संक्रमित पाए जाने के बाद पीसीआर जांच से पुष्टि किए जाने की अनिवार्यता को समाप्त किया जा सकता है। इंग्लैंड में अभी तक रैपिड एंटीजन जांच में संक्रमित पाए जाने के बाद पीसीआर जांच कराना अनिवार्य है और उनके पृथक-वास की अवधि पीसीआर जांच रिपोर्ट आने के बाद से गिनी जाती है। इस प्रकार की भी रिपोर्ट मिली है कि इंग्लैंड में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए आगमन से पूर्व जांच की अनिवार्यता भी समाप्त की जा सकती है। पर्यटन उद्योग ने सरकार से यह बदलाव करने का आग्रह किया है क्योंकि समुदाय के भीतर ओमीक्रोन संक्रमण की अत्यधिक उच्च दर के मद्देनजर इन यात्रियों के कारण कोई वास्तविक प्रभाव नहीं पड़ेगा। जॉनसन ने लोगों से टीकाकरण कराने की अपील की और कहा कि भले ही ओमीक्रोन अन्य स्वरूपों की तुलना में कम गंभीर है, लेकिन यह सोचना बड़ी मूर्खता होगी कि वैश्विक महामारी समाप्त हो गई है।

# चीन के शियान शहर में कोविड के नए मामलों में बड़ी गिरावट


**एपी।** बीजिंग

**चीन** ने उत्तरी शहर शियान में कोरोना वायरस के स्थानीय मामलों में बुधवार को बड़ी गिरावट की सूचना दी। इस शहर में बीते दो हफ्तों से सख्त लॉकडाउन लगा हुआ है। बीजिंग में चार फरवरी से शीत ओलंपिक खेलों का आयोजन होना है। इसके मद्देनजर चीन ने बीमारी के किसी नए प्रकोप को रोकने के लिए उपाय दोगुने कर दिए हैं। लोगों को बहुत जरूरी होने पर ही बीजिंग से बाहर जाने के लिए कहा गया है। वहीं होटलों ने भी नई बुकिंग करना बंद कर दिया है। खिलाड़ी, अधिकारी और पत्रकार महामारी रोधी दायरे में प्रवेश करने के बाद जब तक तक शीत खेल खत्म नहीं हो जाते, वहीं रहेंगे। शीत खेल चार से 20 फरवरी तक चलेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बुधवार को बताया कि शियान में महज़ 35 मामले मिले हैं जो एक दिन पहले 95 थे। यह दैनिक मामलों में तेज़ गिरावट है। शियान में अबतक 1600 से अधिक मामले आए हैं लेकिन किसी की मौत होने की सूचना नहीं है। आर वर्ल्ड इन डेटा के मुताबिक, चीन अबतक अपनी 85 फीसदी आबादी का टीकाकरण कर चुका है। टीके गंभीर रूप से बीमार होने की संभावना को कम करते हैं। शहर के रोग नियंत्रण केंद्र के उप निदेशक चेन झिजुन ने कहा कि शियान में बड़े स्तर पर आबादी में संक्रमण का प्रसार नहीं हुआ है और जो मामले आए हैं, वे लोग संक्रमितों के संपर्क में आने से बीमार पड़े हैं और वे पृथक-वास में हैं। मंगलवार को अधिकारियों ने हेनान प्रांत के युझौउ शहर में सप्ताहांत पर लॉकडाउन लगाने का ऐलान किया था, क्योंकि वहां तीन मामले आए हैं जिनमें संक्रमण के लक्षण नहीं थे। हेनान प्रांत में बिना लक्षण वाले दो मामले बुधवार को मिले। चीन में कोरोना वायरस के कुल 1,029,32 मामले मिले हैं।

# जो बाइडन ने कोरोना को लेकर लोगों से एहतियात बरतने की अपील की

### ● कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति मीडिया से हुए मुखातिब

**एपी।** वॉशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कोविड-19 के मामलों में बेतहाशा वृद्धि के बीच लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है। अमेरिकी प्रशासन कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मामलों में वृद्धि को लेकर जांच की कमी, विद्यालयों को बंद करने समेत कई समस्याओं से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है। व्हाइट हाउस में कोविड-19 प्रतिक्रिया दल के साथ बैठक से पहले बाइडन ने नए स्वरूप से निपटने के प्रशासन के प्रयासों पर बात की साथ ही चिंतित देशवासियों को यह समझाने का भी प्रयास किया कि मामलों में वर्तमान में जो वृद्धि है वह महामारी के शुरू होने के दौरान अथवा पिछले वर्ष की सर्दियों में सामने आए मामलों से थोड़ी समानता दिखाते हैं। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि टीकाकरण, बूस्टर खुराक और दवाईयों ने उन लोगों के लिए बड़े खतरे को टाल दिया है, जो टीके की खुराक ले चुके हैं। बाइडन ने टीकाकरण करा चुके लोगों से कहा, आप अब भी संक्रमित हो सकते हैं, लेकिन इसकी आशंका बेहद कम है कि आप गंभीर रूप से बीमार पड़ेंगे। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने टीके नहीं लगवाएं हैं,उनके लिए बहाने के लिए कोई जगह नहीं है। पिछले वर्ष की तुलना में अब ज्यादातर अमेरिकी लोगों के पास रोजगार है, बच्चे कक्षाओं में जा रहे हैं और मौत तथा गंभीर बीमारियों के मामले कम हैं। बाइडन ने कहा, मेरा मानना है कि विद्यालय खुले रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के पास जांच के लिए जरूरी कोष और अन्य साजो समान हैं।


चीन के बीजिंग शहर में ओलंपिक चिन्ह को एक टॉवर पर टांगता हुआ मजदूर। चीन शीतकालीन ओलंपिक की मेजवानी करेगा

## औपचारिक रूप से सुरक्षा परिषद में शामिल हुए पांच देश

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में गैर स्थाई सदस्यों के तौर पर 2022-23 के कार्यकाल के लिए अल्बानिया, ब्राजील, गैबॉन, घाना और संयुक्त अरब अमीरत (यूएई) ने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्य हैं। यूएनएससी के पांच गैर स्थाई सदस्यों को चुनने के लिए जून में चुनाव हुआ था। राजदूतों ने मंगलवार को संक्षिप्त टिप्पणियां कीं, परिषद कक्षों के बाहर अन्य सदस्यों के साथ अपने देशों के झंडे लगाए और एक सामूहिक तस्वीर भी खिंचवाई। इस दौरान सभी ने मास्क पहने थे और एक-दूसरे से थोड़ी दूरी बनाकर खड़े थे। ध्वज समारोह एक परंपरा है, जिसे कजाकिस्तान ने 2018 में परिषद में शुरू किया था। अल्बानिया को पहली बार परिषद का सदस्य चुना गया है, जबकि ब्राजील 11वीं बार चुना गया।

# उत्तर कोरिया ने संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया

**एपी।** सियोल

**उत्तर** कोरिया ने बुधवार को अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र में एक संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया और जापान की सेनाओं ने यह जानकारी दी।

हालिया परीक्षण उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन द्वारा पिछले सप्ताह हुए सत्तारूढ़ पार्टी के सम्मेलन में, देश की सैन्य क्षमता को और बढ़ाने का संकल्प जताने के बाद किया गया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि उत्तर कोरिया ने बुधवार सुबह अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर एक संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल दागी। बयान के अनुसार दक्षिण कोरिया और अमेरिका के खुफिया अधिकारी इस परीक्षण के बारे में अधिक जानकारी जुटाने और विश्लेषण करने की कोशिश कर रहे हैं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने भी उत्तर कोरिया के परीक्षण की जानकारी दी और कहा कि उत्तर कोरिया ने संभवत: एक मिसाइल दागी है। जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने संवाददाताओं से कहा, हमें यह वास्तव में खेदजनक लगता है कि उत्तर कोरिया ने पिछले साल से मिसाइलें दागना जारी रखा है।

किशिदा ने कहा कि संदिग्ध मिसाइल कहां गिरी और कोई नुकसान हुआ या नहीं, समेत उत्तर कोरिया के इस परीक्षण के बारे में अन्य विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हैं। किशिदा ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को उस क्षेत्र में जहाजों और विमानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया जहां संदिग्ध मिसाइल के दागे जाने के बाद उसके गिरने की संभावना थी। उत्तर कोरिया ने सितंबर और नवंबर के बीच अमेरिका के सहयोगी देशों दक्षिण कोरिया और जापान को जद में लेने में सक्षम परमाणु मिसाइलों समेत नए विकसित हथियारों की एक श्रृंखला का परीक्षण किया था। कुछ विशेषज्ञों ने कहा कि उत्तर कोरिया अपने प्रतिद्वंद्वियों पर उसे परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्वीकार करने और देश पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों में राहत की उम्मीद में और अधिक दबाव डालने के इरादे से इस तरह के परीक्षण करता रहता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने बार-बार कहा है कि वह बिना किसी शर्त के उत्तर कोरिया के साथ कहीं भी और किसी भी समय परमाणु कूटनीति फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। उत्तर कोरिया ने अब तक इस तरह के प्रस्तावों को यह कहकर खारिज किया है कि अमेरिका की शत्रुतापूर्ण नीतियों में कोई बदलाव नहीं आया है।

# सूडान में पीएम के इस्तीफे के बाद उथल-पुथल के बीच तख्तापलट विरोधी प्रदर्शन जारी

### ● प्रदर्शनकारियों व सुरक्षा बलों के बीच झड़प का वीडियो भी वायरल

**एपी।** काहिरा

**सूडान** में इस सप्ताह की शुरुआत में प्रधानमंत्री के इस्तीफे के बाद देश में मची उथल-पुथल के बीच राजधानी खार्तूम और अन्य शहरों में लोग तख्तापलट के विरोध में सड़कों पर उतर आए।

सुरक्षा बलों ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के आसपास के क्षेत्र सहित राजधानी में कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। राष्ट्रपति भवन के आसपास 25 अक्टूबर को तख्तापलट के बाद से विरोध प्रदर्शनों के दौरान कई बार झड़प हुई हैं। वीडियो में प्रदर्शनकारियों को सुरक्षा बलों पर पथराव करते और आंसू गैस के गोले दागते भी देखा गया। हताहतों की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

तख्तापलट के बाद अब्दुल्ला हमदोक को प्रधानमंत्री के पद से हटा दिया गया था, लेकिन सेना के साथ एक समझौते के तहत केवल एक महीने बाद उन्हें पद पर बहाल कर दिया गया था, जिसका उद्देश्य तनाव और तख्तापलट विरोधी प्रदर्शनों को शांत करना था। हमदोक ने रविवार को राजनीतिक गतिरोध के बीच यह कहकर पद छोड़ दिया कि वह सत्ताधारी सैन्य अधिकारियों और लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के बीच समझौता करने में विफल रहे हैं।

तख्तापलट के बाद से सूडान राजनीतिक रूप से पंगु हो गया है। लंबे समय से देश के निरंकुश शासक रहे उमर अल-बशीर और उनकी इस्लामी सरकार के खिलाफ आंदोलन के बाद उन्हें अप्रैल 2019 में सत्ता से हटाया गया था, जिसके करीब दो साल सेना ने तख्तापलट किया। अंतरराष्ट्रीय दबाव में सेना ने एक तकनीकी कैबिनेट का नेतृत्व करने के लिए नवंबर में हमदोक को बहाल किया, लेकिन इस समझौते ने अल-बशीर के खिलाफ विद्रोह के पीछे लोकतंत्र समर्थक आंदोलन को दरकिनार कर दिया। तब से हमदोक तख्तापलट और सेना के साथ हुए समझौते के खिलाफ लगातार विरोध के बीच मंत्रिमंडल का गठन करने में असमर्थ रहे। तख्तापलट की निंदा करते हुए खार्तूम और ओमडुरमान में मंगलवार को हजारों लोगों ने मार्च में हिस्सा लिया। ऑनलाइन पोस्ट की गई तस्वीरों में युवा प्रदर्शनकारी गाते, ढोल बजाते और सूडानी झंडा लहराते दिखे। पूर्वी शहर पोर्ट सूडान और दारफुर क्षेत्र सहित अन्य शहरों में भी इसी तरह के प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, प्रदर्शन के मद्देनजर अधिकारियों ने खार्तूम और ओमडुरमान में प्रमुख सड़कों और मार्गों को बंद कर दिया।

## हजारों लोगों को पोत पर ही रोका गया

**हांगकांग।** हांगकांग में एक पोत पर सवार हजारों लोगों को बुधवार को कोविड-19 संबंधी जांच होने तक उस पर ही सवार रहने को कहा गया। पोत पर सवार नौ यात्री कोरोना वायरस संक्रमण के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित लोगों के सम्पर्क में आए थे और इसके बाद पोत को लौटने का आदेश दिया गया था।एक सरकारी बयान के अनुसार, अधिकारियों ने रॉयल कैरेबियन के स्पेक्ट्रम ऑफ द सीज़ पोत को बुधवार को तय समय से एक दिन पहले लौटने को कहा था। पोत ने रविवार को यात्रा शुरू की थी। पोत पर सवार नौ यात्री हाल ही में ओमीक्रोन से संक्रमित लोगों के सम्पर्क में आए थे। पोत बुधवार सुबह हांगकांग पहुंचा और उसके सभी यात्रियों को जांच होने तक उस पर ही सवार रहने को कहा गया। रॉयल कैरेबियन ने एक बयान में कहा कि उन सभी नौ यात्रियों को पृथक कर दिया गया है और सभी के संक्रमित ना होने की पुष्टि की गई है। कम्पनी वैश्विक महामारी से निपटने संबंधी सभी नियमों का पालन कर रही है।

# जांच में गुप्ता बंधुओं के अखबार में लाखों रैंड की बर्बादी में जुमा की भूमिका की पुष्टि

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**दक्षिण** अफ्रीका में भ्रष्टाचार संबंधी एक जांच रिपोर्ट ने इस बात की पुष्टि की है कि सरकारी उपक्रमों से अरबों रैंड की रकम लूटने के बाद देश से फरार हुए गुप्ता बंधुओं के मालिकाना हक बाले द न्यू एज (टीएनए) समाचार पत्र को पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा के प्रभाव के कारण मदद पहुंचाई गई थी।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के रहने वाले तीन गुप्ता बंधुओं अजय, अतुल और राजेश ने टीएनए शुरू किया था, जो जब बंद पड़ा है। ऐसा माना जाता है कि ए तीनों भाई इस समय दुबई में रह रहे हैं और दक्षिण अफ्रीकी प्राधिकारियों ने उनके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है, ताकि उनके खिलाफ आपराधिक आरोपों के संबंध में सुनवाई की जा सके। साउथ अफ्रीकन कमीशन ऑफ इन्क्वायरी इनटू स्टेट कैप्चर की पहली रिपोर्ट मंगलवार शाम को सार्वजनिक की गई थी। इससे पहले कार्यवाहक चीफ जस्टिस रेमंड जोंडो ने देश के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को यह रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि गुप्ता भाइयों का जुमा पर खासा प्रभाव था और उन्होंने देश से भागने से पहले सरकारी उपक्रमों से अरबों रैंड राशि लूट ली थी।

रिपोर्ट में कहा गया है, आयोग के पास उपलब्ध सबूतों में सरकारी उपक्रमों से सार्वजनिक निधि हथियाने की गुप्ता भाइयों की सोच-समझकर बनाई गई रणनीति के बारे में बताया गया है। इसमें बताया गया है, उन्होंने सरकारी उपक्रमों (एसओई) और सरकारी संचार सूचना सेवा (जीसीआईएस) जैसे सरकारी विभागों में ऐसे सहायक तैनात करने का प्रयास किया, जो यह सुनिश्चित करें कि ए संस्थान टीएनए में लाखों रैंड निवेश करें। रिपोर्ट में कहा गया है, पूर्व राष्ट्रपति जुमा पर उनका (गुप्ता भाइयों का) काफी प्रभाव था। जब एक अच्छे और सिद्धांतवादी लोकसेवक ने उनके मीडिया कारोबार को समृद्ध बनाने के लिए लाखों रैंड की सार्वजनिक रकम दिए जाने की उनकी मांग को अस्वीकार कर दिया, तो उन्होंने सुनिश्चित किया कि उस लोकसेवक को पद से तत्काल हटा दिया जाए। दरअसल गुप्ता बंधुओं ने जीसीआईएस के प्रमुख थेम्बा मासेको पर टीएनए के लिए 60 करोड़ रैंड का बजट निर्धारित करने के लिए दबाव बनाने की कोशिश की थी, लेकिन मासेको ने उनका विरोध किया, जिसके बाद मासेको को जुमा के निर्देश पर बर्खास्त कर दिया गया था। रिपोर्ट में बताया कि जुमा ने मासेको को हटाकर मज्वानेने मानई को तैनात किया, जिनके कार्यकाल में टीएनए में लाखों रैंड खर्च किए गए, जबकि समाचार पत्र के पाठकों और बिक्री के बारे में कोई विश्वसनीय जानकारी नहीं थी। आयोग ने यह भी पाया कि एसओई में बोर्ड के कुछ सदस्यों सहित वरिष्ठ अधिकारी भी टीएनए को बड़ी रकम के अनियमित हस्तांतरण में शामिल थे।

## उत्तरी नाइजीरिया में बंधक बनाए गए बच्चों सहित कम से कम सौ लोग रिहा

**अबुजा (नाइजीरिया)।** उत्तर पश्चिम नाइजीरिया में सशस्त्र समूहों द्वारा दो माह से अधिक समय पहले बंधक बनाए गए कम से कम सौ लागों को रिहा कर दिया गया है। इनमें अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। जामफारा राज्य के पुलिस प्रमुख अयूब एल्काना ने मंगलवार को बताया कि रिहा किए गए 97 लोगों में 19 शिशु और 12 से अधिक बच्चे हैं। इनमें से अधिकतर के कपड़े फटे-पुराने थे और इन लोगों के पैरों में जूते चप्पल आदि नहीं थे। बच्चे कुपोषित प्रतीत हो रहे थे और कपड़े की सहायता से माताओं ने अपने बच्चों को पीठ पर बांधा हुआ था। पुलिस ने बताया कि बंधकों को सशस्त्र गुटों के ठिकानों पर की गई संयुक्त कार्वाई के बाद सोमवार को बिना किसी शर्त रिहा कराया गया। ए समूह दूर दराज के इलाके के लोगों को आतंकित करते हैं। इन लोगों को इनके घरों और जामफारा तथा पड़ोसी राज्य सोकोटो में राजमार्ग से अगवा किया गया था।

# गर्म कपड़ों का दौर

इस साल गर्म और टिकाऊ विकल्पों के साथ अपनी सर्वश्रेष्ठ पोशाक बनाएं। पेश है **खुशबू कीर्ति** की सलाह....









यह आधिकारिक तौर पर वर्ष का वह समय है जब आप रात में पिघलने और दिन में जलने में सक्षम होते हैं। बहुत ज्यादा? खैर, जब हम एक बहुत ही नई शुरुआत कर रहे हैं, 2022 के आगमन के साथ, यह उचित समय है जब हम गर्म लेकिन फैशनेबल विकल्प चुनें। फैशन के धीमे चलन के साथ, हमें खुशी है कि लोग पर्यावरण के अनुकूल विकल्प बना रहे हैं, जबकि स्टाइल से समझौता नहीं कर रहे हैं।

हमारे जीवन और हमारी अलमारी में रंग, शैली और आनंद जोड़ने में कभी देर नहीं होती। और इसलिए, यहां उन सर्वश्रेष्ठ ब्रांडों द्वारा गर्म विकल्पों की एक स्मार्ट सूची दी गई है जो चाहते हैं कि आप अपना ए-गेम तैयार करें-

**यूनाइटेड कलर्स ऑफ़ बेनेटन द्वारा लॉन्ग कोट:** व्यावहारिक रूप से आप जो कुछ भी डालते हैं - कपड़े, स्कर्ट, जींस, एथनिक - टाई-अप के साथ लैपल कोट ठंड के मौसम में आपका सबसे अच्छा दोस्त है। लंबा विकर्ण ऊनी कपड़ा न केवल अत्यंत स्तरित और अंदर से पंक्तिबद्ध होता है, बल्कि त्वचा पर भी बहुत चिकना होता है। कंधे पर पफ विवरण एक आकर्षक दिखता है और एक ही समय में एक पेशेवर स्पर्श देता है। इसकी शैली के पूरक बटनों के साथ, कोई भी बेल्ट का उपयोग करना चुन सकता है या इसे खुला रख सकता है, जिसमें स्लैक और बूट के साथ एक पोशाक दिखाई दे रही है।

एक अन्य विकल्प स्टाइलिश सॉलिड कोट विद वेल्ट पॉकेट्स है। ऊनी कोट ए-लाइन फिट है और डबल ब्रेस्टेड है। अंदर की मोटी परत इसे गर्म और आरामदायक बनाती है। लैपल / नेक पर स्टिच डिटेल केवल लुक को बढ़ाता है।

**जयपोर द्वारा हाथ से बुने हुए ऊन:** जटिल मिरर-वर्क के साथ ब्लैक हैंडवॉवन भुजोड़ी वूल शॉल आपके पारंपरिक परिधान में जोड़ा जाने वाला प्रमुख सौंदर्य तत्व है। सिल्क सूट हो, साड़ी हो या लहंगा, ड्रेप्ड शॉल गर्मजोशी और स्टाइल दोनों देगा। टिकाऊ फैशन विकल्प बनाने पर एक जीत, मेरिनो-वूल शॉल गुजरात के कच्छ क्षेत्र के वानकर प्रताप के पुरस्कार विजेता कारीगर परिवार द्वारा दस्तकारी की जाती है। भुजोड़ी के 500 साल पुराने शिल्प को ध्यान से इस दीप्तिमान शॉल में बुना गया है, जिसमें भगवान शिव के डमरू से प्रेरित एक आकृति शब्दावली है।

**यूनीक्लो पर जैकेट:** हल्के वजन की जैकेट, आकर्षक रंगों में, एक ट्रेंडी डिज़ाइन है जिसकी इस सर्दी में ज़रूरत है! विरोधी गोल कॉलर के साथ, ये जैकेट पानी प्रतिरोधी हैं और सक्रिय पहनने के लिए आदर्श हैं। गोल कॉलर मौजूद एक फूला हुआ और समोच्च आकार बनाता है।

उनकी वुमन अल्ट्रा लाइट डाउन वेस्ट, जैसा कि नाम से पता चलता है, अल्ट्रा-वार्म और लाइट है। आप कितना गर्म होना चाहते हैं, इसके आधार पर इसे आंतरिक और बाहरी दोनों तरह से पहना जा सकता है! फिर भी, यह किसी भी चीज़ और हर चीज़ से अच्छी तरह मेल खाता है।

यूनीक्लो वीमेन एक्स्ट्रा फाइन मेरिनो रिब्ड टर्टलनेक स्वेटर एक चिकना, बॉडी-हगिंग रिब्ड निट है। यह वक्रों को समतल करता है और मिश्रण और मिलान करना आसान है। स्वेटर अकेले बहुत अच्छा लगता है या पार्क के साथ जोड़ा जाता है।

**दालचीनी कोआर्ड सेट:** कौन कहता है कि लेयरिंग करते समय आपको स्टाइल से समझौता करना पड़ता है?

ये पर्यावरण हितैषी और रंगीन को-ऑर्ड सेट रात और दिन दोनों के लिए फिट हैं, कैजुअल और प्रोफेशनल लाइफस्टाइल दोनों के लिए उपयुक्त हैं।

दालचीनी एंब्रोसिया के साथ फास्ट फैशन को ना कहें - उनका टिकाऊ थ्री-पीस जो इस नए साल में आपकी स्टाइलिंग को ऊंचा करने के लिए तैयार है।

**पश्मीना बाय लूम्स ऑफ लद्दाख:** एक और स्थायी विकल्प,

लग्जरी को-ऑपरेटिव ब्रांड, लूम्स ऑफ लद्दाख ने अपने विंटर कलेक्शन में नए जोड़े पेश किए हैं।


लद्दाखी संस्कृति की प्रामाणिकता की ओर इशारा करते हुए, ये नरम पश्मीना शॉल, विभिन्न रंगों में, एक उपयोगितावादी उद्देश्य के लिए कपड़े हैं।

उनका प्रबंधन चरवाहे-कारीगर सदस्य मालिकों की भागीदारी देखता है। चांगथांग के चांगपा सदियों पुरानी जीवन शैली के संरक्षक हैं जो पश्मीना बकरियों और याक के अपने झुंड के साथ पारगमन का अभ्यास करते हैं।

रंग, आकर्षक डिजाइन, आकर्षक प्रिंट के इन स्ट्रोक्स को बाहर कदम रखने और सैनिक कोविड और ठंड का सही बहाना बनने दें! आइए इस वर्ष अपने शीतकालीन वार्डरोब को बोल्ड, सुंदर और आशावादी बनाएं।

# वंडर ऑफ इंडिया प्रदर्शनी

एनवाईसी में डीएजी की वंडर ऑफ इंडिया प्रदर्शनी आधुनिक और समकालीन कला प्रथाओं की दुनिया में देश के विकास के बारे में है। बता रही हैं **उमा नायर**



न्यूयॉर्क में चल रही डीएजी की वंडर ऑफ इंडिया प्रदर्शनी आधुनिक और समकालीन कला प्रथाओं की दुनिया में भारत के विकास के बारे में है।

डीएजी के क्यूरेटर और उपाध्यक्ष, किशोर सिंह के अनुसार, प्रदर्शनी देश और उसके लोगों के पहले विचारों की पड़ताल करती है, कला अभ्यास का एक सिद्धांत जिसे कंपनी पेंटिंग के रूप में जाना जाता है, चंचल भोलेपन की स्थानीय भाषा विकसित करना, प्रभाववाद और अभिव्यक्तिवाद से आंदोलन एक भारतीय लेंस के माध्यम से घनवाद और आदिमवाद के लिए, और अपने पारंपरिक अतीत की प्रतिक्रिया के रूप में अमूर्तता, एक चयन में जो 19 वीं और 20 वीं शताब्दी में भारत भर के कला केंद्रों में आधुनिकता के विविध पहलुओं की पुष्टि करता है।

प्रतिभाशाली तानिया दास गुप्ता द्वारा डिज़ाइन की गई एक कैटलॉग में इस कैटलॉग में सरासर सुंदरता, पुरानी यादों की डली और विचार करने के लिए बहुत कुछ है। प्रोसेंटो दास द्वारा एक नाव की एक मूडी ग्राम छवि के साथ शुरू करें जो खुशी के छिपे हुए अंगारे और शांत पानी पर जादू की भयावहता को दूर करती है। इसकी बहुत ही सरलता और उपचार में इसकी गहराई का घनत्व आकर्षक है।



जैमिनी रॉय का अंतिम भोज बाइबिल और ईसाई धर्म के प्रतीकवाद से एक जादुई क्षण है। रॉय की समझ और तकनीक और कथा का उनका अनुवाद - यीशु और उनके शिष्यों को गोरे लोगों से संथाल में बदलने के लिए कहानी कहने की शक्ति और कहानी कहने की सुंदरता में एक बयान है।

परितोष सेन की दो रचनाएँ रचना नियंत्रण में उनकी प्रतिभा के दुर्लभ प्रमाण हैं। एक जल वाहक के रूप में उनकी महिला और एक जोड़े के उनके सारगर्भित अध्ययन दोनों में एक कमजोर गुंजयमान कार्यकाल है जिसे आप याद नहीं कर सकते हैं। एक दुर्लभ खुशी 1950 के दशक में कला प्रथाओं के मूड में बनाई गई बीरेन डे की प्रारंभिक लाक्षणिक संगीतकार 1 है। समोच्च रंग के उनके संचालन ने इस मास्टर के लिए आविष्कारशील मुहावरों का अपना कोटा बनाया, जो देश में भारत के बेहतरीन अमूर्तवादियों में से एक बन गया।



चित्तोप्रसाद की दो स्याही का पीस डे रेजिस्टेंस काम करता है जो बंगाल अकाल की मानवीय स्थिति और तबाही की पीड़ा का अनुवाद करने के लिए उनके जुनून के करिश्मे और नियंत्रित रचनात्मक प्रतिभा को दर्शाता है।

''शक्तिशाली और भावपूर्ण, व्यंग्य की उनकी कला उत्पीड़ित जनता के पक्ष में और शासक वर्ग की निंदा के रूप में एक बयान के रूप में उभरी। एक आत्म-सचेत, चिंतनशील गवाही के रूप में, इस अवधि के चित्र और कैरिकेचर के खिलाफ एक जोरदार चिल्लाहट थी। वर्चस्व का अत्याचार और मौजूदा परिस्थितियों का अभियोग। कटु हास्य के मूल में एक करुणामय मानवतावाद था और उनकी छवियां अनिवार्य रूप से श्रमिक गरीबों और हाशिए के लोगों की ओर से एक अपील थीं।''

इन दो कार्यों में पाथोस के चित्र हमें वापस देखते हैं। वे उस तबाही की भयावहता को भी घर ले जाते हैं जिसके कारण गांवों और शहर के फुटपाथों पर हजारों लोगों की मौत हो गई थी। ये चित्र एक दृश्य उपन्यास की तरह हैं; वे बताते हैं कि कैसे ये असहाय लोग बिना भोजन या पोषण के रहते थे और कैसे वे जीवित कंकालों में सिमट गए। चाहे वह एक महिला को - जमीन पर लेटे हुए खींचे, जबकि अन्य, बच्चों सहित, उसे घेर लेते हैं क्योंकि वह एक धीमी मौत या यहां तक कि एक पुरुष और एक महिला की मृत्यु हो जाती है, यह निराशा की गहरी गहराई है। लेकिन यह भीड़ के उनके चित्र हैं जो आपके दिलों को लुभाते हैं और खींचते हैं, वे उदासी और कयामत की मनोदशा को दर्शाते हैं और कैसे अज्ञात प्राणी भी त्रासदी में साथी बन गए।

रूपरेखा और दृष्टिकोणों का अनुपात दर्शाता है कि एक शक्तिशाली ड्राफ्ट्समैन चित्तप्रसाद क्या थे। तीव्र दुःख और निराशा के बंधन में लोगों को फिर से बनाना उत्पीड़ितों के लिए जुनून और गहरे प्रेम का कार्य प्रतीत होता था। वह एक विपुल कलाकार थे और एक महिला अपने बच्चे को दूध पिलाती हुई उनकी विलक्षण गौचे, जबकि एक युगल सब्जियां बेचता है, यह साबित करता है कि उन्होंने यथार्थवादी शैली में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और एक रचना में अतियथार्थवाद के बारीक तत्वों को समझा।

# मिलन श्रृंखला

## स्पिक मैके ने अभिनेत्री **शर्मिला टैगोर** के साथ फिल्म देवी के फिल्म स्क्रीनिंग सत्र के साथ वर्ष का समापन किया

स्पिक मैके ने अभिनेत्री और पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित शर्मिला टैगोर द्वारा प्रस्तुत एक सुंदर कार्यक्रम के साथ वर्ष 2021 के लिए 'रेंडीज़वस सीरीज़' कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन किया। वह स्पिक मैके की साप्ताहिक सिनेमा क्लासिक्स श्रृंखला के तहत अपनी फिल्म देवी (1972) की स्क्रीनिंग के बाद युवा छात्रों से बात करती हैं। उन्होंने अपनी फिल्मी यात्रा, फिल्म में अपनी भूमिका और प्रसिद्ध निर्देशक सत्यजीत रे के साथ अपने जुड़ाव के बारे में बात की।

भारतीय क्लासिक्स के खजाने, पुराने जमाने के समाज का दर्पण अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और बुद्धिमत्ता का एक आदर्श मिश्रण है।

देवी रे की 1960 की बंगाली ड्रामा फिल्म है, जिसमें टैगोर और सौमित्र चटर्जी ने अभिनय किया है। यह प्रोवतकुमार मुखोपाध्याय की एक लघु कहानी पर आधारित है। देवी शीर्षक का अर्थ है 'देवी'।

19वीं सदी के बंगाल में और अंध विश्वास और तर्कसंगतता के चौराहे पर स्थापित भूतिया देवी, टैगोर की पहली प्रमुख भूमिका थी। उमाप्रसाद अपनी पत्नी दोयामोयी को बचाने की कोशिश करता है क्योंकि उसके पिता का मानना है कि दोयामयी देवी दुर्गा का अवतार है और उसकी पूजा करता है लेकिन त्रासदी के हमलों के रूप में उसे वापस लाने में विफल रहता है। कहानी पितृसत्तात्मक समाज में धार्मिक हठधर्मिता पर एक अच्छा हमला है, और छात्रों के लिए ऑनलाइन माध्यम से 31 दिसंबर, 2021 को लाइव टेलीकास्ट किया गया था।

स्क्रीनिंग के बाद अभिनेत्री के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र हुआ, जिसे बेगम आयशा सुल्ताना खान के नाम से भी जाना जाता है।

यह सब कोविड लॉकडाउन के कारण शुरू हुआ, जब स्पिक मैके ने अपनी गतिविधियों को ऑनलाइन करना शुरू किया। यह प्रेरणा के समग्र वैकल्पिक स्रोत प्रदान करते हुए, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई और छात्रों तक पहुंचने का अवसर भी बन गया। सिनेमा ने हमेशा हम में से बहुतों को आकर्षित किया है और अच्छा सिनेमा एक ऐसी चीज है जिसे बहुत कम उम्र में देखने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह तब विभिन्न संस्कृतियों और दृष्टिकोणों से युवा मन को उजागर करते हुए स्वस्थ मूल्यों को प्रदान करने के अलावा अच्छे स्वाद और सौंदर्यशास्त्र की नींव रखने में मदद करेगा।

'सिनेमा क्लासिक्स मॉड्यूल में, स्पिक मैके युवा छात्रों को सार्थक और अच्छी तरह से तैयार की गई फिल्मों से परिचित कराता है; उनकी सिनेमाई प्रशंसा में सुधार होता है, और वे सिनेमा की क्षमता को समझते हैं, जिससे यह एक कला के स्तर तक बढ़ जाता है', कन्नड़ फिल्म निर्माता और 14 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेता गिरीश कसारा वल्ली की सराहना की।

पिछले डेढ़ साल से, स्पिक मैके ने सिनेमा क्लासिक्स मॉड्यूल को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया है और अब तक 68 फिल्मों को प्रदर्शित करने में सक्षम है, जिसमें 20 भाषाओं (क्षेत्रीय भारतीय, अंग्रेजी, हिंदी, जापानी, स्वीडिश, तिब्बती, ईरानी) की फिल्में शामिल हैं।, और इसी तरह) और 35 निदेशक। वे फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद प्रतिभागियों के साथ फिल्म पर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञों (फिल्म निर्माताओं, राष्ट्रीय पुरस्कार आलोचकों, फिल्म संकाय, आदि) को आमंत्रित करने में सक्षम रहे हैं। इस प्रक्रिया में, वे इस श्रृंखला के माध्यम से 30,000 से अधिक छात्रों तक पहुंचने में सफल रहे हैं। भारतीय और विश्व सिनेमा की ऐसी अनुकरणीय कलाकृतियों की स्क्रीनिंग मॉड्यूल के तहत नियमित रूप से अगस्त, 2020 से हो रही है।

मॉड्यूल के तहत, चार्ली चैपलिन, अकीरा कुरोसावा, विटोरियो डी सिका, सत्यजीत रे, रिचर्ड एटनबरो, अदूर गोपालकृष्णन जैसे प्रसिद्ध फिल्म निर्माताओं द्वारा चयनित फिल्मों की स्क्रीनिंग, जो न केवल कलात्मक खजाने हैं, बल्कि मानव अनुभव के विभिन्न पहलुओं में महान सबक हैं। विभिन्न स्कूलों और देश भर के छात्रों के दर्शकों के लिए हर हफ्ते आयोजित किया जाता है।

मॉड्यूल का प्रारूप युवाओं को सिनेमा के शक्तिशाली माध्यम के माध्यम से उनके और भारत और दुनिया की सांस्कृतिक विरासत के बीच की खाई को पाटने में मदद करता है।

देश भर के स्कूलों और कॉलेजों के लिए आयोजित कार्यक्रमों की साप्ताहिक श्रृंखला के हिस्से के रूप में और स्पिक मैके द्वारा प्रायोजित, मेजबान संस्थानों के लिए मुफ्त में, स्पिक मैके द्वारा प्रत्येक सप्ताह के अंत में आयोजित किए जाने वाले साप्ताहिक कार्यक्रमों की सूची निम्नलिखित है:

**सिनेमा क्लासिक्स फिल्म स्क्रीनिंग के बाद बातचीत** - प्रत्येक शुक्रवार शाम 6 बजे

**जीएमएस** - भारतीय शास्त्रीय कला के एक महान गुरु के शिष्य के साथ बातचीत के बाद संगीत कार्यक्रम का प्रसारण - प्रत्येक शनिवार, दोपहर 3 बजे

**मिलन स्थल** - लाइव कॉन्सर्ट मॉड्यूल और उसके बाद बातचीत - प्रत्येक शनिवार, शाम 6 बजे

**फोक / क्राफ्ट टॉक सीरीज़** - टॉक मॉड्यूल या लोक कला या शिल्प का परिचय- प्रत्येक रविवार, दोपहर 12 बजे

विशेषज्ञ सुविधा के साथ इस तरह के मास्टर पीस के शुरुआती प्रदर्शन में युवा दिमाग को बेरोज़गार आयामों में प्रबुद्ध करने और रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रेरित करने की क्षमता है। इस मॉड्यूल को आगे बढ़ाते हुए, वे सहायक संस्थानों की तलाश जारी रखते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कई समर्पित स्वयंसेवकों को ढूंढते हैं कि प्रत्येक बच्चे को ऐसे अनुभवों से प्रेरणा महसूस करने का अवसर मिल सके।

# दस्तकारी हाट : शिल्प बाजार

**दस्तकारी** हाट द्वारा कृषि और कला - किसान और कारीगर पर एक विशेष शिल्प बाजार और प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह भारत के कृषक समुदाय और शिल्पकारों के बीच गहरे संबंध को दर्शाएगा। कृषि और कला पर आधारित प्रदर्शनी में पहुंचने वाले कारीगर उत्साही हैं और उन्होंने अपने सबसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्रदर्शित करने का वादा किया है।

डीडीएमए के नियमों के अनुसार, 50 प्रतिशत अधिभोग होगा और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए। कृपया अपने मास्क पहनें। यह सलाह दी जाती है कि शुरुआती दिनों में ही यात्रा करें, अगर यह एक या दो सप्ताह के बाद बंद हो जाता है। कुशल कारीगरों के कार्यों का पता लगाने का अवसर न चूकें।

**कब :** 15 जनवरी तक, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक
**कहां पे :** दिल्ली हाट, आईएनए मार्केट के पास
श्री अरबिंदो मार्ग, नई दिल्ली - 110023।